सूर्योदय : 5:47
सूर्यास्त : 6:27
अधिकतम तापमान : 35.4
न्यूनतम : 21.6

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-292 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026
25 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# नोएडा में मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन

## ■ कई गाड़ियां जलाई, तोड़फोड़ और पथराव से बिगड़े हालात



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत मजदूर-कर्मचारियों का प्रदर्शन हिंसक हो गया। सड़कों पर उतरे श्रमिकों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ से लेकर आगजनी तक की घटनाओं को अंजाम दे डाला। नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक भयंकर जाम के हालात हैं।

कर्मचारी और श्रमिक वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले कई दिनों से जारी ये आंदोलन हिंसा में बदल गया। गुरुग्राम से शुरू ये विरोध नोएडा औद्योगिक क्षेत्र तक फैल गया। हालांकि गुरुग्राम में न्यूनतम वेतन में बढ़ोत्तरी के बाद अब नोएडा में कर्मचारी मजदूरी बढ़ाने पर अड़े हैं। सोमवार को हालात तब बिगड़ गए जब कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। नोएडा सेक्टर 62 स्थित मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा काटा। गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। कई वाहनों में आग लगा दी गई।

उग्र प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास करने पर उन्होंने पुलिस पर भी पथराव किया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि इस बार उनकी वेतन बढ़ोतरी मात्र ढाई सौ से तीन सौ रुपये की गई है, जो महंगाई के मुकाबले काफी कम है। उनकी मांग है कि न्यूनतम वेतन 18 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। मजदूरों का आरोप है कि वर्तमान में नोएडा की फैक्ट्रियों में औसत वेतन 10-15 हजार रुपये के बीच है। जिसमें गुजर-बसर करना मुश्किल है।

वहीं, एनसीआर क्षेत्र में निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को लगभग 700 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जो महीने में करीब 21 हजार रुपये के बराबर होता है। कई औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनियों के बाहर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा जैसे बड़े औद्योगिक केंद्र में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन से औद्योगिक शांति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन अब मजदूरों और कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है।

### अखिलेश यादव-अजय राय श्रमिकों के समर्थन में उतरे



**नोएडा :** समाजवादी पार्टी सपा और कांग्रेस ने सोमवार को नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों द्वारा किए गए हिंसक विरोध-प्रदर्शन के लिए भाजपा की सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर श्रमिकों द्वारा किए गए हिंसक विरोध-प्रदर्शन के लिए भाजपा सरकार की 'एकतरफा नीति' को जिम्मेदार ठहराया। वहीं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोएडा में 'मदरसन' कंपनी के बाहर की तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। जब महंगाई कमर तोड़ रही हो और वेतन के नाम पर मजदूरों का शोषण हो रहा है, तो युवा सड़क पर उतरने को मजबूर होगा ही।

### तनाव सुलझाने को बनी उच्च स्तरीय समिति

**गौतमबुद्धनगर।** प्रदेश सरकार ने नोएडा में औद्योगिक इकाइयों से जुड़े मुद्दों पर सामंजस्य स्थापित करने और शांति कायम करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आदेश जारी किया है। शासन के प्रमुख सचिव डॉक्टर एमके शन्मुगा सुंदरम की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त होंगे, जबकि अपर मुख्य सचिव (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग) तथा प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन विभाग) उसके सदस्य नामित किये गये हैं। अतिरिक्त सदस्य सचिव के रूप में श्रम आयुक्त को नामित किया गया है।

हरिशंकर उप्रेती

हालात को देखते हुए पूरे इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारी कर्मचारियों को शांत करने में जुटे हैं। नोएडा डीएम पहले ही स्पष्ट कर चुकी हैं कि इस संबंध में कंपनीज के साथ बैठकें चल रही हैं। उन्होंने कई बिंदुओं का पालन कराने के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। लेकिन कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी से कम पर हटने को तैयार नहीं है।

# महिला सशक्तिकरण : जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए योजना बना रही सरकार

**नारी शक्ति वंदन सम्मेलन**

## ■ एक नया इतिहास रचने के करीब देश की संसद : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार महिलाओं के सही मायने में सशक्तिकरण के लिए जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए विशेष योजनाएं बना रही है और उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। पीएम मोदी ने गुरुवार को संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने से पहले उसकी पृष्ठ भूमिका में यहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन चक्र के हर पड़ाव के लिए योजनाएं बनाई, उन्हें सफलतापूर्वक लागू किया है।'

उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर संविधान सभा के निर्णयों तक स्वतंत्र भारत की नींव रखने में भारत की नारीशक्ति ने असीमित योगदान दिया है और देश में महिला नेतृत्व का एक बेहतरीन उदाहरण पंचायती राज संस्थाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार प्रगतिशील समाज की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से अनेक छोटे बड़े कदमों से महिलाओं को सशक्त बना रही है। महिला आरक्षण विधेयक के जरिये महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में भी एक तिहाई आरक्षण देकर अब देश महिलाओं को सशक्त बनाकर लोकतंत्र को भी नये तरह से सशक्त बनाने जा रहा है। पीएम ने सम्मेलन में मौजूद नारी शक्ति को विश्वास दिलाया कि सरकार उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, 'मैं सबको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि देश उनकी आकांक्षाओं को समझता है और उन्हें पूरा करने के लिए कदम उठा रहा है।' पीएम मोदी ने महिलाओं से अपील की कि वे महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए सभी सांसदों को विश्वास में लें और उन्हें इसके समर्थन में तैयार करें।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में हुई चर्चा को भी देश के कोने कोने तक हर महिला तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'महिलाएं सांसदों से मिलकर अपना पक्ष रखें और अपनी आकांक्षा रखें।'



### नारी शक्ति ने नई ऊंचाइयों को छुआ : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज महिलाएं उन क्षेत्रों में भी बुलंदियों को छू रही हैं जहां कभी पुरूषों का एकाधिकार माना जाता था। देश की नारीशक्ति ने अपने परिश्रम, साहस और आत्मविश्वास से नई ऊंचाइयों को छुआ है। अब हमें मिलकर इस शक्ति को नयी ऊर्जा देनी है उसके लिए अवसरों का और विस्तार करना है।

# सीएम योगी ने दिए निर्देश, नोएडा में उग्र प्रदर्शन पर सरकार की पैनी नजर

## ■ एडीजी अमिताभ यश ने भी ली जानकारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में कर्मचारियों के व्यापक विरोध प्रदर्शन को लेकर लखनऊ से पैनी नजर रखी जा रही है। सरकार के स्तर पर कर्मचारियों के प्रदर्शन को लेकर पहले ही निर्देश जारी किए गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में गौतमबुद्धनगर के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। डीएम मेधा रूपम के स्तर पर कर्मचारियों को उचित सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। इसके बाद भी नोएडा में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इसको देखते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण की ओर से शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर बनाई गई है। किसी भी प्रकार से शहर में अराजकता की स्थिति न उत्पन्न हो इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण और एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम से नोएडा के हालात पर नजर रखी। वे लगातार कंट्रोल रूम से स्थिति की निगरानी करते रहे। साथ ही, एडीजी कानून व्यवस्था ने स्थानीय प्रशासन के साथ संपर्क बनाए रखा। पल-पल की रिपोर्ट कंट्रोल रूम में ली गई। नोएडा में कर्मचारियों के प्रदर्शन के कारण पूरा एनसीआर अस्त-व्यस्त हो गया। दिल्ली से लेकर गाजियाबाद तक प्रदर्शन का असर दिखा। मेरठ एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे, एनएच-9 और दिल्ली जाने वाली सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई।

### डीजीपी के तेवर सख्त



आगजनी और पथराव के मामलों को लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण का सख्त तेवर सामने आया है। उन्होंने नोएडा कमिश्नरेट को इस मामले में उपद्रवियों की पहचान के आदेश दिए हैं। आगजनी और तोड़फोड़ के वायरल हो रहे वीडियो और फोटो से उपद्रवियों की पहचान की जाएगी। उनके खिलाफ पुलिस का सख्त एक्शन तय माना जा रहा है। सरकार और प्रशासन के कर्मचारियों के समर्थन वाले रवैये के बाद भी विरोध प्रदर्शन को साजिश के तहत देखा जा रहा है। पुलिस की ओर से एक्शन प्लान जल्द जारी हो सकता है। डीजीपी के सख्त रुख को भी इसी से जोड़ा जा रहा है।

## सीमेंट मिक्सर ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 11 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कल्याण में भीषण सड़क हादसा पेश आया है। यहां सोमवार को कल्याण-अहिल्यानगर हाईवे पर एक सीमेंट मिक्सर ट्रक ने इको कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और अंदर बैठी सवारियों को संभलने तक का मौका भी नहीं मिला। हादसा हाईवे पर बने एक पुल के पास पेश आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की।

# पंचतत्व में विलीन हुईं आशा भोसले

**मुंबई।** सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर...' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई।

आशा का रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं। आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्मफेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते। उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार से पहले सोमवार सुबह आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई स्थित उनके निवास 'कासा ग्रांडे' में रखा गया। सचिन तेंदुलकर, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख सहित कई सेलेब्स उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।

# आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन का उद्घाटन



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां जनभवन में 05.17 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आदर्श माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर 'हमारा जनभवन' पुस्तक का विमोचन किया गया और स्कूल बस की चाभी प्रधानाचार्य व वाहन चालक को प्रदान की गयी।

राज्यपाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में शिक्षा, महिलाओं के उत्थान एवं अनेक जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में जनभवन में पूर्व में स्थापित प्राथमिक विद्यालय को एक आदर्श माध्यमिक विद्यालय के रूप में स्थापित करने का कार्य किया गया है। इस विद्यालय में गरीबों के बच्चे व जनभवन में कार्यरत कार्मिकों के बच्चे आधुनिक, संस्कारयुक्त व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों की संख्या बढ़कर साढ़े चार सौ तक पहुंची गयी है, जिसे हमें एक हजार तक लेकर जाना है। यदि हम अच्छी परम्पराएं विकसित करेंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ी अच्छी व संस्कारवान बनेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'अमन्त्रमक्षरं नास्ति नास्ति मूलमनौषधम्, अयोग्यः पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः' अर्थात ऐसा कोई अक्षर नहीं हैं जिसमें मन्त्र शक्ति ना हो, ऐसा कोई पौधा नहीं है जिसमें औषधीय गुण न हो तथा ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसमें योग्य बनने की सामर्थ्य न हो, लेकिन उसके लिये योजक चाहिए। योजक के रूप में राज्यपाल जी की भूमिका हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श माध्यमिक विद्यालय जनभवन, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के लिये एक मॉडल बनकर सामने आया है। इस विद्यालय का भव्य भवन, अच्छी लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, बच्चों की प्रतिभा व उनका आत्मविश्वास सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।



# आम लोगों के लिए दिन पर दिन जटिल होती जा रही है जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** शहर में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया आम लोगों के लिए दिन पर दिन जटिल होती जा रही है। बच्चे के जन्म के बाद यदि अभिभावक 21 दिनों के भीतर नगर पालिका में आवेदन कर देते हैं तो प्रमाण पत्र अपेक्षाकृत आसानी से बन जाता है। लेकिन निर्धारित समय सीमा पार होते ही प्रक्रिया कठिन और लंबी हो जाती है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में एसडीएम के यहां करीब 1500 जन्म प्रमाण पत्र की फाइलें लंबित पड़ी हुई हैं। 21 दिन बीत जाने के बाद जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ कार्यालय का सहारा लेना पड़ता है वहीं, यदि एक वर्ष से अधिक समय गुजर जाता है तो मामला सीधे एसडीएम कोर्ट तक पहुंच जाता है, जहां से ही प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इस प्रक्रिया में आवेदकों को कई तरह के दस्तावेज जमा करने होते हैं। नगर पालिका से निर्धारित फॉर्म भरने के बाद टीकाकरण से संबंधित प्रमाण, बच्चे के जन्म का साक्ष्य, दो गवाहों के बयान और तीन शपथ पत्र एफिडेविट जैसे दस्तावेज लगाना अनिवार्य होता है। इसके बाद ही आवेदन एसडीएम कोर्ट में जमा किया जाता है। लोगों का कहना है कि यदि सभी प्रक्रियाएं सही तरीके से पूरी कर ली जाएं और समय-समय पर फॉलोअप किया जाए तो प्रमाण पत्र जल्दी बन सकता है, अन्यथा इसमें महीनों से लेकर वर्षों तक का समय लग जाता है।

## महिला और उसकी बेटी के साथ घर में घुसकर मारपीट का मामला आया सामने

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के एक घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दोनों को घायल कर दिया, जिसमें किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अमकोटवा निवासी दिनेश कुमार पुत्र रामचन्द्र ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि 12 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे वह घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान विपक्षी शोभित पुत्र रामप्रकाश, कमला देवी पत्नी रामप्रकाश निवासी बिलिहान बाना फूलबेहड़ और एक अन्य महिला उनके घर पहुंच गए आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने घर में मौजूद दिनेश कुमार की पत्नी गीता देवी और पुत्री नमिता देवी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही दिनेश कुमार ने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां नमिता देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे होश नहीं आया है। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय के महानायकः प्रो. सुभाष चन्द्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने विषय प्रवर्तन करते हुए, बाबा साहेब के जीवन एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि डॉ. आंबेडकर केवल दलितों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। उन्होंने लोगों को शिक्षित बनने, संगठित रहने एवं संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में प्रो. सौरभ



कुमार सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. आंबेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं एक सक्रिय राजनीतिक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने ऐतिहासिक कार्यों के माध्यम से पीड़ित एवं वंचित समाज को बराबरी का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम से जुड़े समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संविधान में वर्णित वैज्ञानिक सोच को विकसित करने पर विशेष बल दिया तथा युवाओं को समसामयिक समस्याओं के समाधान हेतु डॉ. आंबेडकर के विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा- [illegible] कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति का वंदन और सशक्तिकरण की शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक परिषद की संयोजक प्रो. नीलम त्रिवेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद् ज्ञापित किया।इस अवसर पर प्रो. ज्योति पंत, प्रो. एस.के. पाण्डेय, प्रो. सत्यनाम, डा. धर्म नरायण, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. ब्रजेश शुक्ला, डॉ. मानवेंद्र यादव, डॉ. अमित सिंह, डॉ रचित कुमार, डॉ. सौरभ वर्मा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्म उत्सव का प्रसंग सुनते ही पंडाल भक्तिमय माहौल में डूबा

**लखीमपुर-खीरी।** ढखेरवा कस्बे में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा में श्रीराम जन्म उत्सव का प्रसंग सुनते ही पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। कथा व्यास कृष्णानंद शास्त्री ने प्रभु श्रीराम के जन्म का अत्यंत भावपूर्ण व रोचक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान जैसे ही श्रीराम जन्म का प्रसंग आया, पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की गई, जिससे माहौल और उल्लासमय बना दिया। साथ ही भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी निकाली गई, जिस पर उपस्थित व्यापारी बंधु व श्रद्धालु थिरकते नजर आए। कथा व्यास ने श्रीराम जन्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए होता है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्यामू अवस्थी, डॉ. मुक्ता प्रसाद वर्मा, अखिलेश वर्मा, प्रमोद वर्मा, बालक राम रस्तोगी, रामू शाक्य तथा हरिओम पाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सहारनपुर पैंथर्स व सहारनपुर एवेंजर्स ने बेहतर प्रदर्शन कर जीते

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गली मोहल्ला कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में सहारनपुर पैंथर्स व सहारनपुर एवेंजर्स ने अपनी बेहतर बल्लेबाजी के बल पर मैच जीत लिये। मैच में विवेक राठौर सचिन वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में बिजनेश लीजेंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 243 रन बनाए। विपुल ने 49 और जीवनजोत ने 46 रन बनाए, जबकि तनु शर्मा ने 3 विकेट लिए। जवाब में सहारनपुर पैंथर्स ने 17 ओवर में 244 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। विवेक राठौर ने 54 गेंदों पर 149 रन की पारी खेली, जबकि कार्तिक शर्मा ने 54 रन बनाए। आमिर ने 2 और विभु ने 1 विकेट लिया। विवेक राठौर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सहारनपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रन बनाए। अंकुर ने 52 और संतोष कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। एवेंजर्स की ओर से नवीन ने 4 और वीरेंद्र ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सहारनपुर एवेंजर्स ने 12 ओवर में 2 विकेट पर 150 रन बनाकर मैच जीत लिया। सचिन वर्मा ने 59 और पीयूष राणा ने 54 रन बनाए। आकाश और आशीष को 1-1 विकेट मिला। सचिन वर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। मैच के दौरान बाबा इंदरप्रीत, राकेश रस्तोगी, शुभम, बलविंदर, मनोज, दीपक चौधरी, वरुण शर्मा, मंसूर, जावेद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। यूपीसीए चौलेंजर कमेटी के सदस्य साजिद उमर, सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन से लतीफ उर रहमान, डॉ. संजीव विरमानी, डॉ. उत्कर्ष और डॉ. ऋषि पुण्डीर भी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय पर आयोजित किया गया नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना गया ध्यानपूर्वक

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** भाजपा कार्यालय पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से सुना गया,जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया जा रहा था। कार्यक्रम को सुनने के बाद जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित एक बैठक का आयोजन भी किया गया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका उचित अधिकार दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है और यह अधिनियम उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा वे समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें और इस अभियान



को जन आंदोलन का रूप दें।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सम्मान,सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगा। साथ ही कहा वे इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाएं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नारी शक्ति सम्मेलन विधानसभा स्तर पर 6 स्थानों पर आयोजित होंगे। इसके साथ ही नारी शक्ति पदयात्रा, नारी शक्ति दीवार लेखन एवं नारी शक्ति विजन दौड़ जैसे जनजागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस अभियान का संदेश पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान अधिनियम के समर्थन हेतु जारी मिस कॉल नंबर 9667173333 पर उपस्थित महिलाओं द्वारा मिस कॉल कर समर्थन दर्ज कराया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा गया कि वह इस नंबर पर मिस कॉल कर अभियान से जुड़ें और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा, पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, सीमा राठौर, अमिता उपाध्याय, आरती कश्यप, रचना शंखधार, राजवती वर्मा, रजनी मिश्रा, रेनू सिंह, गुड्डी राघव जय साहू, ममता शर्मा, तारावती मौर्य, ममता श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, रेखा उपाध्याय, राना शमीम, रेखा सिंह, बबली शर्मा, नीतू मिश्रा, ममता साहू, प्रेमलता दिवाकर, योगिता रस्तोगी, करुणा सोलंकी, प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहीं।

## तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में एक युवक घायल



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल हाईवे पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया, जबकि कार सवार बाल-बाल बच गए। बांकेगंज-संसारपुर रोड से एक बाइक सवार युवक हाईवे पर अपनी बाइक चढ़ा रहा था। उसी समय खुटार की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार सामने आ गई। अचानक सामने बाइक आ जाने पर कार चालक अरविंद शर्मा निवासी ग्राम विचोला थाना इचौली, मेरठ ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज गति के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इसके बावजूद कार और बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दीपक पुत्र रामअवतार निवासी संसारपुर घायल हो गया।

## तेज धूप और तपन वाली गर्मी से लोगों को हुई परेशानी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पारा एक बार फिर से चढ़ने लगा है। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा। ऐसे में तेज धूप और तपन वाली गर्मी लोगों को परेशान करती रही। तेज धूप के कारण कम लोग ही घरों से निकलें। इससे सड़कों की चहल-पहल गायब रही। मौसम वैज्ञानिक आने वाले समय में तापमान और बढ़ने की संभावना जताकर सोमवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंचना बता रहे हैं रविवार सुबह न्यूनतम पारा 19 डिग्री और अधिकतम पारा 34 डिग्री रिकार्ड हुआ। इसके बाद पारे में तेजी से उछाल आता गया। दोपहर 12 बजे तक पारा 30 डिग्री तक जा पहुंचा। इसी के साथ तपन भी बढ़ती गई। दोपहर तीन बजे तक पारा 34 डिग्री जा पहुंचा जो शाम चार बजे तक स्थिर रहा। ऐसे में तेज धूप लोगों के लिए असहनीय रही। लोग तेज धूप से बचने के छांव की तलाश में लगे रहे। भीषण गर्मी की वजह से बाजार की चहल-पहल तक प्रभावित रही।हालांकि शाम को सूर्य अस्त होने के बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली।

## राधा कुंज मॉर्निंग परिवार ने धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**सहारनपुर।** राधा कुंज मॉर्निंग परिवार द्वारा बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाकर सभी को समाज में एकता और भाईचारा बनाये रखने का संदेश दिया गया। राधा कुंज मॉर्निंग परिवार के तत्वावधान में बैसाखी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीनियर सिटीजन एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। विशेष रूप से प्रेमनाथ देसाई को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सुपनीत सिंह और समाज के अन्य पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज को एकजुट रहने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# लंबे इंतजार के बाद हकीकत में बदल गया बदायूं वासियों का सपना

## केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया ट्रेन को रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जनपद वासियों का वह सपना आज हकीकत में बदल गया जिसे वह बरसों से पूरा होने की आस लगाए बैठे थे। दरअसल सोमवार को जिला मुख्यालय से नई दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन सेवा का शुभारंभ कर दिया गया।उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा मौजूद रहे।उन्होंने ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ-साथ अन्य जन प्रतिनिधियों सहित ट्रेन के एसी कोच में बैठकर सफर का आनंद भी लिया। सफर के दौरान उन्होंने ट्रेन में सफर कर रहे यत्रियों से बातचीत भी की। ट्रेन के शुभारंभ कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। उन्होंने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब बदायूं वालों के लिए दिल्ली दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले को गंगा एक्सप्रेसवे सहित रिंग रोड और फोरलेन हाईवे की सौगात



मिली है।उन्होंने जल्द ही बदायूं से लखनऊ के लिए भी सीधी ट्रेन सेवा मिलने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि इस विशेष ट्रेन से कनेक्टिविटी और बेहतर होगी तथा इसका लाभ आम नागरिकों सहित व्यापारियों तथा छात्रों को मिलेगा।रेल मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस गाड़ी का क्रमांक 05303 है इस विशेष गाड़ी में सामान्य श्रेणी सहित आरक्षित कुर्सियान तथा एसी कोच शामिल हैं। इन सभी कोचों को मिलाकर कुल 14 कोच इस गाड़ी में शामिल थे।इस गाड़ी को बदायूं से दोपहर 12 बजे रवाना कर दिया गया जिसका दिल्ली पहुंचने का समय रात्रि 8 बजे बताया गया है। केंद्रीय मंत्री के साथ के स्थानीय नेताओं द्वारा भी कार्यक्रम में शिरकत की गई। बदायूं से शुरू हुई यह गाड़ी यहां से चलकर बरेली होते हुए रामपुर पहुंचेगी जहां से मुरादाबाद अमरोहा गजरौला गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगी। इस मौके पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ताएमएलसी वागीश पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव आदि मौजूद रहे।

# पेफी मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पेफी गेम्स के अंतर्गत सहारनपुर में एक दिवसीय प्रथम पेफी मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन कराया गया। जिसमें अंडर 14 तथा अंडर-19 बालक वर्ग में 21 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी समीर खान के द्वारा किया गया। अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी समीर खान ने प्रतियोगिता का आयोजन करने पर पेफी के सहारनपुर मंडल कोऑर्डिनेटर गौरव चौहान के कार्यों की प्रशंसा की। प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ सभी टीमों ने आपस में कड़ी स्पर्धा का परिचय देते हुए अंडर 14 बालक वर्ग में खान स्पोर्टिंग क्लब सहारनपुर ने प्रथम स्थान तथा पाइनवुड स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में पाइनवुड स्कूल सहारनपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा खान स्पोर्टिंग क्लब सहारनपुर टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मे फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के सहारनपुर मंडल कोऑर्डिनेटर गौरव चौहान, सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद तैय्यब व सचिव समीर खान ने खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद तैय्यब, उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार, कोषाध्यक्ष जाकिर अंसारी, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी समीर खान, कोऑर्डिनेटर यशपाल, पेफी के सहारनपुर मंडल कोऑर्डिनेटर गौरव चौहान, कीड़ा भारती से विभाग संयोजक गौरव कपिल, अंशुल धीमान, समाजसेवी शिवकुमार राणा, भावना तोमर, अश्वनी शर्मा, सुषमा सिंह, अजय चौधरी, राजेंद्र कुमार, कनिका लंबा, आराधना शर्मा आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# समीक्षा अधिकारी बने विशेष प्रजापति का किया जोरदार अभिनंदन

**सहारनपुर।** यूपीपीएससी में 37वीं रैंक हासिल कर समीक्षा अधिकारी बने ग्राम भायला के विशेष प्रजापति का आज ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत कर जोरदार अभिनंदन किया और कहा कि उनकी इस बड़ी उपलब्धि से न सिर्फ भायला गांव, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में प्रजापति समाज का नाम रोशन हुआ है।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2025 परीक्षा में 37वीं रैंक हासिल कर विशेष प्रजापति समीक्षा अधिकारी के पद पर चयनित हुए हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से न सिर्फ भायला गांव बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में प्रजापति समाज का नाम रोशन हुआ है। विशेष प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने दिन-रात एक कर पढ़ाई की और पहले ही प्रयास में यूपीपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में टॉप 50 में जगह बनाई। गांव से निकलकर प्रशासनिक सेवा तक पहुंचने वाले विशेष अब समाज के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं।

रविवार को सहारनपुर स्थित ऋषिपाल प्रजापति के आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रजापति समाज के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत हुआ और पूरे माहौल में खुशी की लहर दौड़ गई। समारोह को संबोधित करते हुए ऋषिपाल प्रजापति ने कहा कि विशेष ने साबित कर दिया कि प्रजापति समाज का युवा किसी से कम नहीं है। मेहनत और लगन हो तो गांव की मिट्टी से निकलकर भी अधिकारी बना जा सकता है। ये उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को दिशा देगी। डॉ. नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि आज का दिन समाज के इतिहास में दर्ज हो गया। विशेष जैसे युवा ही समाज की असली ताकत हैं। हमें अपने बच्चों को शिक्षा की तरफ और बढ़ाना होगा।

# 34वें रक्तदान शिविर में जुटे शहरवासी



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** समाज सेवा और मानवता के उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए श्री श्याम जी सखा मण्डल (पंजी.), कानपुर द्वारा रविवार को आई. एम. ए. ब्लड सेंटर, परेड में 34वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10:00 बजे से शुरू हुआ यह शिविर देर शाम तक चलता रहा और भीषण गर्मी के बावजूद रक्तदाताओं का उत्साह देखने लायक रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम प्रभु के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद रक्तदान पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमिताभ बाजपेई और विधायक सलिल बिश्नोई उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। शिविर में आलोक खन्ना, पंकज गर्ग, शिल्पी सर्राफ और रुचि किशोर गुप्ता ने सबसे पहले रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और परिवारों ने भी सक्रिय सहभागिता दिखाई। किशन अग्रवाल और सुधा अग्रवाल जैसे दंपत्तियों ने एक साथ रक्तदान कर सामाजिक संदेश दिया। आई. एम. ए. ब्लड सेंटर द्वारा रक्तदाताओं की सुविधा के लिए पूरे हॉल को वातानुकूलित किया गया था। मण्डल की ओर से सभी रक्तदाताओं को श्याम प्रभु का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मण्डल के अंकित अग्रवाल ने बताया कि संस्था पिछले 18 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है और अब तक 3500 से अधिक यूनिट रक्त जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि संस्था विशेष रूप से सरकारी अस्पतालों में भर्ती गरीब और असहाय मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर रक्त उपलब्ध कराती है। शिविर का निर्धारित समय शाम 04:00 बजे तक था, लेकिन रक्तदाताओं की लंबी कतार को देखते हुए यह क्रम 05:30 बजे तक जारी रहा। अंततः कुल 165 यूनिट रक्त एकत्रित कर आई. एम. ए. ब्लड सेंटर को सौंपा गया।

इस अवसर पर मनीष कुमार शर्मा, निखिल रूहिया, प्रशान्त अग्रवाल, तरुण गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खोए-चोरी हुए 19 मोबाइल कल्याणपुर पुलिस ने मालिकों दिए



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना पुलिस और साइबर हेल्प डेस्क टीम को सोमवार को बड़ी सफलता मिली। टीम ने चोरी व खोए हुए कुल 19 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस सौंप दिए। पुलिस कई दिनों से दर्ज शिकायतों पर काम कर रही थी और आईएमईआई नंबर के जरिए मोबाइल ट्रेस कर यह कार्रवाई की गई। थाने में मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। बरामद फोन में कुछ चोरी के थे, जबकि कुछ गुम हुए थे। सभी पीड़ितों ने यूपी कॉप एप सहित अन्य माध्यमों से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस टीम लगातार ट्रैकिंग में जुटी रही। ट्रेनी आईपीएस व प्रभारी निरीक्षक सुमेध मिलिंद जाधव ने बताया कि बीते तीन माह में मोबाइल खोने और चोरी की कई शिकायतें मिली थीं, जिनमें करीब 10 चोरी और बाकी गुम होने के मामले थे। साइबर हेल्प डेस्क ने आईएमईआई नंबर के आधार पर 19 मोबाइल बरामद कर उन्हें उनके मालिकों को सौंप दिया। उन्होंने अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत यूपी कॉप एप या नजदीकी थाना, चौकी में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि आईएमईआई लॉक कर फोन को जल्दी ट्रेस किया जा सके।

# आज हम लोग जो मुकाम पर हैं बाबा साहब की देन हैः मुन्ना हजारिया

- रूतबा मेरे सर को तेरे संविधान से मिला है
- औरों को भी जो मिला है वो मुकद्दर से मिला है
- हमें तो मुकद्दर भी तेरे संविधान से मिला है

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** राष्ट्र नायक परमपूज्य भारत रत्न बोधिसत्य बाबा साहेब डॉ भीम राव राम जी राव अम्बेडकर जी की 135वी जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ कार्यालय मोती झील में विचार गोष्ठी व जन्मोत्सव मना कर सभी देशवासियों को बधाई दी।

सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ भीम राव राम जी राव अम्बेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण कर फूलों की बारिश किया गया फिर केक काट कर एक दूसरे ने बधाई दी, इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन



किया जिसमें वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किया। वक्ताओं में रमा कांत मिश्रा जी ने कहा प्रत्येक माता पिता को अपने परिवार शिक्षित करने पर जोर देना चाहिए। मुन्ना हज़ारिया ने कहा कि आज हम जिस मुकाम पर है वो बाबा साहेब जी की देन हैं बाबा साहेब ने महिलाओं को भी पूर्ण रूप से अधिकार दिलाया हैं। शिक्षा हमको हर कदम को प्रशस्त का मार्ग दिखाती है डॉ साहब ने कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो पिए गा वो दहाड़े गा।

कार्यक्रम अध्यक्षता मुन्ना हज़ारिया ने किया संचालन रमा कांत मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य रूप से मुन्ना हज़ारिया (अध्यक्ष,) रमा कांत मिश्रा (महामंत्री) देवी दीन भाऊ, नीलू निगम, मुन्ना पहलवान, नरेंद्र खन्ना,राम सुंदर मौर्य, राम गोपाल चौधरी, रमेश शर्मा, विमल कुमार, दिलीप तांबे, मन्नी लाल भारती, कृपा शंकर, पप्पू गुप्ता, संजय मौर्य, विजय सिंह, वकील मसूद,राम गोपाल सरपंच जी, संजय मिश्रा, हेमंत सिंह, राम संजीवन सागर आदि मौजूद रहे।

अवधनामा


# डीएम की अध्यक्षता में खनिज प्रवर्तन दल की बैठक हुई संपन्न



❍ खनिज प्रवर्तन दल को अपनी ड्यूटी नियामनुसार और समय पर निर्धारित स्थान पर करने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई खनिज प्रवर्तन दल की बैठक में खनिज प्रवर्तन दल को अपनी ड्यूटी नियामनुसार और समय पर निर्धारित स्थान पर करने के निर्देश दिए गए। कानपुर रोड कबरई में स्थापित जांच चौकी और बांध रोड में कबरई में स्थापित जांच चौकी पर ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी व कर्मचारी उप खनिज परिवहन के लिए जारी ई-एमएम 11, ई-फार्म सी और अन्य प्रदेशों से आने वाले खनिज के ईटीपी व आईएसटीपी का सत्यापन करते हुए वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जांच दौरान ओवर लोड, बिना नंबर प्लेट, बिना खनिज परिवहन प्रपत्र के वाहनों को संबन्धित अधिकारी, ड्यूटी अधिकारी वाहन को सीज कर संबन्धित पुलिस थाने के अभिरक्षा में दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी अधिकारी को अपने गन्तव्य स्थान पर आने व जाने के समय व चेक किए गए वाहनों की संख्या को टास्कफोर्स ग्रुप में भेजे जाने की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में पट्टाधारक व क्रशर संचालको के साथ खनिज परिवहन नियमानुसार कराए जाने के भी आदेश जारी किए है। जिला पंचायत की वसूली चौकियों को नियामनुसार कार्रवाई करने के लिए जिला पंचायत को निदेर्शित किया गया साथ ही इसमे किसी भी तरह की लपरवाही बरतने पर जोर दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अरूण कुमार, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय और ज्येष्ठ खान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ओलावृष्टि और बारिश के चलते फसल बर्बादी पर सपा का जोरदार प्रदर्शन, मुआवजे की मांग

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** जिले की किसानों की आंधी तूफान, असमय बारिश और ओलावृष्टि के चलते बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने को लेकर अब समाजवादी पार्टी अब सड़क पर उतर आई है। सोमवार को किसानों को बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाने की आवाज बुलंद करते हुए सांसद अजेंद्र सिंह लोधी और जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव के नेतृत्व में सपाईयों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सदर तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार को सौंपाकर मांगे मुआवजे की मांग की।

प्रदर्शन दौरान सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिले में हुई असमय बारिश और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों को लगभग 80 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा, बावजूद इसके सरकार ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा केवल कागजों और बयानों तक सीमित है। पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पूरी पार्टी किसानों के सम्मान में मैदान में है और तत्काल मुआवजे की मांग कर रही है। कहा कि ओलावृष्टि और बारिश ने अधिकांश किसानों की गेहूं सहित अन्य रबी की फसलों पूरी तरह चौपट कर दिया है, जिससे कई गांव के किसानो के समक्ष खाद्यान्न का संकट उत्पन्न हो गया है। जिला अध्यक्ष शोभालाल यादव ने कहा कि सरकारी खरीद केंद्रों पर किसानों के बजाय व्यापारियों का अनाज खरीदा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बारदाने की कमी का बहाना बनाकर असली किसानों को टरकाया जा रहा है। सपाईयों ने बिचौलियों द्वारा बीमा राशि हड़पने का मुद्दा भी जोरदान तरीके से उठाया। प्रदर्शन के बाद समाजवादी पार्टी ने सदर तहसील में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को को सौंपकर चार प्रमुख मांगें रखी। मांगों में प्रभावित खेतों का पारदर्शी और प्रामाणिक सर्वे कराने, पंचायतवार क्षतिपूर्ति सूची समयबद्ध तरीके से जारी करने, मुआवजे की राशि सीधे और जल्द से जल्द किसानों तक पहुंचाने आदि शामिल है।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन : नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंजा पंडाल

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** नगर के बाघ विराजन धाम में पंडित नरेंद्र दुबे के सानिध्य चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा दौरान कथा व्यास अवध कृष्ण महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक मंचन किया, जिसमें पूतना वध, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा और मैया यशोदा को ब्रह्मांड दर्शन जैसे प्रसंगों को जीवंत किया गया। इन दिव्य लीलाओं के वर्णन से पांडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा और माहौल कृष्णमय हो गया।

कथा व्यास ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कहा कि बृजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ की तैयारी कर रहे थे। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि आप इंद्र के लिए यज्ञ क्यों कर रहे हो। नंद बाबा ने कहा कि अगर हम इंद्र के लिए यज्ञ नहीं करेंगे तो इंद्र देवता वर्षा नहीं करेंगे। अगर इंद्र वर्षा नहीं करेंगे तो हमारे खेत में कुछ भी पैदा नहीं होगा। कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा, जिससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलाधार बारिश की। कृष्ण ने तब गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। महाराज ने कहा कि यह कथा श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र का अहंकार तोड़ने और प्रकृति की पूजा के महत्व को स्थापित करने से जुडी है।

कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अत्याचार के अंत और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उन्होंने कंस के अत्याचारों से पीड़ित जनता को मुक्ति दिलाने के लिए अवतार लिया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की गोकुल और वृंदावन की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए पूतना वध, कालिया नाग दमन और माखन चोरी की लीलाओं के माध्यम से बताया कि भगवान अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मनुष्य को सच्चे मार्ग की प्राप्ति होती है। श्रीकृष्ण की लीलाएं हमें प्रेम, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस मौके पर मां बाघ विराजन धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह यादव, बुद्ध सिंह यादव भगत, भोला सिंह यादव, बद्री प्रसाद द्विवेदी, नवल किशोर गुप्ता शिक्षक सुरेंद्र बहादुर सक्सेना सहित भारी संख्या में भक्तग भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं की कथाओं का श्रवण कर भक्ति भाव में लीन होकर अपने जीवन को सफल बना रहे हैं।

# वाराणसी कैंट थाना अंतर्गत होटल द वेस्ट इन में गोली चलने वाले शुभम गिरफ्तार

❍ कमरे में युक्क भी युवती के साथ रह रहा था

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित होटल वेस्ट इन में 11 अप्रैल की रात एक युवक और युवती ठहरे हुए थे।

रात को दोनों में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद फायरिंग हुई तो गोली लगने से युवती घायल हो गई। रात में ही युवक शुभम घायल युवती को सिंह मेडिकल में भर्ती कराया। उस समय शुभम ने हास्पिटल में पता मंडुआडीह का लिखाया था। सनसनी खेजघटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से अवैध 32 बोर पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन और सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल कैंट के पर्यवेक्षण में कैंट पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान शुभम राय (34) पुत्र मनबोध सिंह निवासी चकलोला, थाना कपसेठी, जिला वाराणसी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उसे दोपहर में सैनिक अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा जांच में पता चला कि आपसी विवाद के दौरान शुभम राय ने युवती को गोली मार दी थी। कैंट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, 1060 रुपये नकद और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष में देश भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) द्वारा देशभर में जयंती सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिन्हा कर रहे हैं। कार्यक्रमों देश के विभिन्न राज्यों मे विभिन्न प्रकार के होंगे जो मुख्य रूप से सामाजिक उत्थान से जुड़े बहन को और सशक्त करने के उद्देश्य से किए जाएंगे।

इसी क्रम में संजय सिन्हा द्वारा महावड़ गांव में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र,कंप्यूटर शिक्षा केंद्र, बच्चों की पढ़ाई के लिए विशेष कक्षाएं तथा एक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संजय सिन्हा ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने और शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य गांवों और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा और कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है जयंती सप्ताह के तहत आगे भी कई कार्यक्रम निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली से मुंबई तक कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे। वहीं 14 अप्रैल को देशभर में जरूरतमंदों और अनाथालयों में सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र, दिल्ली, उप्र सहित कई राज्यों में भी जरूरतमंद लोगों को जीवनयापन से जुड़ी सामग्री वितरित की जा रही है बताया जा रहा है कि जब से संजय सिन्हा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तब से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर गोष्ठी आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय के संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार समानता, शिक्षा, और सामाजिक न्याय पर केंद्रित थे, जिन्होंने भारतीय समाज को नई दिशा दी और उनके 10 अनमोल विचार जो आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अंबेडकर के विचार बताते हुए कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, ज्ञान ही व्यक्ति के जीवन का आधार है और संघर्ष के बिना अधिकार नहीं मिलते। जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए।

संगीताचार्य ने कहा कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज़ नहीं है, यह जीवन का एक माध्यम है: यह राष्ट्र को न्याय, स्वतंत्रता और समानता के पथ पर ले जाने वाला मार्गदर्शक है। आचार्य जयनारायण तिवारी ने सभी को डॉ. भीम राव अम्बेडकर के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और महान समाज सुधारक थे। महू (म.प्र.) में जन्मे अंबेडकर ने दलितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे भारत के पहले कानून मंत्री बने और आधुनिक मनु के रूप में सामाजिक समानता के लिए याद किए जाते हैं।

गोष्ठी में आचार्य अरुण कुमार श्रीमाली ने कहा कि डॉ. भीमराव की यादगार कहानी उनके संघर्ष और सफलता की मिसाल है। महार जाति में जन्म लेने के कारण उन्हें बचपन में भारी भेदभाव सहना पड़ा, कक्षा के बाहर बैठकर पढ़ाई की और पानी पीने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ा। इस अपमान के बावजूद, उन्होंने शिक्षा के बल पर कानून के विशेषज्ञ बनकर भारत का संविधान रचा और शोषित समाज को हक़ दिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बाबा साहब के आदर्शों का पालन करने, सामाजिक समरसता बनाए रखने और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की सीख दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य के अलावा छात्र छात्राएं मौजूर रहीं।

## डॉ.अम्बेडकर पार्क बना भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर संविधान पार्क

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के 135 वी जयंती के अवसर पर शहर के अम्बेडकर पार्क में भगवान बुद्ध की भव्य प्रतिमा नगर निगम द्वारा स्थापित की गई।इस भव्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए महापौर,विधायक कोल व अपर नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब की जीवन यात्रा,संघर्ष, बलिदान, सिद्धान्तों व पद चिन्हों से सीख लेते हुए उनके दिए गए उपदेश्य को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया।

सोमवार को लगभग 1.5 करोड़ की लागत से शहर में विकसित हुए डॉ.भीमराव अंबेडकर संविधान पार्क का महापौर प्रशान्त सिंघल, कोल विधायक अनिल पाराशर,अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सेवानिवत्त न्यायाधीश शंकर लाल,डॉ. बाल किशन,राजेंद्र छावनी,महिला बिंग अध्यक्ष राजकुमारी मंजू भूषण, राकेश सहाय ने पार्क का उदघाटन भगवान महात्मा बुद्ध जी की प्रतिमा व संविधान क़िताब का अनावरण किया। महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से अलीगढ़ नगर निगम द्वारा भारत बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर को समर्पित डॉ.भीमराव अंबेडकर संविधान पार्क केवल एक पार्क नहीं, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा और बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के विचारों का जीवंत प्रतीक है।यह स्थान आने वाली पीढ़ियों को संविधान के मूल्यों, समानता,स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश देगा।

विधायक कोल अनिल पाराशर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने देश को जो संविधान दिया वह प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का आधार है। डॉ.भीमराव अंबेडकर संविधान पार्क का निर्माण युवाओं को उनके महान विचारों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। यहां स्थापित संरचनाएं और प्रतीक उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित करेंगे।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत पीएमश्री नवोदय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

❍ एएसपी वंदना सिंह ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत पीएमश्री नवोदय विद्यालय में सोमवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वंदना सिंह उपस्थित रहीं।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इसके साथ ही उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए बताया कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर बिना सत्यापन के प्रतिक्रिया न दें तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखें। एएसपी ने छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान थाना कोतवाली नगर से उपस्थित मिशन शक्ति टीम की उपनिरीक्षक एकता भदौरिया एवं उपनिरीक्षक प्रवीण गुप्ता द्वारा साइबर अवेयरनेस के संबंध में सामान्य जानकारी प्रदान की गई।

वहीं प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला द्वारा मिशन शक्ति अभियान के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई तथा महिला कल्याण विभाग से रीता चौरसिया द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरूक रहते हुए सुरक्षित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की बैठक संपन्न हुई

**फर्रुखाबाद।** भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की बैठक कैम्प कार्यालय मोहल्ला जवाहर गंज मे राष्ट्रीय प्रबक्ता मुन्ना लाल सक्सेना के आबास पर हुई। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी नगला बसोला गाँव की जमीन जो तहसील प्रसाशन ने पट्टे पर दी गयी थी उस जमीन पर किसानों ने गेहूँ बुबाई कर खाद बीज पानी लगाया जिसमें एस डीम कायमगंज ने बिना नोटिस कटवा ली जब किसानों द्वारा स्थानीय बिधायक से शिकायत की गयी तो बिधायक प्रतिनिधि से भी एस डीम कायमगंज द्वारा अभद्रता की गयी किसानों द्वारा बिरोध करने पर बताया कि पट्टे निरस्त हो गये यदि पट्टा निरस्त हो गया तो इसकी सूचना किसानों को क्यों नहीं दी गयी एसडीएम कायमगंज भू माफियाओं से मिले हुआ है इन्होंने न तहसील परिसर कायमगंज मे दलाल पाल रखे है यही नही पुलिस से सांठ गाँठ कर 107और 116 की जमानत पर 10000 हजार रुपये की बसूली की जाती है ऐसा प्रतीत होता है धन उगाही का आधा पैसे सरकार के पास जाते हैं ।

## शुभम तिवारी के आवास पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष खुशाल मियां से गुफ्तगू करते हुए



**फर्रुखाबाद।** जनपद की अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शुभम तिवारी के माता जी के देहांत की किस खबर मिलने पर शुभम तिवारी के फर्रुखाबाद पक्का पुल स्थित आवास पर तिवारी के परिजनों से मिलकर मिल कर दुख प्रकट किया इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता खुशहाल मियां से गुफ्तगू की इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी पूर्व विधायिका लुईश खुर्शीद व मेराजुद्दीन और खुशाल मियां आदि कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार का निधन, पत्रकारिता जगत में शोक की लहर



**अलीगढ़।** जनपद से एक बेहद दुखद समाचार सामने आया। सरल स्वभाव और शांत चित्त के लिए पहचाने जाने वाले पंजाब केसरी के जिला प्रभारी अजीत कुमार चौहान का आज आकस्मिक निधन हो गया। अजीत कुमार चौहान अपने पीछे पत्नी और 3 बच्चों को छोड़ गए हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके पिता स्वर्गीय राजपाल सिंह चौहान भी एक वरिष्ठ पत्रकार थे। साथ ही वे 'लोकतंत्र सेनानी' थे। मानिक चौकी पुलिया क्षेत्र से सामने आए हैं, जहां स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल दें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार, फर्रुखाबाद में जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों के साथ फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों से योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए, जिससे किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो सके।

इसके साथ ही फैमिली आईडी निर्माण की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं लक्षित तरीके से दिया जा सके।

जिलाधिकारी महोदय ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु ग्राम प्रधानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे उन्हें निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है।

बैठक में अच्छा कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों की सराहना की गई तथा अन्य प्रधानों को भी लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठक कर सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## सनकी प्रेमी चढ़ा टावर पर 2 घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**इटवा सिद्धार्थनगर।** जिले में प्रेम प्रसंग से जुड़े मामलों में युवाओं द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सोमवार की सुबह इटवा थाना क्षेत्र के पिपरा पठान गांव के पास एक युवक शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना फैलते ही मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और करीब दो घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

टावर पर चढ़ने वाले युवक की पहचान कठेला समय माता थाना क्षेत्र के इंद्रीग्रांट (बक्शडीह टोला) निवासी विशाल चौहान पुत्र रामदास के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह उसी से शादी की मांग को लेकर यह कदम उठा बैठा। घटना की सूचना मिलते ही युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और मोबाइल फोन के जरिए उसे समझाने लगे। उन्होंने शादी कराने का आश्वासन देते हुए नीचे उतरने की अपील की। इटवा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद क्राइम इस्पेक्टर बृजभान यादव के सूझ बूझ व फोन पर समझाइस से युवक माना।

## विधायिका सुरभि की उपस्थिति में महिला सुरक्षा संबंधी कॉन्फ्रेंस का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में मिशन शक्ति 5.0.2 के अंतर्गत 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एवं एक दिवसीय महिला सुरक्षा संबंधी कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कायमगंज डॉक्टर सुरभि गंगवार उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। स्वास्थ्य विभाग से महिला चिकित्सक, आशा एवं एएनएम, पुलिस विभाग से महिला इंस्पेक्टर एवं महिला कॉन्स्टेबल, स्वरोजगार विभाग से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग से महिला अध्यापिकाएं, बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं तथा महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेंटर एवं राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण संस्था के कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | वर्क ऑफ बफर एंड ड्रा बार असेम्ब्लीज ऐट कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ। | | |
| कार्य स्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | रु. 80,03,586.00 मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्युरिटी | | रु. 1,60,100/– मात्र | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | | 24 माह | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | | दिनाँक – 04.05.2026 समय 15:00 बजे तक। | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | | | |

निविदा सूचना सं. 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–15 दिनांकः 10.04.2026
1235/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सौंदर्यीकरण से निखरेगी गुलाबबाड़ी, सुबह टहलने वालों के लिए खास इंतजाम



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी का 297 लाख रुपये की लागत से व्यापक सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत पाथवे निर्माण, क्लैडिंग, बाउंड्री वॉल, ग्रिल पेंटिंग, हॉर्टिकल्चर कार्य, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले तथा ओपन जिम की सुविधा विकसित की जाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अनुमति मिलने के बाद कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गुलाबबाड़ी अयोध्या की ऐतिहासिक धरोहर है और इसके सौंदर्यीकरण से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यहां प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक करने आने वाले लोगों के लिए सुगम और सुरक्षित पाथवे, बैठने की व्यवस्था तथा स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। इससे उनकी दिनचर्या अधिक सुविधाजनक और स्वास्थ्यप्रद बनेगी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आमजन जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अवर अभियंता दीपाशुं वर्मा ने बताया कि एएसआई की अनुमति के उपरांत कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और इसे छह माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पार्टी पदाधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# देश की लोकतांत्रिक यात्रा में महिला सशक्तिकरण का मील का पत्थर है नारी शक्ति वंदन अधिनियम

## भाजपा के प्रेस वार्ता को प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं ने किया सम्बोधित

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सर्किट हाउस सभागार, सिविल लाइन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में महिला महाविद्यालय गोसाईगंज की प्राचार्या डा. अंजू पाण्डेय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की रूपरेखा तय करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विशेष सत्र बुलाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिनियम देश की लोकतांत्रिक यात्रा में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है।

डा. पाण्डेय ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन केवल एक कानून नहीं, बल्कि आधी आबादी के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति केवल एक नारा नहीं, बल्कि नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है और यह कानून महिलाओं को भागीदार से निर्णयकर्ता बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हुए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और मातृत्व अवकाश जैसी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू होने से महिलाएं लाभार्थी से नीति निर्माता बनेंगी और यह अधिनियम देश के समावेशी एवं सशक्त भविष्य की आधारशिला साबित होगा।

इससे पूर्व अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव उद्बोधन को बड़ी संख्या में महिलाओं ने सुना।

प्रेस वार्ता में शकुंतला त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्या, अधिवक्ता माधुरी तिवारी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. शशि मिश्र, महापौर मंहत गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, अभियान संयोजक अखंड प्रताप सिंह 'डिम्पल', महानगर इकाई की रीना द्विवेदी तथा गोसाईगंज चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता गोलीकांड के आरोपी अब गैंगस्टर एक्ट के घेरे में

**अयोध्या।** रामनगरी में दशहरा के दिन हुए चर्चित अधिवक्ता गोलीकांड मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना में भाजपा नेता व अधिवक्ता आलोक कुमार सिंह पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर जानलेवा हमला किया गया था, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई थी।घटना के बाद अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने हड़ताल व प्रदर्शन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा, वहीं विवेचना के दौरान अन्य संदिग्धों को भी चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया।प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 10 अप्रैल को गैंगस्टर एक्ट लगाने की संस्तुति की।

# छावनी क्षेत्रों में बड़ा बदलाव: जन विश्वास विधेयक 2026 से खत्म होगी छोटी गलतियों पर आपराधिक कार्रवाई, नागरिकों को मिलेगी बड़ी राहत

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** देश के छावनी क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए एक बड़ा और राहत भरा बदलाव सामने आ सकता है। जन विश्वास (संशोधन प्रावधान) विधेयक, 2026 को 27 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया, जिसे छावनी प्रशासन के कानूनी ढांचे में ऐतिहासिक परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है। यह विधेयक न केवल कई केंद्रीय कानूनों में अपराधमुक्ति (डिक्रिमिनलाइजेशन) का प्रस्ताव लाता है, बल्कि कैंटनमेंट्स एक्ट, 2006 में भी व्यापक सुधार की दिशा तय करता है। रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली देश की 61 छावनियों के लिए यह बदलाव महज कानूनी संशोधन नहीं, बल्कि प्रशासनिक सोच में बदलाव का संकेत है। अब तक छावनी क्षेत्रों में छोटे-छोटे उल्लंघनों को भी आपराधिक अपराध मानकर कार्रवाई की जाती थी, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से अदालतों और पुलिस प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था।

**क्या है बड़ा बदलाव?**

विधेयक के तहत कैंटनमेंट्स एक्ट की 38 आपराधिक धाराओं की समीक्षा की गई है। इनमें से 31 धाराओं को पूरी तरह अपराधमुक्त करने और 3 को आंशिक रूप से अपराधमुक्त करने का प्रस्ताव है। अब इन मामलों को आपराधिक अपराध की बजाय सिविल उल्लंघन माना जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो अब छोटी गलतियों पर जेल या मुकदमे की जगह प्रशासनिक जुर्माना लगेगा। जुर्माने से दंडनीय जैसे कठोर शब्दों को बदलकर जुर्माना के लिए उत्तरदायी किया जा रहा है, जिससे कानून का रुख सख्ती से हटकर संतुलन की ओर बढ़ेगा।

विधेयक में एक नई धारा 333 जोड़ने का प्रस्ताव है, जो पेनल्टी लगाने की पूरी प्रक्रिया को स्पष्ट करती है। इसके तहत-

कैंटनमेंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पेनल्टी लगाने का अधिकार होगा

कार्रवाई से पहले संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का मौका दिया जाएगा

पेनल्टी को सिविल माना जाएगा, न कि आपराधिक दोष

निर्णय के खिलाफ अपील कैंटनमेंट बोर्ड के अध्यक्ष के पास की जा सकेगी

यह व्यवस्था पारदर्शिता और न्यायसंगत प्रक्रिया को मजबूत करेगी।

**नागरिकों को क्या मिलेगा फायदा?**

इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ आम लोगों, व्यापारियों, दुकानदारों और संपत्ति मालिकों को मिलेगा।

अब तकनीकी या पहली बार हुई गलती पर उन्हें आपराधिक मुकदमे का सामना नहीं करना पड़ेगा।

छोटे मामलों में कोर्ट-कचहरी के चक्कर कम होंगे।

मामलों का निपटारा तेजी से होगा

प्रशासन और नागरिकों के बीच टकराव घटेगा।

अनावश्यक उत्पीड़न में कमी आएगी।

# हमें अपने धर्म व संस्कारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा: गुरु श्री प्रणवानंद

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सहयोग से तथा अभयाश्रम ओंकारेश्वर पीठाधीश्वर गुरु श्री प्रणवानंद जी महाराज की अध्यक्षता में कैलाश आश्रम में संस्कारशाला का आयोजन किया गया। संचालन करते हुए मंच अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के परिवेश में जिस प्रकार परिवारों का विखंडन हो रहा है, जिस प्रकार किशोरावस्था में बच्चे दिग्भ्रमित हो रहे हैं तथा हमारे बुजुर्ग वृद्धाश्रम में पहुंच रहे हैं, ऐसे चिंताजनक वातावरण में समाज में कुछ सकारात्मक संदेश दिया जा सके ,इसी प्रयास की कड़ी है संस्कारशाला। स्वामी प्रणवानंद जी,स्वामी राघवानन्द, स्वामी बृह्मचारी मोहन चैतन्य, स्वामी राम चरित शास्त्री ने उद्बोधन देते हुए कहा कि सर्व प्रथम हमें अपने धर्म व संस्कारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा इसका आरंभ किसी भी बच्चे के जन्म के समय से ही आरंभ कर देना चाहिए तभी हम सार्थक उद्देश्यों को प्राप्त कर सकेंगे।आगे बताया कि यदि प्रातः काल सूर्योदय से पहले उठ जाते हैं और थोड़ी देर ध्यान लगाते हैं तो एक अद्भुत आध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है तथा हमारे जीवन को सफलता की ओर ले जाता है। कृत्रिम सामाजिक कुरीतियों के बहिष्कार का भी आवाहन किया जिसके कारण तलाक जैसी विशम परिस्थितियां पैदा हो रही हैं। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महामंत्री अजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, युवा महामंत्री अभिषेक श्रीवास्तव, तथा स्वामी दयाल श्रीवास्तव जी सहित अनेकों कार्यकर्ताओं व भक्तों की परिमय उपस्थिति रही

# नामित दस पार्षदों को दिलाई गई शपथ, नगर निगम की संख्या हुई 70

शपथ के दौरान भावुक हुईं रंजना सागर, महापौर ने पूरा कराया शपथ

**अयोध्या।** नगर निगम के नामित दस पार्षदों को सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित समारोह में महापौर द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के साथ ही नगर निगम में पार्षदों की कुल संख्या बढ़कर 70 हो गई। समारोह में विधायक वेदप्रकाश गुप्ता समेत शहर के गणमान्य लोग एवं नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने सभी पार्षदों को शपथ दिलाते हुए उम्मीद जताई कि नामित पार्षद, निर्वाचित पार्षदों के साथ मिलकर नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और अयोध्या को तेजी से आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।

शपथ लेने वालों में सुशील मिश्र बबलू, संजय निषाद, लक्ष्मण वर्मा, संजय कोरी, सुशील कुमार सिंह, रंजना सागर, आशुतोष पांडेय, ज्ञान केसरवानी, सुनीता गुप्ता एवं अर्चना द्विवेदी शामिल रहीं। शपथ ग्रहण के दौरान रंजना सागर भावुक हो गईं, जिसके बाद महापौर ने उन्हें संबल देते हुए शपथ पूरी कराई।कार्यक्रम का संचालन सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, उपसभापति संतोष सिंह, निवर्तमान उपसभापति राजेश गौड़, प्रकाश गुप्ता, कृष्ण कुमार पांडे, मनोज जायसवाल, रंजीत शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एनईपी परीक्षाओं में माइनस मार्किंग पर छात्रों का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

**अयोध्या।** डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एनईपी (नई शिक्षा नीति) के तहत बहुविकल्पीय परीक्षाओं में माइनस मार्किंग लागू किए जाने के निर्णय पर छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में समस्त छात्राओं की ओर से कुलपति को ज्ञापन सौंपकर निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की गई है।छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या 331/2026 के तहत स्नातक एवं परास्नातक स्तर की परीक्षाएं बहुविकल्पीय स्वरूप में कराने के साथ नकारात्मक अंक (माइनस मार्किंग) लागू किया गया है, जिससे छात्रों में असमंजस और चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। छात्रों ने तर्क दिया कि देश के अधिकांश विश्वविद्यालयों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सत्र 2019 से 2024 तक भी बहुविकल्पीय परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, लेकिन उस दौरान माइनस मार्किंग का प्रावधान नहीं था। अचानक इस व्यवस्था को लागू करने से छात्रों में भ्रम की स्थिति बन रही है। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर इस निर्णय पर पुनर्विचार कर माइनस मार्किंग की व्यवस्था समाप्त नहीं की गई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। छात्रों ने कुलपति से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

# अयोध्या में 11,527 लाभार्थियों को मिला पेंशन का लाभ, 4337.01 लाख रुपये वितरित

**अयोध्या।** जनपद में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की दिव्यांगजन पेंशन योजना हजारों परिवारों के लिए सहारा बनकर उभरी है। अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक कुल 11,527 दिव्यांगजनों को 4,337.01 लाख रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है।इस योजना के तहत न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले पात्र व्यक्तियों को मासिक पेंशन दी जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा पेंशन राशि बढ़ाकर वर्तमान में 1000 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है, जिससे लाभार्थियों को आर्थिक राहत मिल रही है और वे अपनी दैनिक जरूरतें आसानी से पूरी कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित इस योजना के तहत पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगी है। लाभार्थियों का कहना है कि इस सहायता से दवाइयों, परिवहन और अन्य आवश्यक खर्चों में काफी मदद मिल रही है।

# हमारी रसोई आयुर्वेद की पाकशाला की तरह होनी चाहिए: डॉ. अवस्थी



*अवधनामा संवाददाता*

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** सामाजिक संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान बाराबंकी द्वारा रामार्पित ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाजीपुर में स्थापित किये गए स्कूल हर्बल गार्डन में कालेज के छात्रों को औषधीय पौधों से परिचय कराया गया। संस्था द्वारा ब्राम्ही, मंडूकपर्णी, वच, शतावर, कालमेघ, अश्वगंधा, सर्पगन्धा, हरसिंगार, कचनार, हड़जोड़, अडूसा, निर्गुण्डी, जराकुश, तुलसी, लाजवंती, सहजन, आँवला, अदरक पिप्पली गिलोय,घृतकुमारी, पुनर्नवा, अजवाइन, कढ़ी पत्ता आदि 25 प्रकार के औषधीय पौधे रोपित किये गए। रोपित औषधीय पौधों का परिचय एवं उनकी उपयोगिता को बताते हुए आयुर्वेदाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि प्रकृति के पांचों तत्वों का संतुलित बनाएं रखने के लिए षडरस चिकित्सा का का सिद्धांत एवं पंच महाभूतों का समन्वय होना जरूरी है। इस सिद्धांत में जड़ी बूटियों का उपयोग विशेष महत्व रखता है। ज्ञान के अभाव में यह जड़ी बूटियां विलुप्त होती जा रही हैं। डॉ अवस्थी ने कहा कि हमारी रसोई आयुर्वेद की पाकशाला की तरह होनी चाहिए जिससे अस्सी प्रकार की वात-पित्त-कफ का संतुलन घर में हो सकता है। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने 25 औषधीय पौधों का परिचय कराया और इनके रखरखाव और संरक्षण पर विस्तार से समझाया। हर्बल गार्डेन में स्थापित किये गए हर्बल गार्डन के औषधीय पौधों की पहचान एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी कालेज के छात्रों एवं फैकल्टी को दी गई। इस अवसर पर कालेज की प्रबन्धक मनीष कुमार सिंह, निदेशक प्रांजल सिंह, उदय प्रताप सिंह, फैकल्टी मेम्बर हरिओम तिवारी, अश्वनी वर्मा, ऋषि कुमार, शिवदीप, नीरज कुमार, अबू सहमा, सरिता तिवारी सहित करीब दो सौ की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही और स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां हासिल की।

# आस्था के नाम पर महिला से ठगी, फर्जी बाबा फरार

**कुमारगंज -अयोध्या।** थाना क्षेत्र के कुमारगंज बाजार में आस्था के नाम पर एक महिला से ठगी का मामला सामने आया है। फर्जी बाबा बनकर ठगों ने फिल्मी अंदाज में महिला के सोने के जेवरात पार कर दिए।

जानकारी के अनुसार, दवा खरीदने गई महिला को एक युवक ने बीमारी का हवाला देकर तांत्रिक बाबा से मिलवाया। बाबा ने झाड़-फूंक के नाम पर महिला से मंगलसूत्र व अंगूठी कागज में रखने को कहा और पुड़िया थमाकर रात में खोलने की बात कही। घर पहुंचकर पुड़िया खोलने पर उसमें कंकड़-पत्थर निकले, जिससे ठगी का खुलासा हुआ।

पीड़िता ने कुमारगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस फर्जी बाबा और उसके साथियों की तलाश में जुटी है।

# सिसवा में स्मार्ट मीटर के विरोध में बढ़ा आक्रोश, एमएलसी प्रतिनिधि ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिसवा कस्बे में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानियों के बीच विरोध तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में एमएलसी प्रतिनिधि राजन विश्वकर्मा ने बिजली बिल की अनियमितताओं एवं स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर सीडीओ आशुतोष त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर गलत बिलिंग, अत्यधिक बिजली शुल्क और बार-बार रिचार्ज की समस्या से आम जनता परेशान है। इन समस्याओं के चलते लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एमएलसी प्रतिनिधि ने ज्ञापन में मांग की कि स्मार्ट मीटर की जांच कराई जाए, गलत बिलिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए। साथ ही प्रशासन से जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का समाधान करने की अपील की गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय कई स्थानीय लोग एवं व्यापारी भी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में वार्षिकोत्सव समारोह, प्रतिभा सम्मान



**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्राम सभा सोहगौरा में सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सोहगौरा कंपोजिट में बड़े ही धूमधाम से वार्षिकोत्सव समारोह, प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय गुप्त विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष अभय कुमार दुबे जी उपस्थित रहे द्य सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया , सभी अथितियों का बैज लगा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कक्षा 1से 8तक के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किये हुए बच्चों को सील्ड मेटल एवं कॉपी पेन देकर पुरस्कृत किया गया द्य विशिष्ट अतिथि द्वारा कहा गया की शिक्षा ही एक मात्र साधन है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सतीश कुमार, नन्दलाल यादव, नागेंद्र प्रसाद, अनुराग मणि त्रिपाठी, सतीश कुमार गोयल, प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव, महेश प्रसाद, वर्षा, राजेश्वर पाण्डेय, विभा पाण्डेय, निशांत कुमार, शिक्षक एवं अभिभावक गण मौजूद रहें।

# हकीम असलम दर्द से परेशान मरीजों की निशुल्क सेवा करते, हर तरफ हो रही चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** डाक्टर मरीजों के इलाज क नाम पर भारी भरकाम रकम वसूलते है तो वही इस दुनिया मे ऐसे लोग भी है जो शरीर मे किसी भी तरह का दर्द हो तो उसकी निशुल्क सेवा करते हुवे देखा जा सकता है। किसी भी दर्द से राहत दिलाने के लिए जाने जाते हैं मोहम्मद असलम जो अपने हाथों के सहयोग से दिन प्रतिदिन लोगों को आरामदिलाने का काम कर रहे हैं यही नहीं इनकी कोई शुल्क नहीं निशुल्क सेवा करते हैं बाराबंकी निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें स्पेनलाइटिस की समस्या थी जो काफी दिनों से झेल रहे थे चलने फिरने और उठने बैठने में काफी दिक्कतें आती थी यहां तक कि डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी। तभी किसी ने उन्हेंने हकीम से सलाह लिया और हकीम के अथक प्रयासों के बाद आज सुशील कुमार श्रीवास्तव जो चलने फिरने में असमर्थ थे पिछले तीन वर्ष पहले से बेड रेस्ट कर रहे थे जो हकीम की सलाह के बाद आज वह पैदल घूम रहे हैं। किस्मतुलनिशा मसौली, मो. यासीन बंकी, मोहम्मद यासीन मसौली आदि ने बताया कि उनकी कमर कंधे कूल्हे व पैर की कोहनी में सभी लोगों को अलग-अलग काफी दर्द हो रहा था जो लगातार हकीम के संपर्क से आज दिन प्रतिदिन दर्द से राहत मिल रही है सतीश कुमार ने बताया कि उनकी कमर और कंधे पर पिछले 3 वर्षों से दर्द था जो इन्हीं की सलाह से आराम मिल रहा है जिन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ के डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दिया फिर लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में दिखाया जहां के डॉक्टर ने बताया कि सर्वाइकल और स्लिप डिस्क की समस्या है ऑपरेशन करना पड़ेगा लेकिन कोई डेट निश्चित नहीं हुई और हकीम की सलाह ली गई हकीम ने बताया कि हम बिना ऑपरेशन के ही इसको ठीक कर देंगे स्लिप डिस्क और सर्वाइकल में सिर्फ ब्लड संचार रुक जाता है रक्त धनिया ब्लॉक हो जाती है जिनहे सिर्फ थेरेपी एक्यूप्रेशर और सेंकाई से ही खोला जा सकता है इसका कोई इलाज संभव नहीं है जो 4 मार्च से प्रतिदिन हकीम के बताए अनुसार सिकाई करने से दिन प्रतिदिन आराम मिल रहा है यदि किसी भी व्यक्ति को शरीर में कहीं भी दर्द है तो मिले हकीम मोहम्मद असलम से जिनका मोबाइल नंबर है 9628969419 तथा इनके सहयोग के लिए इनका पुत्र सराफत जिनका मोबाइल नं.8400199323 है और दूसरे सहयोगी मो इमरान जो इनका दामाद है सभी लोग निशुल्क समाज सेवा करते हैं और लोगों को दर्द से निजात दिलाते हैं उनसे मिलने के लिए शाम 4:00 बजे से सुबह 8:00 बजे तक नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज जैदपुर में संपर्क कर सकते हैं दूसरा सम्पर्क स्थान लखनऊ जनपद के मुंशी पुलिया के सुबह 9:00 से12 बजे तक और बाराबंकी में संपर्क के लिए बस स्टॉप से रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित देसियाना होटल में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक संपर्क कर सकते हैं किसी भी दर्द के लिए निशुल्क सलाह और निजात दिलाया जाता है ।उनसे सलाह लेने के लिएआप इनके दिए हुए उपरोक्त मोबाइल नंबर से संपर्क कर सकते हैं ।

# सिसवा में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन



**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिसवा कस्बे के रायपुर रोड स्थित एक मैरेज हॉल में रविवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला कमेटी की उपस्थिति में सिसवा नगर इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में सिसवा नगर इकाई के संरक्षक के रूप में अन्नू जायसवाल, मनोज केसरी, रोशन मद्धेशिया, धीरज तिवारी, प्रभात सर्राफ एवं मनोज सुल्तानिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नगर अध्यक्ष पद पर शिबू खान का चयन किया गया। महामंत्री अश्वनी रौनियार, कोषाध्यक्ष मकसूद अंसारी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में संदीप मल्ल और दीपक जायसवाल को मनोनीत किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर मनीष रौनियार, धीरज जायसवाल, नवीन मद्धेशिया, हरिलाल सोनी एवं रज़ाउल अंसारी को जिम्मेदारी दी गई। विधिक सलाहकार के रूप में अविनाश मद्धेशिया, नगर मंत्री के पद पर अनिल जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, साहेब सिंह सेठी और अम्बुज शर्मा को नियुक्त किया गया। संगठन मंत्री के रूप में संतराज विश्वकर्मा, बनारसी गुप्ता एवं इरफान तथा मीडिया प्रभारी के रूप में ओंकार कसेरा को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला प्रभारी अजय राज कसौधन, जिला महामंत्री रघुनाथ गुप्ता, सदरे आलम, युवा जिलाध्यक्ष डॉ. सूरज सिंह एवं जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय धामिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# पीएम की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन विज्ञान भवन में नई दिल्ली में हुआ सम्पन्न

- जिपं अध्यक्ष व डीएम की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया लाइव प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन सोमवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ, जिसका सजीव प्रसारण जिला स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी ने जलियावाला बाग नरसंहार के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के निर्णयों में से यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है जो नारी शक्ति को समर्पित है। यह संसद एक नया इतिहास रचने जा रहा है। सामाजिक न्याय एक नारा न हो यह स्वाभाविक हिस्सा हो। नये संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए पहला कदम उठाया गया है। यह कार्य देश के सहयोग, संवाद व प्रयास से सम्भव होगा।

हमारे देश में राष्ट्रपति, वित्तमंत्री, राज्यपाल महिला ही है जो महत्वपूर्ण पदों को संभाल रही है। विद्यालयों में नामांकन में पहले पिता का नाम लिखा जाता था अब माता का नाम लिखा जाता है। देश में करोड़ों महिलाये थी जिनका बैंक खाता नहीं था। महिलाओं का जन-धन खाता खोला गया। 6 करोड़ महिलाओ को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। 3 करोड़ महिलायें लखपति दीदी बन गयी है। लोकल फॉर वोकल की महिलायें ब्राड एम्बेस्डर बन रही है। बेटिया फाइटर प्लेन उड़ा रही है। बेटिया डाक्टर, वैज्ञानिक बन रही है। हमे मिलकर इस शक्ति को नयी ऊर्जा देना है। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं से इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह ने कहा कि भारत में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। भारत सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। विधानसभा व लोक सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। जब महिला सश्क्त होगी तभी देश सश्क्त होगा। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों की गारन्टी है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने का कानून है।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, बाल विकास परियोजना अधिकारी गण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## बाबा साहब की जयंती को लेकर बैठक सम्पन्न

**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक तथा कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह जी रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी 14 अप्रैल को बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती सभी सेक्टर स्तर पर भव्य रूप से मनाएगी क्योंकि बाबा साहब ने शोषित वर्ग को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया इसलिए 14 अप्रैल बाबा साहब की जयंती ऐतिहासिक दिन है बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सभी विधानसभाओं के सेक्टर स्तर पर जयंती कार्यक्रम मनाया जाने हेतु विचार विमर्श कर तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

# कल्पनाथ सिंह महिला विघालय पर भाजपा की बैठक

- संगठन की मजबूती ही पार्टी की बड़ी ताकत मण्डल अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के कल्पनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी लोटन मंडल की बैठक नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदर विधायक श्यामधनी राही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ-साथ आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाकर ही आगामी चुनावों में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने पर विशेष जोर दिया।

मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि लोटन मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। प्रत्येक बूथ पर संगठन की सक्रियता बढ़ाना प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने का आह्वान किया।जिला मंत्री रामनारायण ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की एकजुटता से पार्टी निरंतर मजबूत हो रही है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से अपने बूथ को मजबूत करने का संकल्प लेने तथा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की।बैठक में विशेष रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को लेकर रणनीति तय की गई। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर सहमति बनी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई स्कूल आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान के सम्बन्ध में बैठक




- डिप्थीरिया आउटब्रेक की रोकथाम हेतु चलेगा अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में डिप्थीरिया आउटब्रेक की रोकथाम हेतु स्कूल आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि डिप्थीरिया आउटब्रेक की रोकथाम हेतु स्कूल आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान 20, 21, 23, 24, 27, 28 एवं 30 अप्रैल 2026 से समस्त विकासखण्डों में चलाया जाना है जिसमें अभियान के दौरान सभी सरकारी/ निजी स्कूलों, मदरसों में डीपीटी-2 बूस्टर (सम्भावित कक्षा-1, 5-6 आयु वर्ग के बच्चे), टीडी-10 (सम्भावित कक्षा-4-5, 10 वर्ष आयु के बच्चे) तथा टीडी-16 (सम्भावित कक्षा-10 एवं 11, 16 वर्ष आयु के बच्चे) को अतिरिक्त डोज से आच्छादित किया जाना है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ब्लाक स्तरीय समन्वय बैठक / संवेदीकरण 16 अप्रैल तक सम्पन्न करा लिया जाय एवं स्कूलों की कार्ययोजना / संवेदीकरण दिनांक 17 तक तथा 18 तक जनपद स्तर पर कार्ययोजना उपलब्ध कराया जाय जिससे कि गतिविधि का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर सर्वाइकल कैंसर है, लगभग 99.7 प्रतिशत के मामले एचपीवी (ह्यूमन पैपीलोमा वायरस) के कारण होता है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु (गर्भाशय के निचले हिस्से सर्विक्स का कैंसर है) एचपीवी का टीकाकरण जिला चिकित्सालय समेत समस्त सामु0 / प्रा0 स्वा0 के0 पर 14-15 आयु वर्ग की बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्साधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, आरआरटी कंसलटेन्ट आदि ने प्रतिभाग किया।

## 15 अप्रैल से पूर्व कराएं फार्मर रजिस्ट्री : ए.के. सिंह

**गोंडा।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल के महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने चीनी मिल क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर वसंतकालीन गन्ना बुवाई के तहत बोई जा रही गन्ने की फसलों का अवलोकन किया। महाप्रबंधक श्री सिंह ने सोहना, पेड़राही, मझगंवा, पिकौरा व रामपुर सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण एव मीटिंग करके कृषकों से उन्नतिशील प्रजाति का गन्ना लगाने का अनुरोध किया। इस मौके पर कृषक सैरभ सिंह के गन्ने के प्लाट का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ने की फसलों में टॉप बोरर व अरली शूट बोरर कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है, टाप बोरर का प्रभाव पाये जाने पर मेकैनिकल नियन्त्रण विधि को अपनाए और पौधे के शूट की कटाई करें। इस दौरान उन्होंने किसान गोष्ठी भी किया। श्री सिंह ने किसानों से अपील किया कि अस्वीकृत अथवा अज्ञात प्रजातियों के गन्ने की बुवाई कदापि ना करें।

# इटवा में गैस सिलेंडर चोरी का खुलासा : गड्ढे से 6 सिलेंडर बरामद

- इटवा पुलिस ने एक को हिरासत में लिया, सीओ पवीन प्रकाश ने दी जानकारी

**एजाज़ सिद्दीक़ी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र के इटवा गैस गोदाम में हुए गैस सिलेंडर चोरी का इटवा पुलिस ने हफ्ते भर के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और चोरी हुए गए छः सिलेंडर बरामद कर लिए हैं। यह घटना लगभग हफ़्ता भर पहले इटवा स्थित राजा गैस एजेंसी के गोदाम पर हुई थी।

घटना की सूचना मिलते ही इटवा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुटी रही आज मुखबिर की सूचना पर दुबारा चोरी का प्रयास कर रहे युवक को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने धर दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर इस घटना में पुलिस ने घर से दो व निर्माणाधीन मकान के गड्ढे से चार सिलेंडर सहित छह गैस सिलेंडर बरामद किए। इस मामले में शिवम नामक आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

इटवा सीओपुलिस पवीन प्रकाश ने बताया कि इटवा क्षेत्र में गैस गोदाम से हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए 6 गैस सिलेंडर और एक हेक्सा ब्लेड (आरी) बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 5/6 अप्रैल 2026 की रात कस्बा इटवा स्थित एक गैस गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा 6 भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी कर लिए गए थे। थाना इटवा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना इटवा पुलिस व एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवम मिश्रा निवासी ग्राम सगराजोत, थाना इटवा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 2 गैस सिलेंडर बरामद किए, जबकि उसकी निशानदेही पर छिपाकर रखे गए 4 अन्य सिलेंडर भी बरामद कर लिए गए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस टीम की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# सेखुई में वार्षिकोत्सव सम्पन्न, सेवानिवृत्त शिक्षक का हुआ सम्मान



**अवधनामा संवाददाता**

**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** विकास खंड उस्का बाजार के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेखुई में सोमवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ओपी मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड सभासद प्रतिनिधि अभिषेक त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश मिश्र को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दिनेश मिश्र ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम का महत्व बताया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभय श्रीवास्तव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रूपेश सिंह, सुभाष जायसवाल सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। प्रभारी प्रधानाध्यापिका माहेंजबी अंसारी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पत्रकार की मौत पर भड़का ग्रामीण पत्रकार एसो. मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

- पत्रकार के परिवार को नौकरी समेत तत्काल मुआवजा दिलाने समेत 7 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जिले में हाईटेंशन तार टूटने से पत्रकार रंजीत तिवारी की हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, जनपद इकाई गोण्डा ने इस घटना को विद्युत विभाग की घोर लापरवाही बताते हुए मंडलायुक्त को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी व मंडल महामंत्री बाग़ीश तिवारी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि हादसा अत्यंत दुखद और चिंताजनक है, जिससे पूरे पत्रकार समाज में आक्रोश है। संगठन ने मृतक पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि जनपद में जर्जर और लटकती विद्युत लाइनों को तत्काल हटाकर उन्हें भूमिगत किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जांच टीम से संदिग्ध अधिकारियों को हटाने और पूरे जिले में विद्युत व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाने की भी मांग की है। इसके अलावा पत्रकारों के लिए बीमा, श्रम कार्ड, स्थायी समिति की नियमित बैठकें तथा जनपद मुख्यालय पर पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी उठाई गई है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं की गई तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा मौके पर संगठन के संरक्षक राजकुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, प्रदीप कुमार तिवारी,.. सुरेश मिश्रा, रणविजय सिंह, राहुल शुक्ला,. अशोक पाठक.,प्रदीप तिवारी बुलेट ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष गोंडा विष्णु प्रताप मिश्रा, तहसील अध्यक्ष मनकापुर, राकेश, दत्त राम पांडे, तहसील अध्यक्ष करनैलगंज श्रीनाथ रस्तोगी, तहसील अध्यक्ष तरबगंज, योगेश कुमार पांडे। सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय शिक्षक महासंघ ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**गोण्डा।** अखिल भारतीय शिक्षक महासंघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्ञ्श्वज्ञ) की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की। महासंघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि भारत सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति की जाती रही है। इन नियुक्तियों में उस समय निर्धारित शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यताओं को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का ही चयन किया गया था। ज्ञापन में कहा गया कि 23 अगस्त 2010 को भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र के अनुसार नई भर्तियों में टीईटी को अनिवार्य किया गया था, जबकि उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस अनिवार्यता से छूट दी गई थी। विभिन्न राज्यों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम अलग-अलग तिथियों में लागू किया गया।

## मुंबई से लौट रही बुजुर्ग महिला का खोया बैग बरामद



**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय पुलिस ने कर्तव्यनिष्ठा और त्वरित कार्रवाई का उदाहरण पेश करते हुए एक बुजुर्ग महिला का खोया हुआ सामान सुरक्षित बरामद कर उन्हें सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, बांसी कोतवाली के ग्राम देवभरिया की निवासी बुजुर्ग महिला श्रीमती इंदिरावती मुंबई से अकेले अपने घर वापस आ रही थीं। बांसी रोडवेज बस स्टैंड पर उतरते समय अफरा-तफरी में उनके दो महत्वपूर्ण बैग गायब हो गए। काफी तलाश करने के बाद भी जब बैग नहीं मिले, तो महिला ने इसकी सूचना तत्काल बांसी थाने में कोतवात मृत्युंजय पाठक को दी प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर हेड कांस्टेबल सुनील दुबे व कास्टेबल घंश्याम सिंह को इस मामले की जानकारी देकर भेजा।बुजुर्ग महिला की परेशानी को देखते हुए बांसी पुलिस तुरंत हरकत में आई। बांसी कोतवाली के हेड कांस्टेबल सुनील दूबे व कांस्टेबल घनश्याम सिंह ने बिना समय गवाए मौके पर पहुंचकर सघन खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम के अथक प्रयासों के बाद कुछ ही समय में महिला के दोनों बैगों को बरामद कर लिया गया।

## रैली को सदर विधायक ने झंडी दिखाकर किया रवाना



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जन जागरूकता के उद्देश्य से विकास क्षेत्र बर्डपुर में ब्लॉक स्त्रीय 'स्कूल चलो अभियान, विशेष नामांकन पखवाड़ा तथा संचारी रोग नियंत्रण' रैली निकाली गई। रैली को सदर विधायक श्यामधनी राही ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तथा स्वयं शिक्षकों एवं बच्चों के साथ नगर का भ्रमण कर लोगों को बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए आह्वान किया ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर से सभी बच्चे अपने-अपने हाथों में स्लोगन लिखी हुई तख्तियां और बैनर लेकर नगर का भ्रमण किया। पूरे बस्ती में गूंजे नारा, शिक्षा है अधिकार हमारा। बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो। हर घर में किरण जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, आदि नारे लगाते हुए लोगों को शिक्षा और नामांकन के प्रति जागरूक किया।

## जलालपुर बड़ी दरगाह में आयोजित शोक सभा में सैयद अली ख़ामनाई को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** चिलवनिया स्थित इतिहासिक कर्बला बड़ी दरगाह में ईरान के सर्वोच्च नेता सय्यद अली खामेनेई की चालीसवें की मजलिस शोक सभा में विभिन्न धर्मों के विद्वान एवं विचारक समलित हुए। शोक सभा में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने अपने सम्बोधन में भारत- ईरान की सदियों पुरानी दोस्ती का हवाला देते हुए कहा कि हमारे रहबर की इज़राइल-अमरीका के बर्बरतापूर्ण हमले में हुई शहादत पर ईरान के प्रति भारत की जनता की जो सहानुभूति दिखी हम कभी भी फरामोश नहीं कर सकते। लखनऊ स्थित टीले वाली मस्जिद के पेश इमाम मौलाना फ़ज़्ले मन्नान रहमानी ने कहा कि सय्यद अली खामेनेई की शहादत ने पूरी मिल्लत को एक कड़ी में पिरो दिया। स्वामी श्री सारंग जी महाराज ने कहा कि भारत की जनता ईरान के साथ खड़ी है। इससे पूर्व शोक सभा में आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना कल्बे रूशैद,मौलाना तकी हैदर नक़वी सय्यद अली खामनेई को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैयद अली ख़ामनाई की शहादत की याद में जलसे का आयोजन

- ईरानी कल्चर से चलकर आए डॉ हकीम इलाही का हुआ भव्य स्वागत

**दानिश मेहदी**



**अंबेडकरनगर।** जनपद के मीरानपुर मोहल्ले इमाम बारगाह में भारत में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहबर मोअज्जम के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने अपने संबोधन में कहा कि जिंदगी के लिए अपनी वैल्यू जरूरी समझनी चाहिए , अगर आप कुछ दे रहे है तो बदले में उसी मूल्य का सामान चाहिए कार्यक्रम को संबोधित करते प्रतिनिधि हकीम इलाही ने कहा आपकी जिंदगी हीरे से भी ज्यादा कीमती है इसलिए इसके बदले कम से कम जन्नत जरूर मांगे, सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई उन लोगों की आवाज़ थे जिनकी अपनी कोई आवाज़ नहीं थी। अपने संबोधन में कहा की यहां सभी लोग अपने मन से आए हैं। किसी ने भी उन्हें यहां आने के लिए मजबूर नहीं किया, इसका अर्थ यह है कि भारत की धरती निष्ठा, मानवता और नैतिकता की धरती है।

अंबेडकरनगरमें ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अली हुसैनी खामेनेई की मौत के 40 दिन पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम को सबोधित करते हुए भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के आधिकारिक प्रतिनिधि अयातुल्ला डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा की अली खामनई इंसानियत की मिसाल थे कार्यक्रम में शिया और सुन्नी समुदाय के सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया

ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने भारत और ईरान के बीच गहरे ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा की ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि ने कहा, भारत से किसी भी तरह का संघर्ष या तनाव नहीं चाहते दोनों देशों के बीच अटूट सांस्कृतिक संबंध, ईरान सहयोग के नए आयाम स्थापित करने का इच्छुक थे

ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने भारत और ईरान के बीच गहरे ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए दोनों देशों की मित्रता को पांच हजार साल पुरानी बताया है।

उन्होंने बताया कि खामेनेई द्वारा लिखी गई पहली पुस्तक भारत के विषय पर ही थी, जो दो खंडों में प्रकाशित हुई थी। यह भारत के प्रति उनके गहरे सम्मान और लगाव को दर्शाता है। इलाही के अनुसार, खामेनेई अक्सर भारत के साथ बेहतर सहयोग और तालमेल पर जोर देते थे। यही नहीं, उनके उत्तराधिकारी और पुत्र अयातुल्ला मोज्तबा खामेनेई भी भारतीयों की प्रशंसा करते रहे हैं। इलाही ने बताया कि ईरान में मुलाकातों के दौरान उन्हें अक्सर यह सुनने को मिला कि भारतीय लोग बहुत ईमानदार, दयालु, बुद्धिमान और वफादार होते हैं। ईरान का नेतृत्व भारत को केवल एक पड़ोसी नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साझेदार के रूप में देखता है। सबोधन का समापन दुआ और रहबर मोअज्जम खामेनेई की रूह के लिए फ़ातिहाख़्वानी के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर रहबर मोअज्जम के संदेश – इंसानियत, इख़लाक़ और ख़िदमत– को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना हैदर अब्बास ने करते हुए कहा की रहबर इन्केलाब इंसानियत की मिसाल थे ख़मनाई साहब लकिन अफ़सोस इस बात का है की उनकी शहादत के बाद पूरी दुनिया उनको जान सकी।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रतिभा सम्मान खोज परीक्षा के नतीजे घोषित

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** भीमराव अंबेडकर के 136वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर आयोजित 'प्रतिभा सम्मान खोज प्रतियोगिता परीक्षा 2026' के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

यह परीक्षा 16 मार्च 2026 को मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज, भसड़ा टांडा अम्बेडकरनगर एवं शास्त्री औद्योगिक इंटर कॉलेज, कासिमपुर (अंबेडकर नगर) में संपन्न हुई थी। परीक्षा समिति के अनुसार, परिणाम 13 अप्रैल 2026 को जारी किए गये है द्य जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न इंटर कॉलेजों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया द्य जारी सूची के अनुसार, प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले तीनों छात्रों को 20,000 - 20,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा तीन छात्रों को जिन्होंने द्वितीय स्थान व तीन छात्रों को जिन्होंने तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 15,000 - 15,000 व 10,000 - 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

यह पुरस्कार आर्यन एजुकेशनल ट्रस्ट एवं मां तिलेसरा देवी महाविद्यालय द्वारा दिए जाएंगे। परीक्षा समिति के कोर्डिनेटर डॉ सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जाएगी।

## वार्ता नाकाम, जंग जारी रहेगी

अमरीका-ईरान की शांति-वार्ता नाकाम और बेनतीजा रही। यही इसकी नियति थी। हालांकि बेहद महत्वपूर्ण कूटनीतिक प्रयास किया गया था कि दोनों दुश्मन देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे, तीन चरण की बातचीत 21 घंटे चली, लेकिन जिद और अमरीका की 'लठैतबाजी' के कारण वार्ता विफल रही। सितंबर, 2013 के बाद यह दूसरा मौका था, जब अमरीका और ईरान के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे और संवाद किया। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी को आमंत्रित किया था। तब भी बुनियादी मुद्दा परमाणु कार्यक्रम का था। तत्कालीन अमरीकी विदेश मंत्री जॉन कैरी और ईरानी समकक्ष मुहम्मद जावेद जरीफ के दरमियान बातचीत हुई थी, नतीजतन 2015 में 'परमाणु करार' हुआ था। बेशक बाद में उसे रद्द कर दिया गया। इस बार अमरीका यह चाहता था कि ईरान का करीब 450 किग्रा. सर्वर्धित यूरेनियम नष्ट किया जाए अथवा अमरीका को अपने देश ले जाने दिया जाए। इस पर समझौता कैसे संभव था? ईरान ने परमाणु कार्यक्रम छोडऩे से ही साफ इंकार कर दिया। हालांकि परमाणु बम बनाने की रणनीति अभी स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता रूस का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बना चुका है। यह बेहद खौफनाक और विध्वंसकारी खबर है, लेकिन हमें ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की घोषणा का इंतजार करना चाहिए। अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परमाणु मुद्दे पर ईरान के अड़े रहने पर ही शांति-वार्ता की नाकामी की घोषणा की और प्रतिनिधिमंडल समेत सुबह 7.35 बजे ही वॉशिंगटन लौट गए। ईरान पक्ष का दावा है कि 2-3 मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी। अमरीका को बातचीत से निकलने और दोबारा युद्ध छेडऩे का बहाना चाहिए था, लिहाजा उसने वार्ता को विफल करार दे दिया। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया कि निकट भविष्य में फिर वार्ता शुरू करने की कोई योजना नहीं है।

अब गेंद अमरीका के पाले में है। ईरान ने यह भी कहा कि होर्मुज पर पेंच फंसा रहा। वहां अब भी ईरान का नियंत्रण रहेगा और अमरीका-इजरायल के जहाज वहां से गुजर नहीं पाएंगे। ईरान की फ्रीज संपत्तियों और पाबंदियों पर अमरीका ने कोई बातचीत ही नहीं की। गौरतलब है कि अमरीका ने ईरान पर 711 पाबंदियां थोप रखी हैं और ईरान की 11 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ ने जब्त कर रखी हैं। एक बयान यह भी है कि ईरान 93 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियों को जारी करने की मांग कर रहा है। उसकी अरबों की संपत्तियां जापान और चीन की जब्ती में भी हैं। दरअसल गंभीर और मौजू सवाल यह है कि क्या अमरीका ईरान पर नए सिरे से युद्ध थोपेगा? राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि अमरीका में ही उनकी लोकप्रियता काफी नीचे आ गई है। सीनेट और कांग्रेस (संसद) के 67 सांसदों ने मांग की है कि राष्ट्रपति ट्रंप को पद से हटाया जाए। यह मांग महाभियोग में तबदील हो सकती है। अमरीका में ही पेट्रोल आदि के दाम 35 फीसदी बढ़ गए हैं, जो अभूतपूर्व हैं। क्या राष्ट्रपति ट्रंप के पास युद्ध का ही विकल्प शेष है? होर्मुज अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है। उसके बंद रहने से 1.5 करोड़ बैरल तेल हररोज आवाजाही नहीं कर पाता है। करीब 9 करोड़ टन सालाना कतर और संयुक्त अरब अमीरात की एलएनजी का निर्यात इसी रास्ते से होता था, वह भी प्रभावित है। युद्ध के कारण इन देशों ने उत्पादन ही लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमलों में एलएनजी के संयंत्रों की भारी तबाही हुई है। भारत के भी 14-15 जहाज, टैंकर अभी होर्मुज पर फंसे हैं। भारत में गैस का ऐसा संकट है कि लोग फिर से कोयले की अंगीठी या मिट्टी के तेल के स्टोव पर आ रहे हैं। बाजार में उनके दाम भी कई गुना कर दिए गए हैं। होर्मुज बंद रहेगा, तो भारत कब तक ऊर्जा-संकट, गैस-संकट और खाद्य-संकट को टाल सकता है? क्या अमरीका को यूरेनियम ही दिखाई देता है? युद्ध के कारण जो 30 लाख ईरानी विस्थापित हो गए, करीब 1 लाख रिहायशी घर ध्वस्त हो गए, ईरान कब्रिस्तान-सा बन गया, करीब 140-145 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है, क्या ट्रंप को उनकी चिंता नहीं है?

## क्यों डा अम्बेडकर सभी दलों के लिए स्वीकार है?

भारत के लोकतंत्र की एक अच्छी विशेषता यह है कि वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सत्ता संघर्ष के बावजूद कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें सभी दल समान श्रद्धा और स्वीकार्यता प्रदान करते हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ऐसे ही व्यक्तित्व हैं, जिनकी स्वीकृति केवल एक वर्ग या दल तक सीमित नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में समान रूप से प्रतिष्ठित है। इस व्यापक स्वीकार्यता के पीछे सबसे बड़ा कारण उनका बहुआयामी योगदान है। एक ओर वे भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार हैं, तो दूसरी ओर वे सामाजिक न्याय के सबसे प्रखर प्रवक्ता हैं। आपकी अध्यक्षता में निर्मित संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की विविधता, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। इस संविधान ने भारत के विविध जाति,धर्म, भाषा,लिंग और राज्यों के लोगों को एक साझा मंच प्रदान किया। यही कारण है कि सभी राजनीतिक दल संविधान के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए डॉ. अम्बेडकर के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं।


डा. मनमोहन

डॉ. अम्बेडकर की स्वीकार्यता का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है उनका सामाजिक संघर्ष है। उन्होंने जीवनभर जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। उनका यह संघर्ष केवल दलित समाज के लिए नहीं था, बल्कि एक ऐसे भारत के निर्माण के लिए था जहाँ प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। आज सभी राजनीतिक दल सामाजिक न्याय, समावेशन और समानता की बात करते हैं,ये सभी विचार कहीं न कहीं डॉ. अम्बेडकर की ही देन हैं। इसलिए कोई भी दल उनके विचारों से स्वयं को अलग नहीं कर सकता। उनकी विचारधारा में लोकतंत्र के प्रति गहरा विश्वास भी सभी दलों को आकर्षित करता है। उन्होंने लोकतंत्र को केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन पद्धति माना। उनकी यह सोच कि 'लोकतंत्र केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी होना चाहिए' आज भी प्रासंगिक है। विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद, सभी दल लोकतांत्रिक मूल्यों को स्वीकार करते हैं और इसी कारण वे डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों को अपना आधार मानते हैं, और डा.अंबेडकर को अपना मानते हैं। डॉ. अम्बेडकर का व्यक्तित्व संघर्ष, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है, जिसे हर दल अपने समर्थकों के सामने आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। यह प्रेरणात्मक पक्ष उन्हें केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्रतीक बना देता है।

इसके अतिरिक्त, डॉ. अम्बेडकर ने धर्म, अर्थशास्त्र, राजनीति और समाजशास्त्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में गहन विचार प्रस्तुत किए। उनका दृष्टिकोण केवल एक मुद्दे तक सीमित नहीं था, बल्कि वे एक समग्र चिंतक थे। यही बहुआयामिता उन्हें हर विचारधारा के लिए प्रासंगिक बनाती है। चाहे वामपंथ हो, दक्षिणपंथ या मध्यमार्ग, सभी को उनके विचारों में अपने-अपने पक्ष का आधार मिल जाता है। अतः यह कहना उचित होगा कि डॉ. अम्बेडकर किसी एक दल या विचारधारा के प्रतिनिधि नहीं थे, बल्कि वे भारतीय समाज के समग्र उत्थान के प्रतीक थे। उनकी विरासत इतनी व्यापक और समावेशी है कि उसे सीमित करना संभव नहीं। यही कारण है कि आज भी भारत की राजनीति में यदि कोई नाम सर्वमान्य और सर्व-स्वीकार्य है, तो वह डॉ. भीमराव अम्बेडकर का है, जिनका सम्मान करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की अनिवार्यता बन चुका है। अतः डा अम्बेडकर के नाम राजनीति करने से सभी को बचना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

### 'जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तो भारत मजबूत होता है। घर की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज़ तक, यह एक नए और आत्मविश्वास से भरे भारत की परिकल्पना है।' -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज़

भारत की महिलाएँ सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेयी ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गई। फिर भी, स्वतंत्र भारत—जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14.4 प्रतिशत तक ही पहुँच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से 'मेहमान' बनकर ही रह गईं।


आर. विमला

हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। 'संरक्षणात्मक भेदभाव' के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही हैः 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। जिन जगहों पर महिलाएँ शासन करती हैं, वहाँ पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ़-सफ़ाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियाँ स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया** – वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बताया: 'यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है।'

यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का




यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थी: अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी।

इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं—ये वही क्षेत्र हैं, जहाँ भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि ज़मीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुँचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था।

'पीएम उज्ज्वला योजना' के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। 'मुद्रा' योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनः प्रत्येक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुज़ारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण** – भारत को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधायी प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगाः चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत' (2047 तक एक विकसित भारत) का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुँच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहाँ सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा हैः 'भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएँ न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी।' नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है। इसने उस विद्वत्ता, साहस और नेतृत्व करने की इच्छाशक्ति के लिए एक संस्थागत स्थान सुनिश्चित कर दिया है, जो महिलाओं में पहले से ही मौजूद है।

शौचालय की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज़ तक, यह मात्र एक विधायी यात्रा नहीं है। यह एक ऐसे राष्ट्र की कहानी है जिसने अंततः पूर्णता की ओर बढ़ने का निर्णय लिया है। 'आधी आबादी को आखिरकार सुना गया। नज़रिया साफ़ है। ये मुहीम जारी रहेगी।'

# डा0 भीमराव अम्बेडकर व्यक्ति से विचार की यात्रा

भारतीय संविधान के शिल्पकार और करोडो लोगो के प्रेरणा स्रोत बाबा साहब डा0 भीम राव अम्बेडकर की जन्म जयन्ती 14 अप्रैल पर उन्हे याद करना मात्र एक नवीन परम्परा नहीं है बल्कि उनके महान संघर्षो के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है। डा0 अम्बेडकर ने न केवल देश का संविधान लिखा बल्कि सदियों से चले आ रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और समाज के सबसे निचले पायदान पर खडे व्यक्ति को स्वाभिमान के साथ जीना सिखाया। डा0 अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को एक बहुत ही साधारण अछूत परिवार में हुआ था। बचपन में उन्हे जातिगत भेदभाव और छुआ-छूत जैसी सामाजिक कुरीतियो का सामना करना पड़ा, अपनी प्रारम्भिक शिक्षा के समय विद्यालय में अलग बैठना हो या पानी पीने के लिए दूसरो पर निर्भर रहना हो या न्यूनतम जीवन निर्वाह की दिन-प्रतिदिन की क्रियाओं में भेदभाव पूर्ण व्यवहार हो, उन्होने हर अपमान को अपनी शक्ति बनाया। अपनी विद्ववता के बल पर निरन्तर संघर्ष करके उन्होने दुनिया के बेहतरीन कोलम्बिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स पी0एच0डी0 की डिग्रियां हासिल की इसके साथ ही डी0एस0सी0 और एल0एल0डी0 एंव कई ऑनरेरी उपाधियों सहित लगभग 32 डिग्रियां प्राप्त की और सिद्ध किया कि शिक्षा ह ीवह माध्यम है जिससे गुलामी की जंजीरे तोड़ी जा सकती है और बुरे व विवशता पूर्ण दिनो को अच्छे दिनो में बदला जा सकता है। यही कारण है कि डा0 अम्बेडकर ने संघर्षरत लोगो को सरल त्रयी संदेश दिया शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो अर्थात सम्मान, समता, सदाचार, न्याय प्राप्त करने के लिए शिक्षित बनो। जीवन में अनुशासन, एकता और शक्ति प्राप्त करने के लिए संगठित रहो। इसी प्रकार मानवीय गरिमा प्राप्त करने व राष्ट्रगौरव बढाने के लिए संघर्ष करो।


प्रो0 सुभाष चन्द्रा

डा0 अम्बेडकर का मानना था कि सामाजिक एवं सामुदायिक उन्नति के लिए अच्छी नागरिको का होना आवश्यक है। यही कारण है कि उन्होने भारतीय जीवन में व्याप्त सामाजिक अन्याय को खत्म करने के लिए सामाजिक न्याय की आधार शिला रखी। डा0 अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की धारणा एक ऐसी जीवन पद्धति है जिसके अनुसार समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उचित स्थान मिलना चाहिए। लेकिन उचित स्थान का मतलब यहाँ जन्म आधारित सामाजिक प्रतिष्ठा नही है। इसका सीधा अर्थ वह योग्यता या गुण है जिसके अनुसार सभी व्यक्तियों को सही-सही सामजिक प्रतिष्ठा मिले, डा0 अम्बेडकर का मानना था न्याय का अर्थ सम्मान पूर्वक रहे और रहने दें, सभी को मान सम्मान मिले, किसी के प्रति हिंसा न की जाय, स्थाई अथवा तथाकथित निर्धारित वर्गो में बांटे बिना प्रत्योक व्यक्ति को अपना विवेकपूर्ण हिस्सा मिले, समान अधिकारो की स्वीकृति, संवैधानिक कर्तव्यो का निर्वाह, सामाजिक दायित्वो और विधिक कर्तव्यों की अनुपालना, बेगारी तथा भुखमरी से बचाव कुछ प्राथमिकताओं सहित सभी को समान अवसरो की सुलभता, शिक्षा की उपलब्धता और अन्ततः स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व तथा राष्ट्रीय एकता सहित मानव व्यक्ति



की गरिमा है। डा0 अम्बेडकर की दृष्टि में सामाजिक न्याय के सिद्धान्त का सीधा सम्बन्ध भारत की एकता और अखण्डता से है अर्थात मातृ भूमि में रहने वाले रहने वाले सभी नागरिक सामान्यतः भाई-भाई है और सभी भारतीय एक राष्ट्र है। डा0 अम्बेडकर का स्पष्ट मानना था कि सामाजिक न्याय के निश्चय ही अन्य पहलू भी है पर स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के मूल्य कही अधिक प्रासंगिक है। क्योकि ये सम्पूर्ण मानवता प्रतिनिधित्व करते है। हम देखते है कि डा0 अम्बेडकर की न्याय की संकल्पना बहुआयामी और अत्यन्त सरल है। आज आजादी के लगभग आठ दशक पूरे होने वाले है, इन दशको में लोकतांत्रिक ढंग से सामाजिक न्याय के स्तर पर बहुत कुछ हासिल हुआ है। सवैधानिक प्रावधानो के तहत सत्ता पर उच्च वर्गो का जन्मसिद्ध अधिकार समाप्त होने और निम्नतम व्यक्ति को उच्चतम स्थान पर पहुँने का अवसर प्राप्त होने के दूरगामी परिणाम अब दिखाई देने लगे है। समप्रति सत्ता पर उच्च जातियों की पकड़ ढीली हुई है और उनका एकाधिकार समाप्त होने की स्थिति में है। सभी क्षेत्रो में जन भागीदारी बड़ी है किन्तु अभी आधी आबादी तथा पिछडो, दलितो, जनजातियों एवं निर्धनो को अपने उज्जवल भविष्य के लिए वर्तमान से संघर्ष करना है। इसके लिए बाहरी दुनिया से कोई समर्थन के लिए नही आयेगा बल्कि उन्हे खुद ही शिक्षित होना होगा, जागरूक बनकर एकताबद्ध होना होगा, तत्पश्चात अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करना होगा। इस अहिंसक संघर्ष में उन्हे डा0 अम्बेडकर के विचारो से प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा। डा0 अम्बेडकर ने समानता, स्वतंत्रता, न्याय और भ्रातृत्व भाव के आधार पर स्वतंत्र भारत के संविधान की रचना की। भारतीय संविधान हमारे राष्ट्रीय जीवन में बहुत बड़ा महत्व रखता है, क्योकि यह एक संक्रम की तरह है संक्रम अर्थात नावो से बना हुआ पुल।

अलग-अलग प्रान्त, अलग-अलग वर्ग, सबकी अलग-अलग नावे थी, उन सबको जोडकर जो संक्रम बना है, सबकी इच्छा से, सबकी सहमति से वह हमारा संविधान है। यह संविधान जिसकी सब शपथ लेते है चाहे वह हमारी विधिक सभाओं के सदस्य हो, चाहे मंत्री हो या चाहे मत्रियों के प्रमुख हो, प्रधानमंत्री हो, न्याय पालिकाओं के न्यायाधीश हो, सबके सब इस संविधान की शपथ लेते है, इसे शिरोधार्य करते है। संविधान भारतियों के गौरव तथा भारत की एकता को साकार करता है वास्तव में संविधान की पृष्ठ भूमि में भारतीय विचारो व मूल्यो की आधार भूमि है। भारतीय संविधान राष्ट्र की ही अभिव्यक्ति है। इसकी प्रस्तावना में भारतीयता की भावना निहित है। संविधान के पूर्ण व लागू होने पर डा0 अम्बेडकर का मानना था कि संविधान में उन्होने कोई विशेष नई बात की है और न ही केलव समानता की बात की है बल्कि हमने जो बात कही, वह यह है कि परस्पर आत्मीयता, करूणा और संवेदनशीलता अर्थात एक दूसरे को अपना मानना और स्वतंत्र रूप से न्याय करने की हिमायत की है।

संविधान का उद्देश्य स्वतंत्रता, समानता एवं भ्रातृत्व के सिद्धान्तो पर आधारित एक नई सामाजिक व राजनैतिक व्यवस्था की स्थापना करना है जिसमें सत्ता पर किसी वर्ग विशेष का सदा अधिपत्य नही बना रहे। प्रत्यक्ष रूप से संविधान का उद्देश्य अपने सभी नागरिको के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रा, प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता तथा व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता व अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता सुरक्षित करना है।

डा0 अम्बेडकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के प्रबल हिमायती थे। डा0 अम्बेडकर ने महिलाओं को हिन्दू कोड बिल व अन्य विधिक प्राविधानो के जरिये समाज में पुरुषो के बराबर समान स्थान दिलाने की नीव रखी, मातृत्व अवकाश व विशेष परिस्थितियों में महिलाओं को विधिक उपबन्धो के तहत न्याय पूर्ण व्यवस्था की। डा0 अम्बेडकर ने महिलाओं को सम्मान ही नही दिया बल्कि समाज को यह भी सिखाया कि इनकी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन से कोई समझौता नही हो सकता है।

डा0 अम्बेडकर ने केवल महिलाओं, दलितो एवं अन्य पिछडे वर्गो के उत्थान के लिए ही नही बल्कि सम्पूर्ण समाज के विकास के लिए कार्य किये। डा0 अम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था, विधि वेत्ता, अर्थशास्त्री एवं एक सक्रिय राजनैतिक व्यक्ति थे जिन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। डा0 अम्बेडकर का एक व्यक्ति कि रूप में जन्म हुआ, एक व्यक्तित्व के रूप में हम सब उनको जानते है।

# कसीरूल-सकाफ्ती मुल्क में बैनुल मज़ाहिब मकालमे की अहमियत

**इंशा वारसी**

सोशल मीडिया बसा-औक़ात ऐसे तफ़रक़ा-अंगेज़ बयानियों को हवा देता है जो मुख्तलिफ़ तबक़ात के दरमियान कशीदगी का बाइस बन सकते हैं। झूटी कहानियां या मज़हबी तालीमात की ग़लत तशरीहात बाहमी बे एतमादी पैदा कर सकती हैं। ऐसे में बैनुल मज़ाहिब मुकालमा इन मनफ़ी बयानियों के ख़िलाफ़ एक ताक़तवर ढाल का काम करता है। जब मुख्तलिफ़ बिरादरियों के दरमियान गहरे और मज़बूत ताल्लुक़ात अस्तवार हों, तो लोग अफ़्वाहों पर यक़ीन करने के बजाय हक़ायक़ की तसदीक़ को तरजीह देते हैं।

भारत जैसे वसी मुल्क में मुख्तलिफ़ मज़ाहिब, ज़बानों, सक़ाफ़्तों और रिवायात के मानने वाले शाना बशाना रहते हैं। वाराणसी के मंदिरों से लेकर दिल्ली की मसाजिद तक, और गोवा के गिरजा-घरों से लेकर अमृतसर के गुरुद्वारों तक, ये मेल-मिलाप ना सिर्फ हर जगह नज़र आता है बल्कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी में गहराई तक रचा बसा है। ताहम, ये तसवीरें अपने साथ कई चैलेंजेज़ भी लातें हैं। जब मुख़्तलिफ़ तबक़ात एक दूसरे को समझने में नाकाम रहते हैं, तो ग़लत-फ़हमियाँ, तअस्सुबात और बाज़-औक़ात तनाज़आत जन्म लेते हैं। यही वो मुक़ाम है जहां बैनुल मज़ाहिब मुकालमा महज़ अहम ही नहीं बल्कि नागुज़ीर हो जाता है। बैनुल मज़ाहिब मकालमे का सादा सा मतलब मुख़्तलिफ़ मज़हबी पस-ए-मंज़र रखने वाले लोगों का एक जगह जमा होना है, ताकि वो एक दूसरे के अक़ाइद और तर्ज़-ए-इबादत के बारे में बात कर सकें, उन्हें सुन और समझ सकें। इसका मक़सद किसी का मज़हब तबदील करना या एक अक़ीदे को दूसरे पर बरतर साबित करना हरगिज़ नहीं है। बल्कि उसकी असल ग़रज़-ओ-ग़ायत बाहमी एहतराम, एतमाद और पुरअमन बकाए बाहमी को फ़रोग़ देना है।

खुद भारत की तारीख़ हमें इस किस्म के मकालमे की अहमियत बताती है। ''कसरत में वहदत'' (यूनिटी इन डाइवर्सिटी) का तसव्वुर इस मुल्क की शनाख्त का महवर (धुरी) रहा है। महात्मा गांधी जैसे रहनुमाओं का पुख्ता यक़ीन था कि तमाम मज़ाहिब सच्चाई पर मबनी हैं और उनका यकसाँ एहतराम किया जाना चाहिए। वो अक्सर मुख्तलिफ़ मज़ाहिब के पैरोकारों के साथ बातचीत करते और हम-आहंगी की हौसला-अफ़ज़ाई करते थे। इसी तरह, मौलाना अबुल-कलाम आज़ाद ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत की ताक़त उसकी मुशतर्का तहज़ीब में पोशीदा है, जहां कई मज़ाहिब पुरअमन तौर पर एक साथ हैं।

बैनुल मज़ाहिब मकालमे का एक सबसे बड़ा फ़ायदा ये है कि ये ख़ौफ़ और ग़लत-फ़हमियों को कम करता है। अक्सर लोग इसी चीज़ से डरते हैं जिसे वो जानते नहीं हैं। जब मुख्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले अफ़राद एक दूसरे के साथ मेल-जोल बढ़ाते हैं, तो वो एक दूसरे को मज़हबी शनाख्त या किसी का लेबल लगाने के बजाय एक इन्सान की हैसियत से देखना शुरू कर देते हैं। एक हिंदू का किसी मुसलमान से गुफ़्तगु करना, एक मसीही का किसी सिक्ख को सुनना, या एक जैन मत के पैरोकार का किसी बुध मत के मानने वाले के साथ तबादला-ए-ख्याल करना ये सादा सी गुफ़्तगु बरसों से क़ायम-शुदा तअस्सुबात को पाश पाश कर सकती है। जब लोग बराह-ए-रास्त एक दूसरे की बात सुनते हैं, तो उन्हें एहसास होता है कि बहुत सी इक़दार, जैसे कि हमदर्दी, सच्चाई, मुरव्वत और इन्सानियत का एहतराम, सब में मुश्तर्क हैं।

आज के डीजीटल दौर में ग़लत मालूमात बहुत तेज़ी से फैलती हैं। सोशल मीडिया बसा-औक़ात



ऐसे तफ़रक़ा-अंगेज़ बयानियों को हवा देता है जो मुख्तलिफ़ तबक़ात के दरमियान कशीदगी का बाइस बन सकते हैं। झूटी कहानियां या मज़हबी तालीमात की ग़लत तशरीहात बाहमी बे एतमादी पैदा कर सकती हैं। ऐसे में बैनुल मज़ाहिब मुकालमा इन मनफ़ी बयानियों के ख़िलाफ़ एक ताक़तवर ढाल का काम करता है। जब मुख्तलिफ़ बिरादरियों के दरमियान गहरे और मज़बूत ताल्लुक़ात अस्तवार हों, तो लोग अफ़्वाहों पर यक़ीन करने के बजाय हक़ायक़ की तसदीक़ को तरजीह देते हैं। ये मुकालमा एक ऐसे एहसास-ए-ज़िम्मेदारी और बाहमी रब्त को जन्म देता है जो मुआशरे को आसानी से तक़सीम होने से महफ़ूज़ है।

बैनुल मज़ाहिब मकालमे का एक और अहम किरदार इंतिहापसंदी और शिद्दत पसंदी की रोक-थाम है। जब अफ़राद खुद को तन्हा या ग़लतफ़हमी का शिकार महसूस करते हैं, तो वो इन इंतिहापसंद नज़रियात का शिकार हो सकते हैं जो उनकी शनाख्त का इस्तिहसाल करते हैं। मुकालमा एक ऐसा प्लेटफार्म मुहय्या करता है जहां शिकायात का इज़हार पुरअमन तरीक़े से किया जा सकता है और उन्हें तामीरी अंदाज़ में हल किया जा सकता है। ये एक ऐसा माहौल पैदा करता है जहां लोग ख़ुद को सुना हुआ और मोतबर महसूस करते हैं, जिससे उनके नुक्सानदेह रास्तों की तरफ़ माइल होने के इमकानात कम हो जाते हैं।

बैनुल मज़ाहिब मुकालमा दस्तूर-ए-हिंद की इक़दार से भी गहरा ताल्लुक़ रखता है। भारत का आईन जहां हर शहरी को मज़हबी आज़ादी की ज़मानत देता है, वहीं तमाम शहरियों के दरमियान बराबरी-ओ-मसावात को भी फ़रोग़ देता है। ताहम, महज़ क़वानीन तन्हा हम-आहंगी पैदा नहीं कर सकते; उसके लिए अवाम की भरपूर शिरकत की ज़रूरत होती है। मुकालमा इन आईनी इक़दार को अमली ज़िंदगी में ढालने में मददगार साबित होता है। ये शहरियों की हौसला-अफ़ज़ाई करता है कि वो ना सिर्फ एक दूसरे के अक़ाइद को बर्दाश्त करें, बल्कि दिल से उनका एहतराम करें।

मज़हबी रहनुमाओं पर भी इस सिलसिले में भारी ज़िम्मेदारी आइद होती है। वो अक्सर अपनी बिरादरियों के अंदर सबसे ज्यादा बाअसर आवाज़ तस्लीम किए जाते हैं। जब वो अमन, एहतराम और बकाए बाहमी के पैग़ामात को फ़रोग़ देते हैं, तो उसके इंतिहाई दूर-रस और ताक़तवर असरात मुरत्तब होते हैं। मुख्तलिफ़ मज़ाहिब के रहनुमाओं के मुशतर्का बयानात, एक ही प्लेटफार्म पर उनकी मौजूदगी और समाजी बहबूद के कामों में उनका बाहमी तआवुन एक मज़बूत पैग़ाम देता है कि इख़्तिलाफ़ात के बावजूद इत्तिहाद बना हुआ है। ताहम, बैनुल मज़ाहिब मुकालमा हमेशा आसान नहीं होता। ये सब्र-ओ-तहम्मुल, कुशादा दिली और सुनने के इस जज़्बे का तक़ाज़ा करता है जो इख़्तिलाफ़ात के बावजूद बरक़रार रहे। बाज़-औक़ात ये गुफ़्तगु नागवार या मुश्किल हो सकती है, खासतौर पर जब हस्सास मामलात ज़ेरे बेहस हों। लेकिन मकालमे से गुरेज़ करना सिर्फ दूरियाँ ही बढ़ाता है। तवील मुद्दती हम-आहंगी के लिए दयानतदारी और एहतराम पर मबनी गुफ़्तगु, ख्वाह वो कितनी ही मुश्किल क्यों ना हो, निहायत जरूरी है।

इस बात को यक़ीनी बनाना भी निहायत ज़रूरी है कि बैनुल मज़ाहिब मुकालमा महज़ अशराफ़िया के हलक़ों या रस्मी तक़रीबात तक महदूद ना रहे। उसे अवामी सतह यानी देहातों, छोटे कस्बों और शहरों के मुहल्लों तक पहुंचना चाहिए। हक़ीक़ी तबदीली तब ही आती है जब आम लोग मानी-खेज़ तरीक़े से एक दूसरे से जुड़ते हैं। इस तरह की कोशिशों की बुनियाद शमूलियत पर होनी चाहिए, जिसमें ख़्वातीन, नौजवानों और मुआशरे के पसमांदा तबक़ात की शिरकत को यक़ीनी बनाया जाये। हासिल-ए-कलाम ये है कि बैनुल मज़ाहिब मुकालमा महज़ सँभालने का एक साधन नहीं, बल्कि एक मज़बूत और मुत्तहिद मुआशरे की तामीर की बुनियाद है। भारत जैसे मुल्क में, जहां कसीर शनाख्तें यकजा हैं, मुकालमा वो पुल है जो इख्तिलाफ़ात को जोड़ता है।

# एडवेंचर प्रतियोगिता: असम, एमपी व यूपी के विजेता हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता




**■ पंचदिवसीय स्काउट-गाइड एडवेंचर प्रतियोगिता का गरिमामय समापन**

**बिंदकी / फतेहपुर।** कस्बा बिंदकी के लंका रोड पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित पंचदिवसीय स्काउट-गाइड एडवेंचर प्रतियोगिता का सोमवार को अत्यंत गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। इस अवसर पर असम, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह प्रातः लगभग 11:30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए स्काउट एवं गाइड के प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विविध साहसिक गतिविधियों में भाग लेते हुए अपने साहस, कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी दक्षता और धैर्य का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान विजेता प्रतिभागियों को मंच पर आमंत्रित कर मेडल पहनाए गए तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेताओं का अभिनंदन किया, जिससे पूरे परिसर में उल्लास एवं गौरव का वातावरण व्याप्त हो गया। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन की भावना का विकास करती हैं। साथ ही यह आयोजन राष्ट्रीय एकता एवं आपसी सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया, अपितु उन्हें जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए भी प्रेरित किया।

# माइक्रो प्लान स्कूल व छात्र-छात्राओं वार तैयार किया जाए



**■ जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग अभियान की समीक्षा की**

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक तथा डिप्थीरिया आउट ब्रेक की रोकथाम स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम डिप्थीरिया आउट ब्रेक की रोकथाम को लेकर चर्चा की गयी। अभियान के उद्देश्य, अभियान की महत्वपूर्ण तिथियाँ, कार्यक्रम की रुपरेखा, लक्षित समूह एवं टीकाकरण श्रेणियाँ, जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन रणनीति, विभागों के मध्य समन्वय एवं योजना, प्रचार प्रसार एवं जागरुकता, डिजिटल रिपोर्टिंग एवं डेटा प्रबंधन, एईएफआई प्रबंधन एवं सुरक्षा तथा अंतिम समीक्षा एवं माइक्रो प्लान प्रेषण की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि माइक्रो प्लान स्कूल एवं छात्र छात्राओं वार तैयार किया जाए। टीकाकरण एवं बच्चों के बैठने के लिए अलग अलग कक्ष बनें। आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम की बैठक में ग्राम कुल के लोगों को भी सम्मिलित किया जाए। इसके उपरांत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान को लेकर गम्भीर रहें।

# गेहूं खरीद में कोई बाधा नहीं : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**■ जनपद में 1 लाख 83 हजार वारदाना उपलब्ध, डीएम की सघन निगरानी**

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कैंप कार्यालय से जनपद में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी केंद्र पर वारदाना (बोरी) की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में वर्तमान में 1 लाख 83 हजार वारदाना उपलब्ध हैं, जिससे खरीद कार्य निर्बाध रूप से संचालित है।समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि उपलब्ध वारदाना में मार्केटिंग, पीसीएफ, पीसीयू, एफसीआई एजेंसियों के पास पर्याप्त भंडारण है, जिससे किसानों से गेहूं खरीद में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और खरीद प्रक्रिया पूरी तरह सुव्यवस्थित, समयबद्ध एवं पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर वारदाना की उपलब्धता, गेहूं उठान की स्थिति तथा किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने रामपुरा स्थित केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक तौल एवं पंजीकरण यंत्र को तत्काल अद्यतन कराने के निर्देश दिए, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए और किसानों को प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि गेहूं खरीद केवल खसरा देखकर न की जाए, बल्कि प्रत्येक किसान की किसान पंजीकरण पहचान संख्या के आधार पर शत-प्रतिशत सत्यापन कर ही खरीद सुनिश्चित की जाए। इससे पारदर्शिता बनी रहेगी और वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गेहूं खरीद कार्य को संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपादित करें, ताकि किसानों को बिना किसी असुविधा के समय पर भुगतान एवं सुविधा प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार खाद्य विपणन अधिकारी गोविंद उपाध्याय आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# 'विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि संस्कारों की पाठशाला है'



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** विकासखंड ऐरायाँ के प्राथमिक विद्यालय मलूकपुर में सोमवार को वार्षिकोत्सव, स्कूल चलो अभियान एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क एवं विमर्श प्रमुख) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में घनश्याम, कृष्ण स्वरूप, विजय त्रिपाठी, राधेश्याम दीक्षित एवं जयचंद पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक डॉ अंबिका प्रसाद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। अपने संबोधन में मनोज ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। उन्होंने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार और संस्कृति का विकास कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सकता है। अन्य वक्ताओं ने भी विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# मोहसिना किदवई को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संभल।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर बड़ी भावुक वातावरण में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष मोहसिना किदवई के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे कांग्रेस परिवार में गहरा शोक व्याप्त है आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर धर्म गुरुओं द्वारा उनकी मगफिरत के लिए दुआ की गई सभा में उपस्थित जनपद सम्भल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनता ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखा जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने श्रीमती मोहसिना किदवई के जीवन और उनके अविस्मरणीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मोहसिना किदवई का जन्म 1 जनवरी 1932 को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में हुआ था। वे कांग्रेस पार्टी की एक दिग्गज और सम्मानित नेता थीं, जिन्होंने छह दशकों से अधिक समय तक पार्टी की सेवा की।

# कविता महिला की आवाज़, अधिकार और आत्मनिर्भरता की प्रभावी अभिव्यक्ति है : डॉ. श्वेता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत एक उद्देश्यपूर्ण और विचारोत्तेजक काव्यपाठ का आयोजन कुलपति प्रो. अजय तनेजा के निर्देशन में हाइब्रिड हॉल, अबुल कलाम आज़ाद अकादमिक ब्लॉक में किया गया। इस साहित्यिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, उनकी स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता, समानता और सशक्तिकरण के संदेश को कविता और रचनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना था। इस अवसर पर प्रस्तुत कविताओं और रचनाओं के माध्यम से महिला के अस्तित्व, उसकी पहचान, उसके सपनों और उसके अधिकारों को अत्यंत संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया। कार्यक्रम ने साहित्य को सामाजिक जागरूकता के एक सशक्त माध्यम के रूप में स्थापित किया। हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. आराधना आस्थाना ने काव्यपाठ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भारतीय साहित्यिक परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जो नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों, नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि कविता में महिला केवल सौंदर्य और प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति, साहस, प्रतिरोध और आत्मबोध की भी प्रतीक है। भाषा और साहित्य के माध्यम से महिलाओं की गरिमा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता के संदेश को अधिक गहराई और प्रभाव के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान एजुकेशन विभाग की सहायक प्रो. डॉ. श्वेता अग्रवाल ने कहा कि मिशन शक्ति केवल महिलाओं की सुरक्षा का अभियान नहीं बल्कि उनके मानसिक, शैक्षिक, रचनात्मक और नेतृत्व विकास का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि कविता और साहित्यिक अभिव्यक्ति छात्राओं को अपनी आवाज़ बुलंद करने, अपने अनुभव साझा करने और अपनी पहचान को मजबूत करने का साहस देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### इबादत अल्लाह के लिए करें : मौ. मीसम अब्बास

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** मौलाना मीसम अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा है कि अल्लाह की इबादत अपने मन के लिए न करें बल्कि अल्लाह के लिए करे मौलाना नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह फरमान हुसैन में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अपने मन की इच्छा के लिए की गयी अल्लाह की इबादत अल्लाह की बारगाह में क़बूल नहीं होगी अल्लाह की मर्जी के मुताबिक अल्लाह की इबादत करे जो बारगाह ए इलाही में क़बूल हो जाये। मौलाना ने सैय्यद अली खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सैय्यद अली खामेनेई की याद हमेशा दुनिया में बाकी रहेगी हंक और इंसानियत को बचाने के लिए सैय्यद अली खामेनेई शहीद हुए हैं और शहीद हमेशा जिंदा रहते हैं।



### आंबेडकर जयंती पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए

**सम्भल, बहजोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में दिनांक 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जन्म दिवस समारोह भव्यता पूर्ण मनाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जहाँ जहाँ भी बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं वह साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा नालियों तथा गलियों की भी विशेष साफ सफाई सुनिश्चित की जाए अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्यालयों में 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बाबा साहब के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। कलक्ट्रेट सभागार में भी प्रातः 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाएंगे : बाबू सिंह

अवधनामा संवाददाता



**■ जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का भव्य स्वागत**

**फतेहपुर।** जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट बाबू सिंह यादव ने जीत के बाद कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं से संपर्क कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई वितरित कर उनका जोरदार स्वागत किया।

अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे आगामी 15 दिनों के भीतर अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के हक और सम्मान की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ी जाएगी तथा संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने संरक्षक वसीम अंसारी एवं असलम शेख खां का आशीर्वाद भी लिया और कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग के कारण ही उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यवस्था परिवर्तन और सर्व समाज के सहयोग से ही यह मुकाम हासिल हुआ है।

वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट शिव कुमार अग्निहोत्री से भी मिले और उन्हें माला पहनाकर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता नरोत्तम सिंह, मोहम्मद अयूब, मणि भूषण सिंह, मोहम्मद आसिफ, वजाहत हुसैन, कमरुद्दीन, अरविंद, रामसनेही पासवान, एहसान खान, आसिफ मकसूद, गुलाम जब्बार, बदरुल हक, करीम खान, रणजीत मौर्य, श्रीराम पटेल, शाहजहां, अरविंद यादव, पुरुषोत्तम यादव, नदीमउद्दीन पप्पू सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# टूटे विद्युत पोल से बिजली आपूर्ति बाधित ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** तेज आंधी के कारण टूटे विद्युत पोलों को एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दुरुस्त न किए जाने से रामपुरा देहात क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। हालात यह हैं कि गांव के लोग अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं।

विद्युत उपकेंद्र रामपुरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामपुरा देहात मल्लाहनपुरा में पिछले करीब 10 दिनों से बिजली सप्लाई ठप पड़ी है। आंधी और बेमौसम बारिश के चलते जहां एक ओर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं दूसरी ओर गांव में मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है। बिजली न होने के कारण ग्रामीण न तो पंखों का उपयोग कर पा रहे हैं और न ही अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल पा रहा है। लोग रात में मोमबत्ती और दीयों के सहारे रोशनी कर किसी तरह समय गुजार रहे हैं। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सहित रामलक्षन, तुलसीराम, सोनू, नरेश, बेंचे, रविंद्र, शिवपाल, रामकेश, छोटे, जगदीश, शिव मोहन, समर सिंह, तिलक, रोहित और मुखराम समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से गांव में गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

# आयकर विभाग में चयनित होने पर शिवम यादव को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**■ युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत**

**फतेहपुर।** जनपद के ग्राम साढ़ो का पुरवा (अहिरन का पुरवा) निवासी प्रतिभाशाली युवा शिवम सिंह यादव के एसएससी सीजीएल परीक्षा के माध्यम से आयकर विभाग में चयनित होने पर उनका भव्य सम्मान किया गया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा प्रभारी चौधरी राजेश यादव अपनी टीम के साथ शिवम के आवास पहुंचे और उन्हें राधा-कृष्ण की सुंदर प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ शिवम की इस उपलब्धि का स्वागत किया।

चौधरी राजेश यादव ने कहा कि शिवम सिंह यादव की सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर इस तरह की उपलब्धि हासिल करना आसान नहीं होता, लेकिन दृढ़ संकल्प और लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर मंजिल पाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिवम से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए लगातार प्रयासरत रहें। सम्मान से अभिभूत शिवम सिंह यादव ने अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके परिवार के सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद का परिणाम है। साथ ही युवाओं से मेहनत, धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिवम को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस मौके पर नरसिंह, भूप सिंह यादव, सत्यम यादव, बीडीसी युवा नेता सुरेश सिंह, कुल्लू यादव, प्रताप यादव, पूर्व सब-इंस्पेक्टर जय सिंह यादव, शुभम यादव, गुड्डू यादव सहित क्षेत्र के कई सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# 'खेल युवाओं को समर्पण, अनुशासन का देता है संदेश'



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** ग्रामसभा बेलवारिया में आयोजित स्वर्गीय धीरजी देवी स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रमुख समाजसेविका रीना बिंद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों से मिलकर परिचय के साथ ही उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेविका श्रीमती रीना बिंद ने कहा कि इस प्रकार के खेल मैदान से ग्रामीण युवाओ को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है, आगे चलकर अपने मुकाम हासिल कर खेल जगत में पंहुच कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते है।

उन्होंने कहा कि 'यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का एक मंच है। हम चाहते हैं कि हर युवा खेल के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा पाए और समाज के लिए कुछ करे।' खेल युवाओं को सहयोग, समर्पण, अनुशासन, मैत्री भाव का संदेश देते हैं। खेलों से समूह में कार्य करने की भावना विकसित होती है, जो व्यक्ति के जीवन पर्यंत काम आती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित मंच प्रदान करने की है। ऐसे प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल प्रतिभाओं के विकास में सहायक होता है।

# मोहसिना किदवई की आत्मा की शांति के लिए हुई शोक सभा

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में सोमवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोक सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मोहसिना किदवई के लंबे और समर्पित राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि मोहसिना किदवई ने मेरठ से छठवीं लोकसभा में जीत दर्ज कर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और फिर लगातार आगे बढ़ती रहीं। वे तीन बार सांसद रहीं और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन कांग्रेस के प्रति निष्ठा और समर्पण का उदाहरण रहा।

# परीक्षाफल : बच्चों को मिले पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता




**■ नि:शुल्क पुस्तक वितरण की शुरुवात भी हुई**

**जालौन (उरई)।** यूपीएस लौना जालौन में वार्षिकोत्सव परीक्षाफल और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जालौन ज्ञान प्रकाश अवस्थी रहे।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाज सेवी भाजपा नेता और भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के संरक्षक सतीश सिंह सेंगर दादा, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री नरेश निरंजन, ब्लॉक अध्यक्ष लाल पाठक ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र जिला पदाधिकारी मनीष समाधियां, तहसील प्रभारी बृजेन्द्र दूर वार, रमाकांत, राजीव थापक, विजय सिंह अमित गुप्ता, अमित सेंगर संकुल शिक्षक अजय और सौरभ खरे, गौरव खरे ब्लॉक पदाधिकारी विकास श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान शिवेंद्र सिंह, सेवा निवृत्त अध्यापक इंद्रपाल सिंह सेंगर दद्दा, प्रधान प्रतिनिधि लौना बलवान सिंह, एसएमसी अध्यक्ष चंद्रशेखर, भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के संरक्षक अध्यक्ष पवन अग्रवाल, संरक्षक सुनील गुप्ता, शाखा के पूर्व सचिव प्रेम कुमार गुप्ता और शाखा के दायित्वधारी और एम एल कॉन्वेंट के प्रबंधक गौरव गुप्ता, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ओम नारायण दीक्षित सेवानिवृत्त अध्यापिका श्रीमती संतोष कुमारी सहित सभी अभिभावक बंधु और माताएं तथा सभी अध्ययनरत और पुरातन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे सभी बच्चों को पुरस्कार और परीक्षाफल वितरण अतिथिगण के हाथों से हुआ। इस अवसर पर अतिथिगण द्वारा स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ भी करते हुए निःशुल्क पुस्तक वितरण की शुरुवात भी की गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरविंद श्रीवास्तव, स अ प्रतिमा निरंजन स अ लालजी साहू द्वारा अतिथिगण का स्वागत किया गया। अंत में अरविंद श्रीवास्तव द्वारा अतिथिगण का आभार व्यक्त किया गया अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# गोतस्करी गिरोह से जुड़ा निलंबित आरक्षी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**चंदौली।** जनपद में गोतस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस व इलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोतस्करी गिरोह से जुड़ा निलंबित आरक्षी सत्येन्द्र यादव को अंबेडकर नगर से गिरफ्तार कर लिया उक्त मामले का खुलासा सोमवार को पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने पुलिस लाइन सभागार में किया।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त आरक्षी सत्येन्द्र यादव पुलिस की गतिविधियों व गश्त के समय सुरक्षित रास्तों की जानकारी गोतस्करों को उपलब्ध कराता था। जिससे तस्कर आसानी से अवैध गोतस्करी कर सकें। इसके बदले वह ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से धन लेता था। सत्येन्द्र यादव वर्तमान में थाना चकरघट्टा में तैनात था और पहले से ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे 12 अप्रैल को अम्बेडकरनगर के पलई बाजार से उसको गिरफ्तार किया। अभियुक्त से पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन से व्हाट्सएप कॉल, चैट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर इस मामले का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि आरक्षी सत्येन्द्र यादव गोतस्करों को चंदौली गोतस्करों को चंदौली बॉर्डर पार कराने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था।

# मथुरा में गूँजे ढोल-मजीरे और घंटा-घड़ियाल

■ सोए हुए प्रशासन को जगाने के लिए सड़क पर उतरी समाजवादी पार्टी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जनपद में व्याप्त प्रशासनिक भ्रष्टाचार, स्मार्ट मीटर की और किसानों की बदहाली के विरुद्ध आज समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पर बड़ी संख्या में जुटे सपाइयों ने घंटा-घड़ियाल, मजीरा और ढोलक बजाकर 'प्रशासन को नींद से जगाने' का काम किया। सपा के युवा और वरिष्ठ नेताओं के संयुक्त नेतृत्व में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

**इसमें प्रमुख मुद्दे रहे स्मार्ट मीटर, किसान और कालाबाजारी:** प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मथुरा नगर निगम और विद्युत विभाग भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने मांग की कि:

स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर रोकः जनता पर जबरन थोपे जा रहे प्रीपेड मीटरों को तुरंत बंद किया जाए और पुराने मीटर बहाल रखे जाएं। किसान राहतः ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का सम्मानजनक मुआवजा सीधे किसानों के खातों में भेजा जाए और मथुरा को तत्काल 'आपदा ग्रस्त' घोषित कर कृषि ऋण माफ किए जाएं। गैस संकट का समाधानः शादियों के सीजन में गैस की कालाबाजारी पर रोक लगे और पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित हो।

**अनूठा प्रदर्शनः शोर से जगाया 'कुंभकर्णी' प्रशासनः** कलेक्ट्रेट परिसर में सपाइयों ने ढोलक और मजीरे की थाप पर सरकार विरोधी नारे लगाए। पार्टी नेताओं ने कहा कि जब जनता त्रस्त है, तब प्रशासन उत्सवों में व्यस्त है। इस सांकेतिक शोर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हुआ, तो यह गूंज आने वाले समय में एक बड़े जन-आंदोलन का रूप लेगी।

**प्रदर्शन में उपस्थित प्रमुख नेतृत्वः** इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ और युवा नेताओं ने एकजुटता दिखाई। मुख्य रूप से निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित रहेः भारत भूषण शर्मा (प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड), राघवेन्द्र ठाकुर (पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड), राजन रिजवी (प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक सभा), ठाकुर किशोर सिंह, पवन चौधरी (राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी), युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना मलिक (पार्षद), तनवीर अहमद (पूर्व जिला अध्यक्ष), अंगद सिंह, अंकित वर्षणीय, अनिल अग्रवाल, जगेश्वर यादव, मुकेश सिकरवार, रानू यादव, रवि दिवाकर, अरुण दीक्षित, भगवती चतुर्वेदी, रवि यादव, छोटू ठाकुर, नरेश यादव, विशाल यादव, संदीप चौधरी, सादाब ख़ान, रमेश सैनी, विभोर गौतम, सौरभ चौधरी, राज पांडे, इमरान अब्बास, सतीश पटेल, साहुन ख़ान पूर्व जिला अध्यक्ष युवजन सभा,राजेन्द्र फेरारी, इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने प्रशासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

# जयसिंहपुर में पसमांदा समाज को जोड़ने के लिए चलाया गया जनसंपर्क अभियान

अवधनामा संवाददाता



**जयसिंहपुर (सुल्तानपुर)** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के तत्वावधान में विधानसभा जयसिंहपुर क्षेत्र में पसमांदा मुसलमानों को संगठन से जोड़ने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान संगठन के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्री अफजल अंसारी, मध्य जोन अध्यक्ष श्री जलील अहमद एवं अयोध्या मंडल अध्यक्ष श्री गफ्फार घोसी ने क्षेत्र में लोगों से मुलाकात कर संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों से अवगत कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी श्री अफजल अंसारी ने कहा कि संगठन पसमांदा मुसलमानों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य वंचित वर्गों को उनका अधिकार दिलाना और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने पसमांदा समाज से आह्वान किया कि वे संगठन के बैनर तले एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन उनकी जायज मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखेगा।

मध्य जोन अध्यक्ष श्री जलील अहमद ने कहा कि आज पसमांदा समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहा है और उसे यह समझ में आने लगा है कि उसके पिछड़ेपन के पीछे कौन सी ताकतें जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए अभी और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संगठित होकर अपनी ताकत को पहचानें, क्योंकि बिना संगठन के विकास संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक दल केवल वोट लेने का काम करते हैं, इसलिए अपने वोट का सही उपयोग करें और नेताओं से अपने अधिकारों के बारे में सवाल पूछें।

अयोध्या मंडल अध्यक्ष श्री गफ्फार घोसी ने अपने संबोधन में कहा कि आज अन्य समाजों की तुलना में पसमांदा समाज विकास की दौड़ में पीछे रह गया है, जबकि अन्य वर्ग तेजी से आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समय रहते जागरूक हों और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आगे आएं। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से ही राजनीतिक दलों से समाज के हक और अधिकारों की मजबूती से बात की जा सकती है। इस अवसर पर पसमांदा समाज के बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कई लोगों ने संगठन से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की और संगठन के नियमों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया।

## अम्बेडकर जयंती आज, निकलेगी शोभायात्रा

**मथुरा।** बाबा साहब डॉ.बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक डॉ. अम्बेडकर भवन अम्बेडकर चौक डीग गेट पर पर हुई। जिसमें भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. बीआर अम्बेडकर के 135वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मथुरा शहर में भव्य पुष्पांजलि 14 अप्रैल को प्रातः आठ बजे डॉ. अम्बेडकर भवन अम्बेडकर चौक डीग गेट पर और शोभायात्रा दोपहर 3 बजे शहर के विभिन्न मार्गों से होकर धूमधम से निकाली जाएगी।

शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से संत रविदास आश्रम मसानी रोड मथुरा से प्रारंभ होकर डीग गेट,भरतपुर गेट,होली गेट,छत्ता बाजार,चौक बाजार,मंडी रामदास,अर्जुनपुरा होते हुए पुनः संत रविदास आश्रम,मसानी पर समापन होगी। शोभायात्रा में झांकियां,सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति के पदाधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक शोभा

# दलित की ढाई बीघा जमीन पर हिस्ट्रीशीटर ने जमाई गिद्ध दृष्टि

अवधनामा संवाददाता

■ महिला से छेड़छाड़ कर पति का तोड़ा हाथ, पीड़ित दंपति के समर्थन में उतरे भाकियू लोक शक्ति जिलाध्यक्ष

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के एक ग्राम में दबंगई और दलित उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है, जहां कथित हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के सहयोग से षडयंत्र रचकर दलित दंपति की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से न सिर्फउन्हें धमकाया, बल्कि विरोध करने पर महिला से छेड़छाड़ करते हुए उसके पति की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसका हाथ टूट गया। पीडित दलित दंपति दो दिन से कोतवाली एवं पुलिस चौकी के चक्कर लगा रही है। वहीं भाकियू लोक शक्ति जिलाध्यक्ष हासिम अली ने पीडित दंपति के समर्थन में उतरकर जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि कथित हिस्ट्रीशीटर ने षडयंत्र रचकर उसके पति को शराब पिलाकर दबाब में लेते हुये अपनी पत्नी के मोबाईल पर फोन कराकर झूठ मूठ 15 लाख रुपए लेने की बात कहलावाकर उनकी पुश्तैनी ढाई बीघा जमीन पर काफी समय से कब्जा करने की फिराक में था। आए दिन वह जमीन छोड़ने का दबाव बनाता था और मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था। विगत 25 फरवरी को आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ कर मारपीट की और 06 अप्रैल की सुबह घर से जा रहे उसके पति को आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे उसका हाथ टूट गया। चीख पुकार सुनकर गांव के लोगों ने उसे बचाया। घटना के बाद से दलित दंपति परिवार अत्यंत भयभीत है और दो दिनों से कोतवाली से लेकर पुलिस चौकी की परिक्रमा कर रही है। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष हासिम अली अपने समर्थकों के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दलित परिवार के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# चार दशक पुरानें मंदिर का रास्ता बंद करने पर महिलाओं में रोष



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र परिसर में स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर को जाने बाले मार्ग कों विद्युत विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान बंद कर दिए जाने पर महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। नाराज महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के जीटी रोड स्थित विद्युत उपकेन्द में विद्युत विभाग की ओर से बाउन्ड्रीबॉल कराये जाने का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान मजदूरों द्वारा निर्माण सामग्री डालकर करीब चार दशक पुरानें गंगेश्वर नाथ मंदिर तक जाने वाले मार्ग को आंशिक रूप से बंद करनें का प्रयास किया गया, जिसकी जानकारी महिलाओं को हुई, वे बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गई और विरोध जताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। महिलाओं का कहना था कि यह मंदिर जाने बाला रास्ता वर्षों पुराना है और इसी मार्ग से लोग प्रतिदिन पूजा-अर्चना के लिए मंदिर जाते हैं। रास्ता बंद होने से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। महिलाओं ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों से तत्काल रास्ता खुलवाने की मांग की और चेतावनी देते हुये कहा कि मंदिर जाने का रास्ते पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। सूचना पर पहुंचे डायल 112 पुलिस ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया।

# स्वास्थ्य इकाइयों पर लगे सुझाव पेटिका : सीएमओ

■ जिला कार्यकारी समिति की बैठक में सीएमओ ने दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को धन्वंतरि सभागार में कार्यकारी समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सीएमओ ने सभी स्वास्थ्य सूचकांको की रिपोर्ट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य केंद्रों मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित कर शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

सीएमओ ने कहा कि सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर प्राथमिकता के साथ सुझाव पेटीका लगाई जाए। शत प्रतिशत एनसीडी स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव बढ़ाई जाए। उन्होंने लक्षय के सापेक्ष पुरुष व महिला नसबंदी कम होने पर जिम्मेदारों को फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत लोगों को संचारी रोंगो के प्रति जागरूक किया जाए। दस्तक अभियान में आशा घर-घर जाकर बुखार के रोगियों को चिन्हित करें । 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत संभावित लक्षण वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की जाए। सीएमओ डॉ गुप्ता ने कहा कि 20 अप्रैल से चलने वाले स्कूल आधारित डीपीटी/टीडी टीकाकरण अभियान के तहत माइक्रोप्लान बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराएं। इस दौरान उन्होने हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदनशीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीटीओ डॉ राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ विपिन रंजन, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम गुप्ता, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूपीटीएसयू के जिला प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड की बैठक में 14 बिन्दुओं पर सर्व सम्मति से मिली स्वीकृति



अवधनामा संवाददाता

■ समधन नगर पंचायत ईओ नें विद्ययिका को शिव दरबार भेंट कर सम्मान किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत समधन कार्यालय सभागर में बोर्ड की बैठक का आयोजन चेयरमैन आसमां बेगम पत्नी अखलाक हुसैन सिद्दीकी के प्रतिनिधि अयान हुसैन सिददीकी एवं अधिशाषी अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडेय मौजुद रही। सोमवार को नगर पंचायत सभागर में आयोजित बोर्ड की बैठक में 14 बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मत से सभी सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रकट की गई। इससे पूर्व अधिसाषी अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय को शिव दरबार भेंट एवं मल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यायक ने नगर के विकास कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिये सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होनें सडक, पेयजल, सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। प्रतिनिधि अयान हुसैन सिददीकी ने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा और जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा। इस अवसर पर सभासद आकाश बाबू, नईम अली, आजम खान, बबलू, इमरान, सरफराज, मुस्तकीम, इमरान, इदरीस, शिवा यादव, अब्दुल कादिर, बारिश, जावेद अख्तर सहित शासकीय सभासद प्रवीन दीक्षित, अंकित गुप्ता, प्रधान लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, रोहित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद

## मिशन शक्ति केन्द्र में ससुर बहू के विवाद में कराई सुलह

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत नगर निवासी ससुर बहू के विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों की सहमति से समझौता कराया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं मिशन शक्ति अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला व महिला कांस्टेबल सीमा भदौरिया द्वारा आवेदिका सोनी बेगम पत्नी तालिब खान व आवेदक खालिद खान पुत्र मोहम्मद गुलाव खान निवासीगण गांधीनगर के प्रार्थना पत्रो पर दोनों पक्षों को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराकर सकुशल रवाना किया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

# राजन पाठक बने कथावाचक मृदुलकांत की आवाज

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा/वृंदावन।** ब्रज की पवित्र नगरी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है, जहां संतों और कथावाचकों के साथ कथित मारपीट व दुर्व्यवहार की घटनाओं ने ब्राह्मण समाज में रोष पैदा कर दिया है और प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े प्रकरण की गूंज थमी भी नहीं थी कि वृंदावन में कथावाचक मृदुलकांत शास्त्री के साथ कथित मारपीट की घटना सामने आ गई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया है। इस मामले में राजन चतुर्वेदी पाठक पीड़ित पक्ष की आवाज बनकर सामने आए हैं और उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जब ब्रज जैसी धर्मनगरी में ही संत और ब्राह्मण सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी सवाल उठना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि 'ब्राह्मण कथावाचकों की शिखा तक सुरक्षित नहीं रह गई है,' जो कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी या नहीं। वहीं संत समाज का कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं बल्कि आस्था और परंपरा पर सीधा प्रहार है। वृंदावन की छवि, जो श्रद्धा और शांति के प्रतीक के रूप में जानी जाती है, ऐसी घटनाओं से प्रभावित हो रही है। घटना के बाद निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग तेज हो गई है। फिलहाल यह मामला व्यवस्था की परीक्षा बनता नजर आ रहा है और सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## वीपी मंडल ने पिछड़ों के हितार्थ दिया बेहतरीन रिपोर्टः चंद्रभूषण सिंह

**देवरिया।** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत गठित दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रहे वीपी मंडल ने अपनी रिपोर्ट में पिछड़ों के हितार्थ 40 सिफारिशों की एक बेहतरीन रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें अभी केवल 02 का ही अनुपालन हो सका है,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित वीपी मंडल स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि वीपी मंडल के सपनो को पूर्ण करने हेतु संघर्ष की आवश्यकता है। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने वीपी मंडल को याद करते हुए कहा कि मुरहो स्टेट के जमींदार होने के बावजूद जाति के नाते अनेक अवसरों पर बाबा साहब डा अम्बेडकर की तरह अपमानजनक व्यवहार का सामना करने वाले वीपी मंडल ने जैसे बाबा साहब ने संविधान लिख वंचितों को सम्मान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया वैसे ही मंडल साहब ने मंडल रिपोर्ट प्रस्तुत कर अपने समाज के लिए सामाजिक अपमान से मुक्ति का एक चिरस्थाई हल प्रस्तुत किया है। हम अपने पुरखा को उनके स्मृति दिवस पर नमन करते हैं।

# बिल जमा करने गई विधवा का पोल से काटा विद्युत कनेक्शन

■ स्मार्ट मीटर में -590 होने पर जमा कराये थे एक हजार रुपये

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एक ओर सरकार उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवाएं देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। ताजा मामला एक विधवा महिला से जुड़ा है, जिसका बिजली बिल जमा होने के बावजूद उसका कनेक्शन काट दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी पीड़ित विधवा माया देवी पत्नी स्व. भैयालाल प्रजापति के स्मार्ट मीटर में 590 रुपये की माइनस बैलेंस स्थिति दिखाई दे रही थी। इसके बावजूद महिला ने एहतियातन 1000 रुपये का भुगतान भी कर दिया, ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि भुगतान के बाद भी विद्युत विभाग के कर्मी द्वारा विद्युत पोल से उसका कनेक्शन काट दिया गया। कनेक्शन कटने के बाद विधवा महिला को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के मौसम में बिजली न होने से दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पीड़िता ने बताया कि उसने समय से बिल जमा किया था, फिर भी बिना किसी सूचना के कनेक्शन काट दिया गया। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई और इसे विभाग की बड़ी लापरवाही बताया। उनका कहना है कि जब उपभोक्ता का मीटर पहले से माइनस में था और उसने अतिरिक्त भुगतान भी कर दिया, तो कनेक्शन काटना पूरी तरह अनुचित है। पीड़ित बिधवा महिला ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने की भी मांग की है।

# ध्यम और छोटे समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापनों के निष्पक्ष वितरण की मांग

अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली/लखनऊ।** ज्यूडिशियल काउंसिल ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से देशभर के मध्यम और छोटे समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापनों के आवंटन के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी नीति लागू करने का आग्रह किया है।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने कहा कि मध्यम और छोटे समाचार पत्र लोकतंत्र के अहम स्तंभ हैं, विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में। ये समाचार पत्र सरकार और नागरिकों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं, जिससे जननीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और शासन से जुड़ी जानकारी समाज के दूरदराज के वर्गों तक पहुंचती है।

अपने पत्र में ज्यूडिशियल काउंसिल के चेयरमैन राजीव अग्निहोत्री ने छोटे प्रकाशनों के सामने मौजूद वित्तीय चुनौतियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जो सरकारी विज्ञापनों तक सीमित पहुंच के कारण उत्पन्न हो रही हैं। काउंसिल ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में बड़े मीडिया संस्थानों को अधिक प्राथमिकता मिल रही है, जिससे छोटे और क्षेत्रीय समाचार पत्रों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। यह असंतुलन न केवल इन प्रकाशनों के भविष्य के लिए खतरा है, बल्कि मीडिया विविधता और स्थानीय मुद्दों के प्रतिनिधित्व को भी कमजोर करता है। राजीव अग्निहोत्री ने कहा, 'मध्यम और छोटे समाचार पत्रों का अस्तित्व जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक संवाद की मजबूती से सीधे जुड़ा हुआ है। इन्हें नजरअंदाज करना जनता की एक महत्वपूर्ण आवाज को दबाने के समान होगा।' ज्यूडिशियल काउंसिल ने सरकार से मांग की है कि वह एक संरचित और समानतापूर्ण व्यवस्था लागू करे, जिससे योग्य समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापन नीतियों में व्यापक रूप से शामिल किया जा सके। ज्यूडिशियल काउंसिल ल ने स्पष्ट और सरल एम्पैनलमेंट (पंजीकरण) मानदंड बनाने की भी सिफारिश की है, जिसमें उचित पंजीकरण, संतुलित प्रसार संख्या और पत्रकारिता के नैतिक मानकों का पालन शामिल हो।



ज्यूडिशियल काउंसिल ने यह भी रेखांकित किया कि सरकारी विज्ञापनों तक निष्पक्ष पहुंच प्रदान करने से न केवल इन समाचार पत्रों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी, बल्कि मीडिया क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। छोटे और मध्यम प्रकाशनों को सशक्त बनाने से पत्रकारों की भर्ती में वृद्धि, रिपोर्टिंग के स्तर में सुधार और सटीक एवं समयबद्ध जानकारी के प्रसार को बढ़ावा मिलेगा।

मीडिया जगत के लोगों ने भी इस मांग का व्यापक समर्थन किया है, यह मानते हुए कि एक संतुलित विज्ञापन नीति स्वतंत्र और बहुलतावादी प्रेस के लिए अत्यंत आवश्यक है। ज्यूडिशियल काउंसिल ने दोहराया कि सरकारी विज्ञापनों का समान वितरण केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आवश्यकता है, जो समावेशिता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

इसके अतिरिक्त, अग्निहोत्री ने मंत्री से एक सुदृढ़ निगरानी और समीक्षा तंत्र स्थापित करने का भी आग्रह किया, ताकि नीति का निष्पक्ष क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके और इसका लाभ वास्तविक प्रकाशनों तक पहुंचे। समय-समय पर मूल्यांकन से प्रणाली को और बेहतर बनाने तथा उसकी पारदर्शिता बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

अपने पत्र के अंत में, ज्यूडिशियल काउंसिल ने विश्वास व्यक्त किया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, जो रेल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र और सकारात्मक कदम उठाएंगे।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने जोर दिया कि मध्यम और छोटे समाचार पत्रों को सशक्त बनाना भारतीय लोकतंत्र की नींव को और मजबूत करेगा, जिससे हर आवाज चाहे वह कितनी ही छोटी या दूरस्थ क्यों न हो सुनी और प्रतिनिधित्वित हो ।

# वृंदावन में हुए यमुना नाव हादसा के दो और शव बरामद

■ मृतक संख्या 15 हुई, अब भी एक व्यक्ति लापता

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** वृंदावन स्थित केसी घाट के पास यमुना नदी में हुए नाव पलटने के दर्दनाक हादसे में लगातार राहत एवं बचाव कार्य जारी है। सोमवार सुबह दो और शव मिलने से मृतकों की संख्या 15 तक पहुंच गई है, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है।

10 अप्रैल 2024 को वृंदावन के केसी घाट के निकट यमुना नदी में नाव पलटने की दुखद घटना हुई थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन नं. Emergency Response System के तहत तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया था। घटना के दिन ही 10 शव बरामद किए गए थे, जबकि 18 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। हादसे के बाद छह लोग लापता चल रहे थे, जिनकी तलाश लगातार की जा रही थी। बीते दिन 13 अप्रैल तक इनमें से तीन शव बरामद कर लिए गए थे। वहीं आज 14 अप्रैल की सुबह एक महिला का शव बंगाली घाट से और एक पुरुष का शव देवराहा बाबा आश्रम के पास से बरामद हुआ है।

प्रशासन द्वारा NDRF, SDRF और निजी गोताखोरों की टीमों को सात सेक्टरों में बांटकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बरामद किए गए शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल एक व्यक्ति अभी भी लापता है जिसकी तलाश के लिए ड्रोन, NDRF और SDRF की मदद से सर्च अभियान जारी है।

# भारत में होगी फॉर्मूला वन रेस की वापसी

## केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया ने की पुष्टि, बताया पूरा प्लान



**नई दिल्ली।** फॉर्मूला वन के प्रशंसकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पुष्टि की है कि अगले साल भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी। मांडविया ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।

**लिबर्टी मीडिया ने नहीं की टिप्पणी**

भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाली फॉर्मूला वन ने भारत में अपनी वापसी पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। 2017 में लिबर्टी मीडिया द्वारा अधिग्रहण किए जाने के बाद से इस खेल की लोकप्रियता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसमें पहले से ही रिकॉर्ड 24 रेस का कैलेंडर है। हालांकि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण इस महीने सऊदी अरब और बहरीन में होने वाले दो दौर रद्द कर दिए गए थे।

## अमन और मुकुल दहिया को रजत पदक से करना पड़ा संतोष, भारत ने जीते कुल 17 पदक




**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान अमन सहरावत और मुकुल दहिया एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपना-अपना फाइनल मुकाबला हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि मुकुल दहिया भी रविवार को अपना फाइनल हार गए जिससे भारत ने 17 पदक (दो स्वर्ण सहित) से अपने अभियान का समापन किया। भारत ने कुल दो स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य पदक जीते।

**दोनों ही मुक्केबाज फाइनल में हारे**

गैर ओलंपिक पुरुषों के फीस्टाइल 61 किग्रा वर्ग में मुकाबला करते हुए अमन को फाइनल में कोरिया के क्वांग म्योंग किम के हाथों 10-13 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पुरुषों के 86 किग्रा फीस्टाइल फाइनल में मुकुल को ईरान के कामरान जी घासेमपोर के हाथों 0-7 से हार मिली जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फिर दिनेश ने 125 किग्रा वर्ग में किर्गिस्तान के अर्स्लानबेक तुरदुबेकोव पर तकनीकी श्रेष्ठता (12-1) से जीत दर्ज करते हुए अपना कांस्य प्लेऑफ मुकाबला जीत लिया। टीम रैंकिंग में ईरान 178 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि भारत 162 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और जापान 127 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# 10 साल के आरित कपिल का कीर्तिमान

## अंतरराष्ट्रीय मास्टर नार्म हासिल करने वाले युवा भारतीय बने



**नई दिल्ली।** आरित कपिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल कर लिया है। आरित की उम्र 10 साल की है और वह ऐसा करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल ने कम उम्र में ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। आरित स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया।

**यादगार रहा आरित का प्रदर्शन**

आरित ने प्रतियोगिता की शुरुआत शानदार तरीके से करते हुए दूसरे दौर में कजाखस्तान के पूर्व विश्व अंडर-20 चैंपियन और ग्रैंडमास्टर नोगरबेक काजीबेक को हराया। दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए पिछले साल अंडर-11 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। वह वर्तमान में 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। इस प्रतियोगिता में आरित का सबसे यादगार प्रदर्शन अर्जेंटीना के 12 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओरो फॉस्टिनो के खिलाफ रहा, जिन्हें शतरंज की दुनिया का मेसी कहा जाता है। इस मुकाबले में आरित ने संयम दिखाते हुए ड्रॉ हासिल किया और वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया।

आरित को अंतिम तीन मुकाबलों में केवल आधा अंक चाहिए था, लेकिन लगातार दो हार के बाद उनका पहला आईएम नॉर्म हासिल करने का सपना मुश्किल में पड़ता नजर आया। उन्होंने हालांकि अंतिम दौर में खुद को संभाला और तेजी से सही चालें चलते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

# तीन हार के बाद हार्दिक का मुंबई पलटन को सख्त संदेश

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में लगातार तीन हार के बाद मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी तनावपूर्ण नजर आया। हार्दिक पांड्या, जो टीम के कप्तान हैं, बेहद गंभीर और निराश दिखे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मिली 18 रन की हार ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इस मैच में मुंबई इंडियंस कभी भी लक्ष्य का पीछा करते हुए नियंत्रण में नहीं दिखी। मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में हार्दिक पांड्या ने पूरी टीम को संबोधित करते हुए साफ शब्दों में कहा कि अब टीम के पास सिर्फ दो विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, एमजे (माहेला जयवर्धने) ने जो कहा, उसी को आगे बढ़ाते हुए मैं कहूंगा कि हमारे पास दो ही विकल्प हैं। या तो हम अपने-अपने कमरों में जाएं, खुद को एकाग्र करें और अकेले सोचें। मुझे पता है हारना मुश्किल होता है, लेकिन दूसरा यह है कि हमें सीखना होगाज गायब नहीं होना है। यह हमेशा जीतना और सीखना है, हारना नहीं।



उन्होंने आगे टीम को एकजुट रहने की सलाह दी, जब हम होटल वापस जाएं, तो साथ में खाना खाएं। क्रिकेट की बात करें, कुछ और बात करें, लेकिन मिलकर इसका हल निकालें।

इस मुकाबले में आरसीबी के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। विराट कोहली, फिल सॉल्ट और रजत पाटीदार की पारियों की बदौलत टीम ने 240 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए यह लक्ष्य काफी बड़ा साबित हुआ और टीम 222/5 तक ही पहुंच सकी। हालांकि, शेरफेन ने 31 गेंदों में 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थी।

**गेंदबाजी पर उठे सवाल**

मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने गेंदबाजी यूनिट पर भी चिंता जताई और माना कि टीम ने जरूरत से ज्यादा रन दिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने बहुत ज्यादा रन दे दिए। 241 का लक्ष्य हमेशा मुश्किल रहने वाला था। पिछले कुछ मैचों में हम खेल को कंट्रोल करने के बजाय उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें खुद को देखना होगा, समझना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं और कैसे वह लय हासिल कर सकते हैं जिसकी हमें जरूरत है।

**रणनीति में बदलाव के संकेत**

हार्दिक ने साफ संकेत दिए कि टीम की रणनीति में बदलाव हो सकता है। उन्होंने कहा, अब बहुत सारी चीजों पर दोबारा सोचने की जरूरत है। यह तरीका काम नहीं कर रहा। हमें देखना होगा कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी में और क्या विकल्प हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी माना कि टीम को हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हार्दिक ने कहा, हमें क्रिकेट खेलना है, अच्छी बल्लेबाजी करनी है और अच्छी गेंदबाजी करनी है।

**आगे की राह आसान नहीं**

मुंबई इंडियंस के लिए आगे का सफर आसान नहीं रहने वाला है। लगातार हार के बाद टीम को जल्दी ही वापसी करनी होगी, वरना प्लेऑफ की राह मुश्किल हो सकती है। हार्दिक पांड्या का यह संदेश साफ है- अब टीम को एकजुट होकर ही आगे बढ़ना होगा।

# रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन कौर के साथ दिखे अर्शदीप सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स के स्टार खिलाड़ी अर्शदीप सिंह इन दिनों अपनी गेंदबाजी की वजह से नहीं, बल्कि निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। अर्शदीप ने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड के हाथों में हाथ डालकर फोटो शेयर की थी। उसके बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर अर्शदीप की गर्लफ्रेंड है कौन! इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने दावा किया कि पंजाबी अभिनेत्री और मॉडल समरीन कौर ही अर्शदीप की गर्लफ्रेंड हैं। अब अर्शदीप आईपीएल 2026 के दौरान अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड समरीन के साथ स्पॉट भी हुए हैं। दोनों एक साथ नजर आए और क्यूट पल बिताते दिखे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो आईपीएल के दौरान का ही, क्योंकि अर्शदीप के पीछे पंजाब की टीम बस खड़ी दिख रही है। अर्शदीप भी सामान के साथ हैं, यानी वीडियो टीम ट्रैवल के दौरान की है। अर्शदीप के साथ समरीन खड़ी हैं और अर्शदीप कुछ क्यूट से जेस्चर बनाते हैं और समरीन उस पर हंसने



लगती हैं। इसके बाद समरीन से मिलने कोई महिला आती है और समरीन उनसे गले मिलती दिखती हैं। इसके बाद अर्शदीप और वो फिर से बात करने लग जाते हैं। इंस्टैंट बॉलीवुड नाम के इंस्टाग्राम पेज ने इसका वीडियो शेयर किया है। अर्शदीप का हाल ही में स्नैपचैट वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह एक मिस्ट्री गर्ल का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। समरीन कौर एक पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जो 2018 की मिस इंडिया फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। वह मूल रूप से जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं और उन्होंने पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स से पढ़ाई की है। समरीन ने कई म्यूजिक वीडियो, हिंदी और पंजाबी फिल्मों में काम किया है और अपनी अलग पहचान बनाई है। समरीन कौर ने 83 में रणवीर सिंह के साथ काम किया था। इसके अलावा वह 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में भी नजर आ चुकी हैं। फिल्म 'नेल पॉलिश' के बाद उन्हें अच्छी पहचान मिली। उन्होंने बादशाह और जस मानक जैसे कलाकारों के साथ भी काम किया है। मुल्लांपुर में खेले गए मैच के दौरान समरीन कौर ने एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पंजाब किंग्स की जर्सी पहने नजर आईं।

## सावन बरवाल ने रचा इतिहास, शिवनाथ सिंह का मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** सावन बरवाल ने रोटरडैम एनएन मैराथन में 2:11:58 का समय निकालकर 48 साल पुराना भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने शिवनाथ सिंह के 1978 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए इतिहास रच दिया।

सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। बरवाल ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# आशा भोसले को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सेलेब्स

## तब्बू को गले लगाकर रोईं जनाई, सचिन भी दिखे नम







### आशा भोसले के निधन पर बॉय जॉर्ज और बैंड कॉर्नर शॉप ने जताया दुख

**मुंबई।** आशा ताई ने अपनी आवाज से 7 दशकों से भी ज्यादा समय तक बॉलीवुड पर राज किया। अब उनके निधन होने पर कई बड़े कलाकार दुख जता रहे हैं। बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के सेलिब्रिटी भी दुख जाहिर कर आशा ताई को याद कर रहे हैं। इस बीच ब्रिटिश म्यूजिशियन बॉय जॉर्ज और ब्रिटिश बैंड कॉर्नर शॉप ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

**ब्रिटिश म्यूजिशियन बॉय जॉर्ज ने जताया शौक**

ब्रिटिश म्यूजिशियन बॉय जॉर्ज ने दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर भावुक श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उन्हें याद करते हुए उनकी आवाज को 'रेशम जैसी' बताया। बॉय जॉर्ज ने लिखा कि उन्हें आशा भोसले के साथ काम करने का मौका मिला था। दोनों ने मिलकर गाना 'बो डाउन मिस्टर' किया था। उन्होंने कहा कि आशा जी की आवाज बेहद खूबसूरत और जादू जैसी थी।आशा भोसले अपने लंबे करियर में सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के कलाकारों के साथ भी काम कर चुकी थीं और उन्होंने इंटरनेशनल म्यूजिक पर भी गहरी छाप छोड़ी।

उनका संगीत करियर 7 दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा, जिसमें उन्होंने हजारों गाने गाए और भारतीय सिनेमा की सबसे महान प्लेबैक सिंगर्स में अपनी जगह बनाई।

**ब्रिटिश बैंड कॉर्नर शॉप ने भी दी श्रद्धांजलि**

ब्रिटिश बैंड कॉर्नर शॉप ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। यह वही बैंड है जिनका मशहूर गाना 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' है, जो आशा भोसले को ट्रिब्यूट के तौर पर ही बनाया गया था। बता दें कि आशा भोसले के निधन के बाद से ही तमाम बड़े सितारे अपनी ओर से दुख जाहिर कर रहे हैं, साथ ही उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

**मुंबई।** महान गायिका आशा भोसले का रविवार, 12 अप्रैल 2026 को निधन हो गया था। आज सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार हुआ। इस बीच उनके अंतिम दर्शन के लिए बॉलीवुड सेलेब्स और राजनेताओं का आना-जाना लगा रहा।

महान गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में रविवार, 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में निधन हो गया। आशा ताई ने 7 दशकों से भी ज्यादा समय तक अपनी आवाज से बॉलीवुड पर राज किया।

महान गायिका आशा भोसले का अंतिम संस्कार मुंबई के शिवाजी पार्क में सोमवार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस बीच इस बीच उनके अंतिम दर्शन के लिए बॉलीवुड सेलेब्स और राजनेताओं का आना-जाना लगा हुआ है।

**अमिताभ बच्चन बोले- एक युग का अंत**

सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख जताया है और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा कि यह एक पूरे युग का अंत है। उन्होंने आशा भोसले को अद्भुत, असाधारण और महान शख्सियत बताया और कहा कि उनका जाना बेहद दुखद है।

अमिताभ बच्चन ने कहा कि आशा भोसले ने हर गाने में अपनी आवाज से जान डाल दी। उनकी आवाज ने संगीत को एक नई पहचान दी और वे अपने पीछे अमर संगीत की एक पूरी विरासत छोड़ गई हैं। उन्होंने आगे लिखा कि भले ही उनका शरीर हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी आत्मा और उनकी आवाज़ हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी।

**सचिन तेंदुलकर ने दी श्रद्धांजलि**

क्रिकेट के भगवान माने जाने वाले सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ मुंबई में दिग्गज गायिका आशा भोसले के घर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सचिन काफी भावुक नजर आए।

**तब्बू से लिपटकर रोईं आशा ताई की पोती**

वहीं, बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू भी आशा भोसले के घर पहुंचीं। वह भी काफी इमोशनल दिखीं। इस बीच आशा भोसले की पोती जनाई भोसले तब्बू को गले लगाकर रोईं।

**रितेश देशमुख भी आए नजर**

एक्टर रितेश देशमुख भी महान गायिका के अंतिम दर्शन करने पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**एआर रहमान भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे**

म्यूजिक इंडस्ट्री के मशहूर संगीतकार एआर रहमान मुंबई में दिग्गज गायिका आशा भोसले के घर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**ताई के घर लगा लोगों का तांता**

दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन के बाद मुंबई के लोअर परेल स्थित उनके घर कासा ग्रांडे में लोगों का तांता लगा हुआ है। फैंस और करीबियों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। हर कोई इस महान गायिका को याद कर रहा है और उनके गानों को याद करते हुए उन्हें आखिरी विदाई दे रहा है।

**आशा पारेख ने दी श्रद्धांजलि**

दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख मुंबई में महान गायिका आशा भोसले के घर पहुंचीं और उन्हें श्रद्धांजलि दी। आशा पारेख ने नम आंखों से उन्हें याद किया और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।

**राकेश रोशन ने भी दी श्रद्धांजलि**

अनुभवी डायरेक्टर राकेश रोशन भी महान गायिका आशा भोसले के अंतिम दर्शन करने पहुंच और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# दुनिया की सबसे ज्यादा रिकॉर्ड की जाने वाली आर्टिस्ट थीं आशा भोसले

**मुंबई।** आशा भोसले ने 1940 के दशक से गाना शुरू किया और 80 साल तक गाती रहीं। उन्होंने सोलो, डुएट और कोरस गाने सब गाए। उनका करियर इतना लंबा और सफल रहा कि आज भी नई पीढ़ी उन्हें आशा ताई कहकर सम्मान देती है।

आशा भोसले को अपने सिंगिंग करियर में अब तक कुल 100 से अधिक अवॉर्ड मिल चुके हैं। इस लिस्ट में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान शामिल हैं। साथ ही उनके नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है। ये सभी अवॉर्ड और रिकॉर्ड बताते हैं कि आशा भोसले सिर्फ एक गायिका नहीं, बल्कि भारतीय संगीत की एक अनमोल धरोहर थीं। उनकी आवाज आज भी करोड़ों लोगों के दिल में गूंजती है।

**फिल्मफेयर अवॉर्ड्स**

आशा भोसले ने फिल्मफेयर अवॉर्ड की दुनिया में रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 7 बार बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड जीता है। यह किसी भी महिला गायिका का रिकॉर्ड है। ये अवॉर्ड उन्होंने इन गानों के लिए जीता-

1967: गरिबों की सुनो (फिल्म- दस लाख)

1968: पर्दे में रहने दो (फिल्म- शिकार)

1971: पिया तू अब तो आजा (फिल्म- कारवां)

1972: दम मारो दम (फिल्म- हरे राम हरे कृष्ण)

1973: होने लगी है रात (फिल्म नैना)

1974: चैन से हम को कभी आप ने जीने न दिया (फिल्म- प्राण जाये पर वचन न जाये)

1979: ये मेरा दिल (फिल्म- डॉन)

1996 में उन्हें स्पेशल अवॉर्ड मिला रंगीला रे गाने के लिए मिला (फिल्म- रंगीला)

2001 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी मिला

**नेशनल फिल्म अवॉर्ड**

आशा भोसले को 1981 में फिल्म उमराव जान के गाने दिल चीज क्या है के लिए बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का नेशनल अवॉर्ड मिला था। यह अवॉर्ड उन्हें 29वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में मिला था। इसके अलावा आशा ताई को 1986 में उन्हें दूसरा नेशनल अवॉर्ड फिल्म इजाजत के गाने मेरा कुछ सामान के लिए मिला था। यह अवॉर्ड उन्हें 34वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के दौरान मिला था।

**आशा के नाम दर्ज अनोखा रिकॉर्ड**

इन सभी अवॉर्ड के अलावा आशा ताई के नाम एक खास रिकॉर्ड भी दर्ज है। आशा भोसले ने महाराष्ट्र स्टेट अवॉर्ड 18 बार जीता है। यह एक रिकॉर्ड है। यह उन्हें सभी मराठी फिल्मों के गानों के लिए मिला है। उन्होंने मराठी फिल्मों में सबसे अधिक गाने गाए हैं।

**कई बड़े अवॉर्ड**

आशा भोसले को साल 2000 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। संगीत जगत में अद्वितीय योगदान के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।

2008 में आशा ताई को भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया, जो देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

आशा ताई को 2018 में पश्चिम बंगाल का सर्वोच्च नागरिक सम्मान %बंग विभूषण% से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।

आशा को 2021 में महाराष्ट्र भूषण और चार बार बीएफजेए अवॉर्ड मिला।

इसके अलावा आशा ताई को ढ्ढद्गद्म अवॉर्ड, स्क्रीन अवॉर्ड, जी सिने अवॉर्ड और मिरची म्यूजिक अवॉर्ड भी मिले

कुल मिलाकर छोटे-बड़े 100 से ज्यादा अवॉर्ड आशा भोसले के नाम हैं। ये सब उनके 80 साल से ज्यादा लंबे करियर की मेहनत का नतीजा हैं

आशा भोसले के नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है।

2011 में गिनीज बुक ने उन्हें दुनिया की सबसे ज्यादा रिकॉर्डिंग करने वाली आर्टिस्ट घोषित किया।

उन्होंने 12,000 से ज्यादा गाने

# 'जन नायकन' को लीक करने वाले आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई

## 6 लोग गिरफ्तार, सैकड़ों पायरेटेड लिंक्स को हटाया

**मुंबई।** बीते दिनों साउथ सुपरस्टार विजय की फिल्म 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही ऑनलाइन लीक हो गई थी। अब इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थलापति विजय की फिल्म जन नायकन को पहले 9 जनवरी को पोंगल के मौके पर रिलीज करने का प्लान था, लेकिन सेंसर बोर्ड से जुड़ी समस्याओं की वजह से रिलीज टाल दी गई थी। इसके बाद फैंस इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही 10 अप्रैल को फिल्म रिलीज से पहले ऑनलाइन लीक हो गई। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले पर बड़ी कार्रवाई की है।

**6 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

तमिलनाडु साइबर क्राइम विंग ने सुपरस्टार विजय की फेयरवेल फिल्म 'जन नायकन' की HD प्रिंट में अवैध ऑनलाइन लीक के मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार



किया है। सभी आरोपियों को फिलहाल न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**300 से ज्यादा पायरेटेड लिंक्स हटाए**

यह कार्रवाई फिल्म के मेकर्स केवीएन प्रोडक्शंस की शिकायत के बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि फिल्म को बिना अनुमति कई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया जा रहा है। अधिकारियों ने इस दौरान 300 से ज्यादा पायरेटेड लिंक भी हटा दिए हैं, ताकि फिल्म के अवैध प्रमोशन को रोका जा सके।

**साइबर क्राइम विंग की अपील**

साइबर क्राइम विंग ने लोगों से अपील की है कि वे 'जन नायकन' या किसी भी कॉपीराइट कंटेंट को डाउनलोड, स्ट्रीम या शेयर न करें। उन्होंने साफ कहा कि पायरेसी एक गंभीर अपराध है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अपील के साथ चेतावनी**

साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि जो लोग सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म या वेबसाइट्स के जरिए ऐसे पायरेटेड कंटेंट को फैलाते हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। मामले की जांच अभी जारी है और अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। वहीं, केवीएन प्रोडक्शंस ने भी एक बयान जारी कर लोगों से कहा है कि वे तुरंत ऐसे अवैध लिंक डिलीट कर दें, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल के चुनाव प्रचार में भाजपा ने झोंकी ताकत

## ओवैसी ने मुस्लिमों के मुद्दों पर उठाए सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के तीन राज्यों असम, केरल और पुदुचेरी में नौ अप्रैल को एक चरण में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। वहीं, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। कौन सा दल किस मुद्दे के सहारे जनता के बीच जा रहा है? किस राज्य में कौन सा गठबंधन या रणनीति अधिक कारगर साबित होगी? अलग-अलग राज्यों में विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी अपडेट्स यहां पढ़ें...



तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तिरुवल्लूर में चुनाव प्रचार करते हुए पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से विकास और स्थिरता के नाम पर समर्थन देने की अपील की। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल 2026 को मतदान होगा। चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ डीएमके और विपक्षी दलों के बीच है, जिसे लेकर राजनीतिक माहौल लगातार गर्म बना हुआ है।

तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के दौरान उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एआईएडीएमके और भाजपा गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर एआईएडीएमके के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में आता है तो तमिलनाडु ÷पीछे की ओर जाने वाला÷ राज्य बन जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समझदारी से वोट करें और डीएमके गठबंधन को चुनकर राज्य के विकास की रफ्तार बनाए रखें। उधयनिधि ने आरोप लगाया कि एआईएडीएमके ने महिलाओं को मिलने वाली मासिक सहायता योजना को रोकने की साजिश की थी, इसलिए जनता को उसे पूरी तरह खारिज करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता को यह साबित करना चाहिए कि एआईएडीएमके और उसकी सहयोगी भाजपा के लिए तमिलनाडु में कोई जगह नहीं है। एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर गृहिणियों के लिए 8000 रुपये का कूपन योजना शुरू की जाएगी। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली 1000 रुपये की मासिक सहायता को दोगुना करने का भी वादा किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी 234 सीटों पर डीएमके गठबंधन को भारी जीत दिलाएं।

पश्चिम बंगाल में एआईएमआईएम अध्यक्ष ओवैसी ने रघुनाथगंज विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की राजनीति और मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बंगाल के मुस्लिम अल्पसंख्यकों के साथ गंभीर नाइंसाफी हुई है। ओवैसी ने लोगों से कहा कि उन्हें सेक्युलरिज्म के नाम पर सिर्फ वादे सुनने को मिलते हैं, लेकिन जमीन पर हालात अलग हैं। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान 1960 के दशक में करीब 40 हजार मुस्लिमों को नोटिस दिए गए या उन्हें यहां से बाहर किया गया। ओवैसी

# 2029 तक नारी वंदन कानून लागू करने पर विपक्ष ने खास तौर से दिया जोर, बोले पीएम मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है।

पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है।

नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का लागू होना 21वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। हमारे देश में पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं के नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना भारत के लिए एक ऐसे समतावादी राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है, जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का एक स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि यह अधिनियम भारत की नारी शक्ति के अमूल्य योगदानों को स्वीकार करता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस संशोधन विधेयक को संवाद, सहयोग और भागीदारी के माध्यम से पारित कराना सरकार का प्रयास और प्राथमिकता रही है।

## क्विक न्यूज

### भारत का एक और मोस्ट वांटेड गैंगस्टर गिरफ्तार, अमेरिका में पकड़ा गया नोनी राणा

**नई दिल्ली।** मोस्ट वांटेड गैंगस्टर नोनी राणा को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी एजेंसियों ने उसे नियाग्रा बॉर्डर इलाके से उस समय हिरासत में लिया, जब वह अमेरिका से कनाडा भागने की कोशिश कर रहा था। बॉर्डर एरिया की सुरक्षा जांच के दौरान ही उसे दबोच लिया गया। नोनी राणा मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है और कुख्यात गैंगस्टर काला राणा का छोटा भाई बताया जा रहा है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां काफी समय से उसकी तलाश में थीं। उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया और प्रत्यर्पण को लेकर एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। इससे पहले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और कई आपराधिक मामलों में आरोपी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया। भारत आते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अनमोल गिरफ्तार कर लिया।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट

जकार्ता। इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर मौजूद देश के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी माउंट सेमेरू में अचानक हुए विस्फोट के बाद करीब 178 पर्वतारोही और स्थानीय लोग फंस गए थे। गुरुवार को इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि सभी को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक ये लोग रानू कुम्बोलो नाम के कैम्पिंग एरिया में रुके हुए थे, जो खतरे के मुख्य क्षेत्र से बाहर है। हालांकि, वहां भी ज्वालामुखी की राख पहुंची और पर्वतारोहियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सेंटर फॉर वोल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल डिजास्टर मिटिगेशन के एक और अधिकारी, हेट्टी ट्राइस्टुटी ने कहा कि रानू कुम्बोलो एक सुरक्षित इलाका है जो क्रेटर से आठ किलोमीटर के मुख्य डेंजर जोन के बाहर है। कैंपिंग एरिया पहाड़ की उत्तरी ढलान पर है, जो दक्षिण-दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ते हुए देखे गए गर्म बादलों के रास्ते में नहीं है।

# फेक गन से दोस्त की किडनैपिंग और फिरौती का खेल

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के जैन यूनिवर्सिटी के चार छात्रों ने लग्जरी जीवन जीने की चाहत में अपने ही क्लासमेट को किडनैप कर लिया। चारों आरोपियों में नकली बंदूक दिखाकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, बिहार, झारखंड, केरल और बेंगलुरु के रहने वाले चारों आरोपी जैन यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। वे पहले से ही आदतन अपराधी थे और कई छात्रों को धमकी दे चुके थे।

पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के लिए चारों ने एक प्लान बनाया फिर ओडिशा के रहने वाले शिकार मोहंती को अपने ही हॉस्टल से कार में बैठा ले गए। आरोपीयों ने फर्जी मेटल गन दिखाकर मोहंती को डराया और उसे एक आरोपी के कमरे में ले गए।

# 49 लाख खर्च करने के बाद भी फ्लाइट में चढ़ने से रोका, कोर्ट पहुंचा विवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केएलएम रॉयल डच एयरलाइन से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक परिवार को बेंगलुरु एयरपोर्ट पर फ्लाइट में चढ़ने से रोक दिया गया। यह परिवार अपनी यात्रा के लिए करीब 49 लाख रुपए खर्च कर चुका था।

रिपोर्ट के मुताबिक, परिवार ने बिजनेस क्लास की 8 नॉन-रिफंडेबल टिकटें बुक की थीं। यह यात्रा किसी खास पारिवारिक ट्रिप के तौर पर प्लान की गई थी। परिवार समय से पहले एयरपोर्ट पहुंच गया था, लेकिन उड़ान से ठीक पहले उन्हें बोर्डिंग से रोक दिया गया।

एयरलाइन स्टाफ ने बोर्डिंग रोकने का कारण पेरू के वीजा की कमी को बताया। हालांकि परिवार का दावा है कि यह नियमों की गलत व्याख्या थी। उनका कहना है कि कुछ देशों जैसे- अमेरिका, यूके या शेंगेन वीजा धारकों के लिए अलग से पेरू वीजा की जरूरत नहीं होती है।

घटना के बाद विवाद और बढ़ गया और मामला कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए एयरलाइन के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज करने का आदेश दिया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि विरोध करने के बाद उन्हें रेड फ्लैग कर दिया गया, जिससे आगे की यात्राओं में भी परेशानी हुई। यहां तक कि परिवार के कुछ सदस्यों से अन्य देशों में भी पूछताछ की गई। मामले पर एयरलाइन का कहना है कि वह सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रा नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है और यात्रियों को सही दस्तावेज साथ रखना चाहिए। हालांकि उसने इस घटना पर असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

# बंगाल में एसआईआर विवाद के बीच सुप्रीम फैसला

## मतदाता सूची से बाहर किए गए लोग नहीं कर पाएंगे मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें मतदान की अनुमति नहीं मिलेगी।



पश्चिम बंगाल में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान चरम पर है। इसी बीच अब विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य में चल रहे एसआईआर विवाद के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला चुनावी राजनीति में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिससे पार्टियों के बीच टकराव और तेज हो सकता है।

अदालत ने कहा कि जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत देना कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। जहां सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अगर ऐसे लोगों को वोट देने की अनुमति दी जाती है, तो यह व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी।

सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद राज्य में करीब 34 लाख वोटर के मतदान करने पर तलवार लटकती हुई नजर आने लगी है। बता दें कि यह पूरा मामला राज्य में चल रही वोटर लिस्ट की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) से जुड़ा है। जिन लोगों के नाम लिस्ट से हटाए गए, उन्होंने इसके खिलाफ अपील की है। अब तक करीब 34 लाख से ज्यादा अपीलें दायर हो चुकी हैं।

वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कल्याण बंदोपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग कोर्ट से उम्मीद रखते हैं और यह धारणा बन रही है कि सभी मामलों का निपटारा हो चुका है, जबकि ऐसा नहीं है। गौरतलब है कि इसी सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ह्ढ्ढ) ने मालदा जिले की घटना पर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। जहां 1 अप्रैल को वोटर लिस्ट से नाम हटने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कई न्यायिक अधिकारियों का घंटों घेराव किया था। इसपर कोर्ट ने एनआईए से यह भी पूछा कि गिरफ्तार लोगों का कोई राजनीतिक संबंध है या नहीं।

# बंगाल में 34 लाख मतदाता नहीं डाल सकेंगे वोट, सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से किया इनकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन लोगों को अंतरिम वोटिंग अधिकार देने से इनकार कर दिया है, जिनके नाम वोटर लिस्ट को सही करने की प्रक्रिया एसआईआर में हटा दिए गए थे और जिनकी अपीलें अभी भी अपीलीय ट्रिब्यूनलों के सामने लंबित हैं।

कार्रवाही के दौरान, टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि कम से कम 16 लाख अपीलें दायर की गई हैं और उन्हें इस महीने के आखिर में होने वाले दो चरणों वाले विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति दी जानी चाहिए।

इसके जवाब में, सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, %यह तो बिल्कुल भी मुमकिन नहीं है। अगर हम इसकी अनुमति देते हें, तो इसमें शामिल लोगों के वोट देने के अधिकार को निलंबित करना पड़ेगा।

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में 34 लाख अपीलें हैं, उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा सौंपी गई रिपोर्टों में यह डेटा साफ तौर पर बताया गया है।

चुनाव आयोग ने बंगाल की मतदाता सूची को पहले ही फ्रीज कर दिया है और चुनाव से पहले कोई भी नया नाम इसमें शामिल नहीं किया जा सकता, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट इस संबंध में कोई निर्देश न दे, जो आज नहीं हुआ।

भारत निर्वाचन आयोग ने बंगाल की मतदाता सूची को पहले ही फ्रीज कर दिया है और चुनाव से पहले कोई भी नया नाम इसमें शामिल नहीं किया जा सकता, जब तक कि सर्वोच्च न्यायालय इस संबंध में कोई विशेष निर्देश न दे, जो आज नहीं हुआ।

# बिहार में पहली बार भाजपा का सीएम, शपथ ग्रहण में पीएम मोदी भी आएंगे; लोक भवन में हुई चर्चा

एजेंसी



**पटना।** बिहार को 15 अप्रैल को पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपना मुख्यमंत्री देने जार रही है। लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तैयारी चल रही है। बिहार लोकभवन में आज राज्यपाल के सचिव गोपाल मीणा की अध्यक्षता में पटना जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें पटना के प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम, एसएसपी, सारे एसपी, एडीएम और एसडीएम शामिल हुए। 15 अप्रैल को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। सुबह 11 बजे नए सीएम शपथ लेंगे। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए सारी तैयारी चल रही है। मंगलवार दोपहर तक सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी। पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, राजभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वह लोक भवन में ही रुकेंगे। लोकभवन में सारी तैयारियां चल रही है। लोकभवन के आसपास की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सड़क पर बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

सूत्र बता रहे हैं कल कैबिनेट की बैठक खत्म करने के बाद सीएम नीतीश कुमार अपनी पार्टी के विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर साढ़े तीन राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सबकुछ तय कार्यक्रम के अनुसार ही चल रहा है।भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल के नेताओं की बैठक होगी। इसमें सभी विधायक भाजपा की ओर से तय किए गए चेहरे पर अपनी स्वीकृति देंगे।

# भारत विश्व की आत्मा, आध्यात्मिक ज्ञान ने भौतिकवाद के तूफानों से बचाया- मोहन भागवत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव में संतों की एक सभा को संबोधित करते हुए भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक श्रेष्ठता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की आत्मा है और जब तक भारत का अस्तित्व है, तब तक पूरी दुनिया सुरक्षित रहेगी। दुनिया भर में भौतिकवाद और उपभोक्तावाद के तूफानों ने कई समाजों को नष्ट कर दिया है, लेकिन भारत इन चुनौतियों के बीच भी अडिग रहा है। भागवत के अनुसार, भारत के पास वह आध्यात्मिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता है जो अन्य देशों के पास नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि विश्व को एक शरीर माना जाए, तो भारत उसकी आत्मा के रूप में कार्य करता है।

इतिहास का हवाला देते हुए सरसंघचालक ने कहा कि ग्रीस, मिस्र और रोम जैसी प्राचीन सभ्यताएं समय के साथ लुप्त हो गईं, लेकिन भारत के अस्तित्व में कुछ ऐसा विशेष है कि इसे कभी मिटाया नहीं जा सका। उन्होंने इस निरंतरता का श्रेय हमारे पूर्वजों, संतों और महापुरुषों से प्राप्त ज्ञान को दिया।

उन्होंने कहा, हमारे अस्तित्व का रहस्य वह ज्ञान है जो हमें अपने संतों से मिला है। जब भी विश्व किसी संकट का सामना करता है, भारत ही आगे का रास्ता दिखाता है। उन्होंने संतों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा फैलाया गया आध्यात्मिक ज्ञान ही भारत की असली ताकत है, जो देश को बाहरी प्रभावों से बचाए रखती है।

फ्रांस की खुफिया जानकारी के अनुसार, चीन ने सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाकर राफेल विमानों के कथित मलबे की तस्वीरें फैलाई। इसके कारण इंडोनेशिया ने राफेल विमानों की खरीद रोक दी।

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया- ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया।



इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के लिए कूटनीति (डिप्लोमेसी) भी एक तरह का संघर्ष ही है। यह उनके देश के रक्षकों की लड़ाई का ही हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि ईरान ने अमेरिका के पुराने वादाखिलाफी और गलत इरादों को न तो भूला है और न ही भूलेगा।

उनका कहना था कि ईरान को अमेरिका के साथ अपने पिछले अनुभवों से बहुत कुछ सीखने को मिला है। डॉ. फथाली ने आगे कहा कि हाल ही में हुए 12 दिन के युद्ध के दौरान ईरान बातचीत (नेगोशिएशन) की प्रक्रिया में था, लेकिन इसी बीच इस्राइल और अमेरिका ने और बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए।

इसके साथ ही फथाली ने आगे कहा कि युद्ध शुरू होने से पहले होर्मुज पूरी तरह खुला था और वहां सामान्य स्थिति थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान पर 12 दिनों तक हमला किया गया, जिसके बाद युद्धविराम (सीजफायर) की बात की गई। राजदूत के मुताबिक, एक तरफ बातचीत (नेगोशिएशन) की बात होती रही, वहीं दूसरी तरफ हमले भी जारी रहे। फथाली ने यह भी कहा कि हमलों में स्कूलों और अस्पतालों को निशाना बनाया गया, जो बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के अधिकार क्षेत्र (टेरिटोरियल वॉटर) में आता है और यह उनके लिए बेहद अहम है।

## अमेरिका की नाकेबंदी वाली धमकी पर ईरान का पलटवार

# खाड़ी से ओमान तक कोई बंदरगाह नहीं रहेगा सुरक्षित

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का एलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।



अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है।

ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। इसके बावजूद इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका है। अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में पाकिस्तान में हुई उच्चस्तरीय बातचीत बेनतीजा रही। अमेरिका ने कहा कि ईरान ने उसकी शर्तें नहीं मानीं, जबकि ईरान ने इस्राइल और अमेरिका के हमलों से हुए नुकसान की भरपाई और अपनी जमी संपत्तियों की रिहाई की मांग रखी थी। इस विफलता के बाद ही नाकेबंदी का फैसला लिया गया। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी दबाव में झुकने वाला नहीं है और उसके पास जवाब देने के कई विकल्प हैं। वहीं अमेरिका इस कदम से ईरान पर और दबाव बनाना चाहता है। 22 अप्रैल तक लागू संघर्षविराम के बाद हालात और बिगड़ सकते हैं। इससे बड़े टकराव की आशंका बढ़ गई है।

### ईरान को ट्रंप की खुली धमकी, बोले- नाकाबंदी के नजदीक आए ईरानी जहाज तो तबाह कर देंगे

**वॉशिंगटन।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना तबाह हो चुकी है और उसके 158 जहाज समुद्र में पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बचे हुए फास्ट अटैक शिप्स अमेरिकी ब्लॉकेड के करीब आए, तो उन्हें तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। ईरान के साथ जारी तनाव के बीच होर्मुज को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी और सख्त चेतावनी सामने आई है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में् ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना को भारी नुकसान हुआ है और उसके 158 जहाज समुद्र के नीचे पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। ट्रंप के मुताबिक, केवल कुछ फास्ट अटैक शिप्स बचे हैं, जिन्हें उन्होंने अभी तक बड़ा खतरा नहीं माना है।

पोस्ट में ट्रंप ने बड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान के ये छोटे युद्धपोत अमेरिका की घोषित नाकाबंदी (ब्लॉकेड) के करीब आते हैं, तो उन्हें तुरंत नष्ट कर दिया जाएगा।

# समाज सुधारक और संविधान के शिल्पी थे बाबा साहेब : डॉ. रमेश

**अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओ का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों एवं संख्या के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान में पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों एवं उनके सामाजिक योगदान को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इन प्रतियोगिताओ में सफल प्रतिभागियों को डॉ अम्बेडकर की जन्मजयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विधि संकाय, टी डी कॉलेज के रमेश चंद्र यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता और भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उनका जीवन दर्शन समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष करते हुए दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना। श्रमिकों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। उनके विचार आज भी एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और लोकतांत्रिक समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं। सभी कार्यक्रमों का संचालन डॉ नितेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव,ॉ सुनील कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ रामांशु सिंह, सौरभ सिंह, डॉ दिनेश सिंह, डॉ मंगला यादव व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आशा बहू की करनी की बलि चढ़ा नवजात शिशू

**फिर एक झोलाछाप की लापरवाही से गयी जान**

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** जनपद मे बिना पंजीकरण के चल रहे सैकडों झोलाछाप डाक्टरों की लापरवाही से आये दिन हादसे होते है अब उन्ही हादसों मे एक मासूम की जान चली गयी। पूरे मामले मे जहां झोलाछाप डाक्टर दोषी है वहीं झोलाछाप क्लीनिक को चलाने मे मदद करने वाला स्वास्थ विभाग भी बराबर का दोषी है, स्वास्थ विभाग मे काम करने वाली एक आशा ही प्रसूता को आदर्श पाली क्लीनिक मे लेकर गयी थी, अब यहां एक बडा सवाल ये है कि क्या आशा बहू को नही मालुम था कि वो डा. प्रशिक्षित नही है जब आशा बहू को पूरी जानकारी है तो फिर स्वास्थ विभाग कैसे जानकारी नही है, परंतु जनपद बाँदा मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा ऐसे झोलाछाप डाक्टरों का पूरा नेटवर्क चलाया जा रहा है, हमने पूर्व मे भी झोलाछाप डाक्टरों पर समाचार छापे थे परंतु डिप्टी सीएमओ प्रेम कुमार पाण्डेय, पटल बाबू और मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हमेशा भ्रामक सूचनायें देकर सरकार प्रशासन और मीडिया को गुमराह किया जाता रहा है।

इस मामले मे जहां एक प्रसूता माँ ने डाक्टर, और अप्रशिक्षित कर्मचारियों के अभाव मे अपना बच्चा खोया है क्या ऐसे मे सिर्फ क्लीनिक सीज करना पर्याप्त कार्यवाही मानी जायेगी या फिर एक अभियान चलाकर झोलाछाप डाक्टरो और आशाबहुओ पर कार्यवाही की मिसाल कायम की जायेगी, ये तो समय बतायेगा या फिर कोई अन्य प्रसूता फिर किसी झोलाछाप का शिकार बनेगी।

# शक्ति वंदन अधिनियम अभियान महिला सशक्तिकरण की नई दिशा में भाजपा का ऐतिहासिक कदम : सीमा

अवधनामा संवाददाता



**मातृशक्ति से अपील करती हूं कि वे इस अभियान से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करें : अर्चना सिंह**

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के सफल कार्यान्वयन और आगामी योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसको राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने संबोधित किया इस प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को राजनीति की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता और 2029 के चुनावों में 33% आरक्षण लागू करने की रूपरेखा साझा करना रहा। राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने बताया कि संसद के आगामी विशेष सत्र (16-18 अप्रैल) में अधिनियम से जुड़ी तकनीकी बाधाओं को दूर किया जाएगा और नए प्रस्ताव के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 816 करने की योजना है, जिससे महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित होंगी। उन्होंने आगे बताया कि अब 2027 की जनगणना की प्रतीक्षा किए बिना, 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने पर विचार किया जा रहा है, ताकि 2029 में महिलाएं अपना हक पा सकें जन-जागरण अभियान के तहत आगामी 15 से 17 अप्रैल तक पूरे जिले में 'नारी शक्ति पदयात्रा' और स्कूटी रैलियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अब 'महिला विकास' से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर कदम बढ़ा चुका है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के आत्मविश्वास का प्रतीक है।उन्होंने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बताई जो इस प्रकार से है 14 अप्रैलः बूथ स्तर पर महिला संवाद कार्यक्रम।15-16 अप्रैलः 'शक्ति वंदन' पदयात्रा का आयोजन। 18 अप्रैलः संसद के विशेष सत्र के उपलक्ष्य में विजय उत्सव।टी डी कालेज की प्रिंसिपल अर्चना सिंह ने कहा कि समाज के सभी वर्गो, विशेषकर मातृशक्ति से अपील करती है कि वे इस अभियान से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करें उन्होंने विपक्षी दलों से भी अपील की कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करे उन्होंने यह भी बताया कि यह अधिनियम पंचायतों से लेकर संसद तक महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता और उनकी भागीदारी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

## आर्य समाज का 126 वां वार्षिक उत्सव संपन्न

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** आर्य समाज जौनपुर का 126 वार्षिक उत्सव दिनांक 9,10,11 एवं 12 अप्रैल 2026 को नगर पालिका परिषद जौनपुर एवं आर्य समाज मंदिर में मनाया गया इस अवसर पर आचार्य योगेश महाराज आर्य गुरुकुल मुजफ्फरनगर,, योगेश दत्त भजन उपदेशक बिजनौर, प्रवीण आर्य लखनऊ के द्वारा यज्ञ भजन प्रवचन का कार्यक्रम किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में धर्म के ऊपर उपदेश देते हुए योगेश भारद्वाज महाराज ने कहा कि अखंड ब्रह्मांड का मूल वेद ही है जिन मनुष्यों को वेद का ज्ञान नहीं है और दिन की आस्था बेद में नहीं है वही मनुष्य प्रकृति के अंदर पाप का संचार करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह समाज सेवी, रेखा साहू आर्यन तिवारी पवन कुमार साहू आदि लोग उपस्थिति रही रहें

## अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आहूत किया गया

**मुबारकपुर/ आजमगढ़ (अवधनामा ब्यूरो)।** मुबारकपुर थाना परिसर में अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर पीस कमेटी बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी शशि मौली पांडेय ने थाना क्षेत्र के समस्त गांव के सम्मानित लोगों से कहा कि अम्बेडकर जयंती अच्छी तरह और शान्ति पूर्वक मनाऐं हर वर्ष की तरह जैसे पूर्व में शांति पुर्वक मनाया जाता है उसी तरह से मनाया जाएगा नया काम नहीं होना चाहिए जैसे होता आ रहा उसी तरह होगा अगर कोई दिक्कत हो हमसे और थाने की पुलिस से संपर्क करें या सुचना दे कानून अपने हाथ में न लें कार्यक्रम के समय शराब का सेवन न करें और डीजे ध्वनि तेज आवाज में न बजाऐं, किसी धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे सभी बातों का ध्यान दें मीटिंग के दौरान मुख्यरूप से चौकी प्रभारी कस्बा कृष्ण मुरारी मिश्र ,एस आई कमला यादव, अश्विनी कुमार मिश्रा,, नौशाद अहमद, नीरज शुक्ला चौकी प्रभारी सठियांव महिला एसआई आरती यादव, अखिलेश कुमार चौबे, अल्पेश्वर तथा थानाक्षेत्र के तमाम सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।



## अराजकतत्वों ने खंडित की हनुमान जी की प्रतिमा

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर नेवादा में स्थित हनुमानजी की प्रतिमा सोमवार सुबह कुछ लोगों ने तोड़ दी। कुछ लोग पूजन करने के लिए पहुंचे तो खंडित मूर्ति देख आक्रोशित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को किसी तरह शांत कराया। मूर्ति किसने और क्यों खंडित की गई, पुलिस इसका भी पता लगा रही है। बताया गया है कि गंगानगर नेवादा मुहल्ले में सार्वजनिक मंदिर है। सोमवार सुबह कुछ अराजकतत्व पहुंचे और ईट-पत्थर चलाते हुए मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी। इसका पता चलने पर मुहल्ले की तमाम महिलाएं पहुंच गई। उन्होंने घटना पर नाराजगी जताते हुए मूर्ति तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की।



## प्रियांशु ने सेंट जोसेफ स्कूल को जिताया

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रियांशु के हरफनमौला खेल (86 रन, 43 गेंद, नौ चौके, पांच छक्के एवं एक विकेट) के दम पर सेंट जोसेफ स्कूल कुंडा ने श्रीराम क्रिकेट अकादमी को 142 सन से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। गंगा डिग्री कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में सेंट जोसेफ स्कूल कुंडा ने 30 ओवर में 6 विकेट पर 237 रन (प्रियांशु 86, सिद्धि शुक्ला 37 नाबाद, यशस्वी मिश्रा 36, युवराज शुक्ला 31, आदित्य 3/30, आयुष मौर्य 3/57) बनाये। जवाब में श्रीराम क्रिकेट अकादमी की टीम 18 ओवर में 95 रन (पीयूष 21, हार्दिक 11, श्याम सिंह यादव 2/09, आयुष पटेल 2/12, ऋषि साहू 2/16, प्रियांशु 1/15) पर सिमट गई। प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## मोहसिना किदवई को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई को श्रद्धां सुमन अर्पित किए। सोमवार अपराह्न चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर शहर अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी की अध्यक्षता में हुई श्रद्धांजलि सभा में कहा गया कि मोहसिना राष्ट्रीय राजनीति में उभरने वाली प्रमुख मुस्लिम महिला नेताओं में एक ऐसी बिड़ली नेता थी जो चारों सदन की सदस्य रही। उनका सार्वजनिक जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक था जो लंबे समय तक याद किया जाएगा, वे आने वाली पीढ़ियों की के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। जहां उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार में वह विभिन्न विभागों की मंत्री रही वही संगठन में कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य, राष्ट्रीय महासचिव होने के साथ-साथ आपातकाल के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं। उनके निधन से एक अज़ीम शख्सियत का अंत हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, मुकुंद तिवारी, ज़िया उबैद, अनूप त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, सुष्मिता यादव, अफ़रोज़ अहमद, मानस शुक्ला, प्रवक्ता शाहनवाज़ कुरैशी, केशव पासी नसरीन बानो, राकेश श्रीवास्तव आदि थे।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस



अवधनामा ब्यूरो

**आजमगढ़।** आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टीईटी अनिवार्यता के विरोध में संघर्ष के लिए एकजुट शिक्षक संगठनों के बने मोर्चे - अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर जिले भर के शिक्षकों ने मसाल जुलूस निकाला। यह मसाल जुलूस डीएवी इंटर कॉलेज के पास स्थित गांधी तिराहे से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहे पर जाकर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले भर से आए शिक्षकों ने सरकार से आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग की। इसके लिए प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों ने मिलकर महासंघ का गठन किया है, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला अध्यक्ष और इस महासंघ के आजमगढ़ इकाई के मुख्य जिलासंयोजक सुशील कुमार ने कहा कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नई शर्तें थोपना न्यायोचित नहीं है।टीईटी की अनिवार्यता समाप्त होनी। उत्तर प्रदेशीय प्रारंभिक शिक्षक समिति के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिलासंयोजक डॉ0 राम उजागिर शुक्ल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण है।आज हम सब ने मशाल जलाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है, जिससे टेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जा सके। टीएससीटी आजमगढ़ इकाई के जिलाअध्यक्ष और महासंघ के जिलासंयोजक दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि हम सब मिलकर मशाल से लेकर न्यायालय तक लड़ाई जारी रखेंगे और शिक्षकों को इस काले कानून से मुक्ति दिलाकर दम लेंगे। अटेवा आजमगढ़ के जिला अध्यक्ष और महासंघ के जिला संयोजक सुभाष चन्द यादव ने बताया कि आज तो हमने मसाल जुलूस निकालकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम अगले महीने में लखनऊ में एक बड़ी रैली भी करेंगे। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजूट के प्रदेशीय मंत्री बिरजू सरोज तथा अटेवा के जिला उपाध्यक्ष सीपी यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासंघ के संरक्षक रामअवध यादव, सहसंयोजक मंडल के सदस्य क्रमशः विनय यादव, रामजन्म दुबे, बैजनाथ कन्नौजिया, मु0अहमद खां, रविशंकर यादव, जमुना प्रसाद दुबे, मनोज राय, अजय कुमार पाण्डेय, जनार्दन यादव ओंकार सिंह, डॉ रामजी वर्मा, महासंघ के जिला महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी ममता चौबे, कोषाध्यक्ष मनोज मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी उदय प्रताप राय सहित जिले भर के सैकड़ो शिक्षकों ने प्रतिभाग़ किया।

## 23 घटक संगठनो ने मशाल जूलुस निकालकर टेंट अनिवार्यता का जताया विरोध



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** सोमवार सायं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ जौनपुर के बैनर तले सेवारत शिक्षको के टेटे अनिवार्यता के विरोध मे महासंघ के 23 घटक संगठनो यथा उ प्र प्रा शि संघ, पू मा वि शि संघ, अटेवा, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ( यूटा 1739) ,पीएसपीएसए, टी एस सी टी, वि वि टी सी एसोसिएशन, उ प्र मा शि संघ एकजुट, एससी एसटी शिक्षक संघ, उ प्र शि मि संघ द्वारा एक मंच के माध्यम से चरणबद्ध आंदोलन के क्रम मे हजारों शिक्षको के साथ विशाल मशाल जुलूस बी आर पी इंटर कॉलेज से प्रारंभ करते हुए टेट अनिवार्यता कानून को वापस करने हेतु कलेक्ट्रेट जौनपुर मे श्रीमान जिलाधिकारी महोदय जौनपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार एंव केन्द्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। उ प्र प्रा शि संघ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह मुन्ना, प्रदेश संगठन मंत्री विकास सिंह, यूटा प्रदेश महामंत्री डा हेमंत सिंह, संयुक्त मंत्री मंजू पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष एआरपी संघ सुधीर सिंह, जिला संयोजक संजय सिंह, सह संयोजक सत्य प्रकाश मिश्रा, यूटा जिला महामंत्री राज कुमार मिश्रा, अटेवा जिलाध्यक्ष चंदन सिंह , अरविंद यादव जिलाध्यक्ष टीएससीटी, भूपेंद्र प्रताप सिंह कार्यकारी जिलाध्यक्ष, सत्येन्द्र उपाध्याय आदि समस्त 23 घटकों के पदाधिकारी एंव हजारों शिक्षक / शिक्षिका बहने उक्त मशाल जुलूस मे प्रतिभाग किये।

# प्रतियोगी छात्रों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तकनीकी भर्तियों में परिणाम जारी करने में हो रही लगातार देरी को लेकर अभ्यर्थियों का आक्रोश सोमवार को फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में छात्र आयोग के मुख्य द्वार पर पहुंच गए। इस दौरान सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 और राज्य कृषि अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 के परिणाम जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों की मांग है कि आयोग लंबित न्यायिक प्रक्रिया का शीघ्र निस्तारण कराकर मुख्य परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित करे। आयोग ने दिसंबर 2024 में सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 के तहत 604 सहायक अभियंता पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। प्रारंभिक परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को आयोजित की और मई 2025 में उसका परिणाम घोषित किया। हालांकि इसके बाद भर्ती प्रक्रिया माइग्रेशन नियम को लेकर कानूनी विवाद में फंस गई। प्रारंभिक परीक्षा में असफल कुछ अभ्यर्थियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में में याचिका दाखिल कर यह आरोप लगाया कि विज्ञापन में वर्णित माइग्रेशन नीति का सही पालन नहीं किया गया। बताया गया कि इस पर एकल पीठ ने प्रारंभिक परिणाम संशोधित करने का निर्देश दिया था।

अभ्यर्थियों ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद मुख्य परीक्षा तो समय पर संपन्न हो गई लेकिन सात महीने बीत जाने के बाद भी परिणाम जारी नहीं हो सका है। उनका आरोप है कि आयोग की ओर से अदालत में प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही है।

इसी तरह सम्मिलित राज्य कृषि अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 भी इसी माइग्रेशन विवाद के कारण कोर्ट में लंबित है। इस भर्ती की मुख्य परीक्षा मार्च 2025 में आयोजित हुई थी, जिसमें करीब 1700 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, लेकिन एक वर्ष बीतने के बावजूद परिणाम घोषित नहीं हो सका।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2003, अनुक्रमांक -1762973 एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2005, अनुक्रमांक- 766311 का प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

नाम-अनूप कुमार पाण्डेय
पुत्र-सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय,
मो. निकट सिंहेश्वरी मंदिर थरौली,
पो. तेतरी बाजार,सद्धार्थनगर

**न्यायालय सूचना**

**न्यायालयः श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सिद्धार्थनगर**

**मुकदमा सं0 230/2021**

श्रीमती गुलनाज फातमा उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्री गुलाम मोहम्मद, पत्नी- मोहम्मद सुलेमान, निवासी ग्राम व पोस्ट-खडसरी, थाना- कठेला जनपद-सिद्धार्थनगर, हाल मुकाम भगवतपुर थाना-मिश्रौलिया, जिला-सिद्धार्थनगर, आदि

**बनाम**

मोहम्मद सुलेमान उम्र करीब 37 वर्ष पुत्र अब्दुल रसीद, साकिन-खड़सरी पोस्ट- खड़सरी, थाना-कठेला, तहसील- इटवा, जिला-सिद्धार्थनगर, मोबाइल नंबर 9919705627

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 147 बी.एन.एस.एस. थाना- कठेला समय माता, जनपद- सिद्धार्थनगर।

उपरोक्त वाद में समन तलवाना हस्ब जैल पर चस्पा है। तारीख पेशी 25/05/2026 को मोहम्मद सुलेमान हाजिर हों।

**आज्ञा से**
**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सिद्धार्थनगर**

**जिला प्रोबेशन अधिकारी, अयोध्या।**

पत्रांकः - 109/जि0प्रो0अ0/जि0बा0सं0इ0/विज्ञप्ति/2026-27 दिनाँकः- 13/04/2026

**विज्ञप्ति**

**उपयुक्त व्यक्ति (फिट पर्सन) उपयुक्त सुविधा (फिट फैसिलिटी) फास्टर केयर/ग्रुप फास्टर केयर के रूप में मान्यता हेतु आवेदन**

किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम- 2015 के अन्तर्गत बालको को सुरक्षित परिवारिक वातावरण में देखरेख, संरक्षण, पुनर्वास एवं सामाजिक पुनः एकीकरण कराने हेतु उपयुक्त व्यक्ति, उपयुक्त सुविधा, फास्टर केयर तथा ग्रुप फास्टर केयर के रूप में जन सामान्य में लोकहितैषी भावना से कार्य करने वाले इच्छुक व्यक्तियों, स्वयंसेवी संस्थाओं से अपनी सेवाये देने हेतु आवेदन आमंत्रित किय जाते है। उपयुक्त व्यक्ति तथा उपयुक्त सुविधा की सेवाये निःशुल्क प्रदान की जायेगी।

ऐसे व्यक्ति/संस्थायें जो बालकों को बुनियादी सेवायें उपलब्ध कराने में शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम हो, किसी भी अनैतिक या आपराधिक कार्य में संलिप्त न हो तथा बाल संरक्षण अथवा सामाजिक कार्य करने के क्षेत्र में अनुभवी हो, आवेदन हेतु पात्र हो।

विस्तृत जानकारी तथा आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट https//mahilakalyan.up.nic.in से डाउनलोड करें अथवा जिला प्रोबेशन कार्यालय कलेक्ट्रेट कैम्पस जनपद अयोध्या से प्राप्त कर सकते है।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी/**
**जिला प्रोबेशन अधिकारी,**
**अयोध्या।**

**कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ**

पत्राँकः- 46/जि0पं/नि0अनु0/2026-27 दिनांक- 10-04-2026

**CORRIGENDOM**

उ0 प्र0 शासन के आदेश सं0 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त, 2019 व शासनादेश सं0 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून, 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त 15वाँ वित्त (टाइड अनटाइड) आयोग अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 47 कार्यो की ई-निविदायें इस कार्यालय के पत्रांक 18/जि0प0/नि0अनु0/2026-27 दिनांक 06-04-2026 द्वारा दिनांक 21-04-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक बेवसाइड *http://etender.up.nic.in* पर अपलोड करने हेतु आमन्त्रित की गयी है। उक्त कार्यो में से क्रमांक 2, 3, 6, 17, 36, 38 पर अंकित कार्यो को अपरिहार्य कारणोवश निरस्त कर दिया गया है। अतः उक्त क्रमाकों पर अंकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा निरस्त समझी जाय। निविदा सम्बन्धी समस्त शर्ते पूर्ववत रहेगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी वेवसाइड *http://etender.up.nic.in* व *BUDAUN.NIC.IN* पर भी देखा जा सकता है ।

| (पवन कुमार गोयल) | (विनोद कुमार सिंह) | (वर्षा सिंह) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, बदायूँ | जिला पंचायत, बदायूँ | जिला पंचायत, बदायूँ |

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता अयोध्या-अम्बेडकरनगर वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या**

पत्रांकः 2467/1काम (बारा0)ई-टेण्डरिंग/2026 दिनॉक : 06.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

1. उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधीक्षण अभियन्ता अयोध्या/अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या लोक निर्माण विभाग में 'मार्ग वर्ग' में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

2.

| क्रम सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) जी.एस.टी. को छोड़कर | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बाराबंकी | जनपद बाराबंकी में उपजिलाधिकारी नवाबगंज के क्षेत्राधिकार विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत विकास भवन कार्यालय से एक्सप्लोर किड्स स्कूल तक यातायात सुधार सम्बन्धी कार्य। | 210.00 | 12.50 | 2714.00 | 05 माह | ए | अधिशासी अभियन्ता,नर्माण खण्ड नं.-3, लो.नि.वि.,, बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता, अयो./ अम्बेडकरनगर वृत्त, लो.नि.वि.,, अयोध्या | मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र,ो.नि.वि., अयोध्या |

3. निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15-04-2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से 30-04-2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक आनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 30-04-2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि वे उक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।

**(राजीव कुमार राय)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-3,.नि.वि.,**
**बाराबंकी**

UPID-249561 Dated-10-04-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(ओम प्रकाश वर्मा)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**अयो.अ.वृत्त,ो.नि.वि.,**
**अयोध्या**

# टाटा मोटर्स ने बिलियनई मोबिलिटी को सौंपी इलेक्ट्रिक प्राइमा E.zzS की पहली खेप, शून्य उत्सर्जन वाली माल ढुलाई को दी नई रफ़्तार

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज बिलियनई मोबिलिटी को प्राइमा E.zzS इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स की डिलीवरी शुरू कर दी है। इसके साथ ही, कंपनी ने 250 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक प्राइम मूवर्स का ऑर्डर मिलने की भी घोषणा की है, जो भारी माल ढुलाई के क्षेत्र में शून्य उत्सर्जन वाले ट्रकों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। इन ट्रकों की डिलीवरी चरणबद्ध तरीके से की जाएगी और इन्हें गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के प्रमुख फ्रेट कॉरिडोर्स (माल ढुलाई मार्गों) पर तैनात किया जाएगा। इससे स्टील, सीमेंट और अन्य औद्योगिक सामानों की लंबी दूरी की आवाजाही में मदद मिलेगी।

ट्रकों की पहली खेप को टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री गिरीश वाघ, बिलियनई मोबिलिटी और चार्जज़ोन के संस्थापक कार्तिकेय हरियाणी, और

**ट्रकिंग**

**टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड (ट्रक्स), राजेश कौल ने कहा, इलेक्ट्रिक ट्रकिंग तभी सफल होती है**

टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट व बिजनेस हेड (ट्रक्स) राजेश कौल की उपस्थिति में सौंपा गया। इस मौके पर दोनों संगठनों की वरिष्ठ नेतृत्व टीमें भी मौजूद थीं।

ई-ट्रक्स प्राप्त करते हुए बिलियनई और चार्जज़ोन के संस्थापक श्री कार्तिकेय हरियाणी और बिलियनई मोबिलिटी के सीईओ संजीव कुलकर्णी ने कहा, बिलियन इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में हमारा फोकस ऐसे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों पर है जिनका उपयोग शहरों के बीच के रूट्स पर भारी माल ढुलाई के लिए भरोसेमंद तरीके से



किया जा सके। हम टाटा मोटर्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी कर रहे हैं और हमारा लक्ष्य अगले 6 से 18 महीनों में भारत में हैवी-ड्यूटी लॉजिस्टिक्स के लिए 1,500 इकाइयां है। हम हर महीने योजनाबद्ध तरीके से ट्रकों की तैनाती को तेज़ करना चाहते हैं। टाटा प्राइमा श्व.55स् बेहतरीन प्रदर्शन, विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता प्रदान करता है। हमें खुशी है कि हम अपनी लंबी दूरी की लॉजिस्टिक्स क्षमता बढ़ाने के लिए प्राइमा E.zzS को शामिल कर रहे हैं, जिसमें अपनी श्रेणी की सबसे बड़ी 450 kWh की बैटरी दी गई है।

टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड (ट्रक्स), राजेश कौल ने कहा, इलेक्ट्रिक ट्रकिंग तभी सफल होती है, जब गाड़ियाँ असल ऑपरेटिंग स्थितियों–ड्यूटी साइकल, अपटाइम, एनर्जी एफ़िशिएंसी और कुल मालिकाना लागत–को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। इसी एप्लिकेशन-आधारित सोच के साथ विकसित, Prima E.zzS में भारत का पहला हाई-परफ़ॉर्मेंस ई-एक्सल, एक एडवांस्ड बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम और दो चार्जिंग पोर्ट्स दिए गए हैं। इसे एक बेहतरीन 450 kWh बैटरी पैक का भी साथ मिला है, जिसे लंबी दूरी तय करने और मुश्किल ड्यूटी साइकल के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये टेक्नोलॉजीज़ मिलकर ज़बरदस्त परफ़ॉर्मेंस, ज़्यादा अपटाइम और कम ऑपरेटिंग लागत देती हैं, जिससे ग्राहक अपनी लागत की भरपाई तेज़ी से कर पाते हैं। BillionE Mobility के साथ हमारे गहरे सहयोग ने यह पक्का किया है कि गाड़ी और उसे सपोर्ट करने वाले पूरे इकोसिस्टम के बीच तालमेल बना रहे, जिससे माल ढुलाई के मुख्य रास्तों पर भरोसेमंद इलेक्ट्रिक ऑपरेशन संभव हो सकें। टाटा प्राइमा E.zzS, Trucks.EV रेंज का हिस्सा, टाटा मोटर्स के उन्नत इलेक्ट्रिक वाहन आर्किटेक्चर i-MoEV पर बनाया गया है। इसमें फुल-इलेक्ट्रिक ड्राइवट्रेन है जिसमें इंटीग्रेटेड ई-एक्सल और रिजेनेरेटिव ब्रेकिंग शामिल है। 450 kWh बैटरी पैक से संचालित यह ट्रक एक बार चार्ज करने पर 350 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है।

# सरकार ने राष्ट्रव्यापी अभियान के द्वारा उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित की

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाज़ारी पर रोक लगाने के लिए अपने सिस्टम को काफ़ी मज़बूत बनाया है। साथ ही, सरकार ने देश भर में वास्तविक उपभोक्ताओं तक बिना किसी रूकावट के स्वच्छ ईंधन पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, अकेले 11 अप्रैल, 2026 को 2,700 से ज़्यादा इंस्पेक्शन कर छापे मारे गए। इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य अनियमितताओं का पता लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है।

इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स के अचानक इंस्पेक्शन के साथ अपनी निगरानी तेज़ कर दी है। इन कड़े निरीक्षणों के बाद, 219 डिस्ट्रीब्यूटरों पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि तय नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 डिस्ट्रीब्यूटरों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

इसके साथ ओएमसी ने ज़िम्मेदाराना इस्तेमाल को बढ़ावा देने और लास्टमाईल पहुँच सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को जागरुक बनाने के प्रयासों को भी बढ़ाया है। पिछले आठ दिनों में लगभग 3,300 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें विशेष रूप से 5 किलोग्राम वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी'(एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता और उन्हें अपनाने पर ज़ोर दिया गया है; इन अभियानों के दौरान ऐसे 35,800 से ज़्यादा सिलेंडर बेचे गए। ये सभी प्रयास प्रवासी और वंचित आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने औरघरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर पड़ने वाले दबाव को भी कम करने में मददगार साबित हो रहे हैं।निगरानी और जागरूकता के ये उपाय भारत की एलपीजी वितरण प्रणाली के मजबूत बनाते हैं। घरेलू आपूर्ति स्थिर बनी हुई है, और किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर के पास एलपीजी की कमी (स्टॉक खत्म होने) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। सिर्फ 11 अप्रैल,2026 को, पूरे देश में 52.3 लाख से ज़्यादा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई; यह आँकड़ा दुनिया भर में बदलती परिस्थितियों के बावजूद भी निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने की क्षमता को दर्शाता है।सरकार का सक्रिय और शून्यसहिष्णुता दृष्टिकोण उपभोक्ताओं की सुरक्षा, सिस्टम की अखंडता और ज़रूरी ऊर्जा संसाधनों की एकसमान पहुँच सुनिश्चित करने पर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## एनएमआईएमएस ने स्टूडेंट्स के एडमिशन और सहभागिता को बदलने के लिए सेल्सफोर्स के साथ हाथ मिलाया



**लखनऊ।** सेल्सफोर्स Salesforce, जो दुनिया का #1 एआई सीआरएम है, ने एसवीकेएम के एनएमआईएमएस (नर्सी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) के साथ एक नई सहभागिता का ऐलान किया है। एनएमआईएमएस, भारत के सबसे सम्मानित और पुराने हायर एजुकेशन संस्थानों में से एक है। इस सहयोग का मकसद यह है कि एनएमआईएमएस संभावित स्टूडेंट्स के साथ जुड़ने और बड़े पैमाने पर एडमिशन को मैनेज करने के तरीके को डिजिटल रूप से बदल सके। एनएमआईएमएस, एक इंटीग्रेटेड, एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म बना रहा है ताकि डेटा के अलग-अलग हिस्सों में बंटे होने की समस्या को खत्म किया जा सके, एडमिशन की प्रक्रियाओं को बेहतर और व्यवस्थित किया जा सके, और स्टूडेंट्स को उनकी ज़रूरत के हिसाब से अनुभव दिए जा सकें। ऐसा वह अपने कई कैंपस और डिजिटल विस्तार को बढ़ाते हुए कर रहा है। पहले जो सिस्टम अलग-अलग हिस्सों में बंटे हुए थे, उन्हें एक साथ लाकर, यूनिवर्सिटी का लक्ष्य अपनी काम करने की क्षमता को बढ़ाना, दाखिलों के आंकड़ों पर तुरंत नज़र रखना, और एक ऐसे इकोसिस्टम की नींव रखना है जो स्टूडेंट्स पर केंद्रित हो और जिसे लगातार आगे बढ़ाया जा सके।

**एक कनेक्टड डिजिटल फाउंडेशन बनाना**

एनएमआईएमएस ने अपने लीड-टू-एडमिशन (संभावित स्टूडेंट्स से एडमिशन तक) की प्रक्रिया को बदलने के लिए एजेंटफोर्स एजुकेशन Agentforce Education और एजेंटफोर्स मार्केटिंग सॉल्यूशंस को लागू किया है, जिन्हें म्यूलसॉफ्ट MuleSoft के साथ इंटीग्रेट किया गया है। यह प्लेटफ़ॉर्म डिजिटल माध्यमों से संभावित स्टूडेंट्स की जानकारी को अपने आप इकट्ठा करने, उन्हें आगे बढ़ाने और उन पर नज़र रखने के ज़रिए शुरू से आखिर तक लीड मैनेजमेंट को संभव बनाता है।

## नई फोक्सवैगन टाइगुन की पेशकश, ड्राइविंग का अनोखा आनंद लेने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** फोक्सवैगन इंडिया ने आज नई टाइगुन प्रीमियम एसयूवी पेश की। उत्कृष्ट ड्राइविंग अनुभव, सुरक्षा और व्यावहारिक डिज़ाइन को महत्व देने वाले ग्राहकों के लिए इस गाड़ी को तैयार किया गया है। नई टाइगुन में आकर्षक डिज़ाइन, उपयोग में आसान तकनीक, बेहतर आराम और कंपनी की पहचान रही सुरक्षा का संगम है। इससे गाड़ी चलाते समय रोमांचक अनुभव मिलता है और यह रोज़मर्रा के उपयोग के लिए भी उपयुक्त साबित होती है।

गाड़ी के अगले हिस्से का नया दमदार डिज़ाइन, इस सेगमेंट में पहली बार दिया गया प्रकाशित लोगो और नए सिरे से सजाया गया इंटीरियर, इन सबके माध्यम से नई टाइगुन वैश्विक स्तर की फोक्सवैगन डिज़ाइन की झलक पेश करती है। जर्मन इंजीनियरिंग, उच्च स्तर की सुरक्षा और टर्बो इंजन की ताकत, ये फोक्सवैगन ब्रांड की पहचान रहे प्रमुख गुण इस एसयूवी में बरकरार रखे गए हैं।

इस अवसर पर फोक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया के ब्रांड निदेशक नितीन कोहली ने कहा, ÷टाइगुन हमारे भारत में उत्पाद पोर्टफोलियो की एक



महत्वपूर्ण गाड़ी साबित हुई है। इसके पेश होने के बाद से ही हमारे एसयूवीडब्ल्यू सफर में इसने बड़ी भूमिका निभाई है। मजबूत बनावट, उच्च सुरक्षा और ड्राइव करते समय मिलने वाला मज़ेदार अनुभव इन गुणों के कारण इस गाड़ी ने ब्रांड की वृद्धि में योगदान दिया है। इसी मजबूत आधार पर अधिक आकर्षक डिज़ाइन और प्रमुख पहलुओं में किए गए सुधारों के साथ नई टाइगुन पेश की गई है। इस नई गाड़ी को प्रस्तुत कर हम आकर्षक और बेहतरीन इंजीनियरिंग वाले उत्पाद भारतीय ग्राहकों तक लाने के अपने संकल्प को और मजबूत कर रहे हैं। साथ ही, एसयूवीडब्ल्यू पोर्टफोलियो को सुदृढ़ करते हुए भारतीय ग्राहकों के लिए जर्मन इंजीनियरिंग को और अधिक सुलभ बना रहे हैं।÷

फोक्सवैगन के डिज़ाइन का दर्शन तीन मुख्य मूल्यों पर आधारित है, स्थिरता, पहली नज़र में पसंद आने वाला डिज़ाइन और गाड़ी को दूसरों से अलग पहचान देने वाला खास टच। ये तीनों सिद्धांत डिज़ाइन से जुड़े हर निर्णय में दिखाई देते हैं। इसी कारण फोक्सवैगन की गाड़ियाँ स्थिर, आकर्षक और अलग नज़र आती हैं। नई टाइगुन रोज़मर्रा के उपयोग के लिए भरोसेमंद गाड़ी है। इसकी मौजूदगी दमदार है और इसका अपना मज़बूत और आत्मविश्वासपूर्ण, लेकिन साथ ही गर्मजोशी भरा और स्वागत करने वाला अलग व्यक्तित्व है। आधुनिक जीवन की रफ्तार और लगातार आगे बढ़ने की भावना से इस गाड़ी के डिज़ाइन को प्रेरणा मिली है।

**डिज़ाइन – आत्मविश्वासपूर्ण, अलग और प्रीमियम**

दमदार बाहरी डिज़ाइन - नया फ्रंट और रियर बंपर, लाइट बैंड के साथ सादा फ्रंट ग्रिल और परिपक्वता व स्पष्ट उद्देश्य दर्शाने वाली मजबूत रचना।

सेगमेंट में पहली बार प्रकाशित लोगो - आगे और पीछे के लोगो प्रकाशमान होते हैं, जिससे दिन हो या रात, गाड़ी की अलग पहचान बनती है।

सिग्नेचर एलईडी लाइटिंग - इन्फिनिटी एलईडी टेल लैंप्स, क्रम से जलने वाले इंडिकेटर्स और वेलकम-गुडबाय एनीमेशन; इससे अधिक प्रीमियम लुक मिलता है।

## एआई प्लस स्मार्टफोन नोवा 2 की बिक्री 14 अप्रैल से फ्लिपकार्ट पर शुरू

एआई प्लस स्मार्टफोन ने अपनी नई नोवा सीरीज के अंतर्गत अपने नवीनतम डिवाइस नोवा 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। रोजमर्रा की भरोसेमंद उपयोगिता और आकर्षक व्यक्तिगत शैली को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया नोवा 2, 14 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विशेष रूप से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। माधव शेठ, सी.ई.ओ, एआई प्लस स्मार्टफोन और संस्थापक, एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज़ ने कहा, ÷नोवा सीरीज हमारे लिए अब तक का सबसे सशक्त प्रदर्शन है, जो दर्शाता है कि एआई+ क्या प्रतिनिधित्व करता है ऐसी तकनीक जो सुलभ, भरोसेमंद और रोजमर्रा के उपयोग के लिए बनाई गई है। नोवा 2 के साथ हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जो उपयोगकर्ता पहली बार अपग्रेड कर रहे हैं या एआई+ में स्विच कर रहे हैं, उन्हें बिना किसी समझौते के उनकी सभी ज़रूरतें पूरी हों। हम 14 अप्रैल को बिक्री शुरू करने के लिए उत्साहित हैं और अधिक उपयोगकर्ताओं को एआई+ इकोसिस्टम से जोड़ना चाहते हैं। नोवा 2 में 6000mAh की बैटरी दी गई है, जो पूरे दिन स्ट्रीमिंग, ब्राउज़िंग, गेमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए पर्याप्त है। यह ऐंड्रोइड 16 पर आधारित एनएक्सटीक्वांटम OS पर चलता है, जो शुरुआत से ही एक सहज और अनुकूलित अनुभव प्रदान करता है। नोवा 2 में IP64 रेटिंग के साथ एक परिष्कृत डिजाइन और साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर भी दिया गया है।

## एन.वाई.टी.एस रॉ डेटा के मुताबिक अमेरिका में बिना किसी प्रतिबंध के युवाओं में तंबाकू सेवन में लगातार गिरावट

यू.एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बिना किसी टिप्पणी के 2025 नेशनल यूथ टोबैको सर्वे (एनवाईटीएस) के डेटा जारी किया है। इसमें अमेरिका में मिडिल और हाई स्कूल के स्टूडेंट्स में टोबैको और निकोटीन के इस्तेमाल में लगातार गिरावट देखी गई है। ये नतीजे दर्शाते हैं कि युवाओं में वेपिंग की दर लगातार तीसरे साल कम हुई है, जिससे पिछले कुछ सर्वे में देखे गए गिरावट के रुझान की पुष्टि होती है। स्कूलों में किए जाने वाले इस वार्षिक सर्वे में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के स्टूडेंट्स के बीच धूम्रपान के उपयोग, दृष्टिकोण और प्रो एवं एंटी टोबैको मैसेजिंग के एक्सपोज़र का राष्ट्रीय डेटा एकत्रित किया जाता है।2025 एनवाईटीएस सर्वे के अनुसार, तम्बाकू का सेवन साल 2024 में 8.1 प्रतिशत से घटकर 7.5 प्रतिशत रह गया। ई-सिगरेट का उपयोग गिरकर 5.2 प्रतिशत तक पहुँच गया (लगभग 1.4 मिलियन युवाओं तक), जो पिछले दस सालों में सबसे कम है। धूम्रपान का स्तर 1.4 प्रतिशत पर बना हुआ है। निकोटीन पाउच का उपयोग भी कम और लगभग स्थिर बना हुआ है। गम और लॉजेंज जैसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी काफी कम हो गया, जो 1.2 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत रह गया।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडिया स्किल्स नेशनल प्रतियोगिता 2025-26 में 9 मेडल जीतकर चमक बिखेरी

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज इंडिया स्किल्स नेशनल प्रतियोगिता 2026 में अपनी टीम के विजेताओं की घोषणा की। यह जीत कंपनी की स्किल एक्सीलेंस और युवा सशक्तिकरण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। TKM प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सात स्किल कैटेगरी में कुल 5 गोल्ड, 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। भारत का प्रमुख व्यावसायिक



उत्कृष्टता मंच, इंडिया स्किल्स 2025-26 ने देशभर से आए श्रेष्ठ प्रतिभाओं की भागीदारी देखी। प्रतिभागियों ने जिला, ज़ोनल, राज्य और क्षेत्रीय स्तरों से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर तक अपनी जगह बनाई। इन सभी चरणों में TKM का लगातार प्रदर्शन इसकी व्यवस्थित स्किल डेवलपमेंट रणनीति और ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के अनुरूप भविष्य-तैयार वर्कफोर्स बनाने पर इसके फोकस को दर्शाता है। राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञ्यरूके 14 टीम मेंबरों ने सात स्किल्स में भाग लिया। प्रतियोगिताएं दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई में आयोजित की गईं। विजेताओं में दीपु एम. एस. और जयंथ के ने मेकेट्रॉनिक्स में गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि गणेश पी. बी. और पुनिथ कुमार ने इसी कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता रोबोटिक सिस्टम इंटीग्रेशन में शशांक एस और अभिषेक एस एस ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि चिराग जी और विनय एम एच ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण



**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को रायबरेली जनपद के बछरावां में डॉ. भीमराव अंबेडकर की नवीन प्रतिमा का भव्य अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बाबा साहब के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया तथा कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतिमा का अनावरण नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों के प्रति हमारी अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सपा ने परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति की और उनके समय में बाबा साहेब के संविधान का राज नहीं बल्कि माफ़ियाराज था इसीलिए उत्तर प्रदेश की देव तुल्य जनता ने 2017 में दंगा वालो को हटाकर गंगा वालो को चुना।

श्री पंकज चौधरी ने कहा कि बछरावां की पावन धरती मेहनतकश किसानों, संघर्षशील युवाओं और सामाजिक समरसता की पहचान रही है। यहां के लोगों की मेहनत और संघर्ष ही देश को आगे बढ़ाने की शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और शिक्षा के माध्यम से समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। उनका संपूर्ण जीवन दलित, वंचित और शोषित समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

## अभिनेता जिम सर्भ के साथ हमदर्द लेबोरेटरीज का 'यूनानी की कहानी' डॉक्यूमेंट्री का सफलता कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत की भरोसेमंद हेल्थ और वेलनेस कंपनियों में शामिल हमदर्द लेबोरेटरीज ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'यूनानी की कहानी' की सफलता पर नई दिल्ली। के द रॉयल प्लाज़ा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम वर्ल्ड यूनानी डे (11 फरवरी 2026) पर डिस्कवरी चैनल पर डॉक्यूमेंट्री लॉन्च के बाद मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हेल्थ एक्सपर्ट्स, इन्फ्लुएंसर्स और अन्य प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया, जहां बदलते हेल्थ परिदृश्य में यूनानी चिकित्सा और होलिस्टिक हीलिंग की बढ़ती अहमियत पर चर्चा हुई।अभिनेता जिम सर्भ द्वारा नैरेट की गई डॉक्यूमेंट्री 'यूनानी की कहानी' को युवा दर्शकों, खासकर मिलेनियल्स और जेन- ज़ी के लिए यूनानी चिकित्सा को आसान भाषा में समझाने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था। दिलचस्प स्टोरीटेलिंग, विशेषज्ञों की राय और सांस्कृतिक संदर्भों के जरिए डॉक्यूमेंट्री में बताया गया कि यूनानी चिकित्सा केवल लक्षणों का इलाज नहीं करती, बल्कि मन, शरीर और वातावरण के संतुलन के जरिए बीमारी के मूल कारणों पर ध्यान देती है।लॉन्च के बाद से इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शकों, हेल्थ एक्सपर्ट्स, वेलनेस कम्युनिटी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस पहल ने प्रिवेंटिव हेल्थ, नेचुरल हीलिंग और पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की भूमिका पर चर्चा को बढ़ावा दिया है, खासकर डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल से जुड़ी समस्याओं और अन्य लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के संदर्भ में।इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, हमदर्द लेबोरेटरीज ने होलिस्टिक हीलिंग दा नीड ऑफ दा माडन वल्ड विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की। इस चर्चा का संचालन आरजे और फिल्म समीक्षक स्तुति घोष ने किया।

## कैरेटलेन ने अक्षय तृतीया के मौके पर पेश किए दो नए कलेक्शंस, यामी गौतम धर के खास अंदाज़ में!



**मुंबई।** टाटा के ब्रांड कैरेटलेन ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर पेश किए दो नए कलेक्शंस– काशिका और लहर! अलग-अलग प्रेरणाओं पर आधारित इन दो कलेक्शंस को कैरेटलेन की आधुनिक डिज़ाइन शैली ने एक सूत्र में पिरोया है। ब्रांड एम्बेसडर यामी गौतम धर, कैरेटलेन के विभिन्न विजुअल्स में इन शानदार आभूषणों की शोभा बढ़ाती नज़र आ रही हैं। कैरेटलेन का काशिका कलेक्शन प्राचीन नगरी काशी की अलौकिक आभा से प्रेरित है, जिसे आज हम वाराणसी के रूप में जानते हैं। प्रत्येक डिज़ाइन शहर की अद्वितीय वास्तुकला, उसकी शाश्वत चमक, और भव्य मंदिरों के वैभव को बड़ी ही खूबसूरती से जीवंत करता है। 14 कैरेट स्वर्ण और प्राकृतिक हीरों से तराशे गए ये मोटिफ्स और टेक्सचर्स, काशी की समृद्ध विरासत को एक आधुनिक नज़रिए से परिभाषित करते हैं – जो इन आभूषणों को वियरेबल आर्ट (पहनने योग्य कला) का एक बेजोड़ नमूना बनाते हैं। सागर की लहरों से प्रेरित लहर कलेक्शन 14 कैरेट गोल्ड में जड़े असली हीरों और ब्लू टोपाज़ के साथ बेहद खूबसूरती से साकार किया गया है। ये डिज़ाइन्स लहरों की लय और आधुनिक कारीगरी का एक अद्भुत संगम हैं, जो कोमल घुमावों और लेयर्ड फॉर्म्स के ज़रिए व्यक्त होते हैं। इस कलेक्शन का हर आभूषण वर्सटाइल और सहज है, जो रोज़ाना की स्टाइल में चार चाँद लगाने के साथ-साथ अपनी एक अलग और विशिष्ट पहचान भी रखता है।

# वीज़ा और एचडीएफसी बैंक भारतीय फ़ैन्स को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ला रहे हैं और करीब



**मुंबई।** वीज़ा (एनवाईएसई वी), जो डिजिटल पेमेंट्स में दुनिया की जानी-मानी कंपनी है और फीफा की ऑफ़िशियल पार्टनर भी है, ने आज भारत के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक, एचडीएफसी बैंक के साथ फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी पार्टनरशिप का ऐलान किया। इस पार्टनरशिप के तहत वीज़ा और एचडीएफसी बैंक ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का एक लिमिटेड-एडिशन वीज़ा पिक्सल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इसके साथ ही, पूरे देश में एक खास स्पेंड एंड विन कैंपेन भी शुरू किया गया है, जिससे भारतीय कस्टमर्स दुनिया के सबसे ज़्यादा इंतज़ार किए जाने वाले ग्लोबल स्पोर्ट्स इवेंट के और करीब आ सकेंगे।

मुंबई में एक शानदार लॉन्च इवेंट में इस ऐलान का जश्न मनाया गया। इस इवेंट में दुनिया भर में मशहूर फुटबॉल स्टार माइकल ओवेन भी मौजूद थे, जिन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के रोमांच, बड़े पैमाने और ग्लोबल रुतबे को और भी खास बना दिया।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का यह इकलौता लिमिटेड-एडिशन वीज़ा - पिक्सल क्रेडिट कार्ड, जो एचडीएफसी बैंक का डिजिटल-फ़र्स्ट और ऐप-बेस्ड क्रेडिट कार्ड है, आज के डिजिटल ज़माने के कस्टमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार्ड तुरंत जारी हो जाता है, इसमें अपनी पसंद के हिसाब से बदलाव किए जा सकते हैं और डिजिटल पेमेंट्स भी बिना किसी रुकावट के हो जाते हैं। फीफा की थीम वाला यह कार्ड 11 अप्रैल से एचडीएफसी बैंक के मौजूदा पिक्सल प्ले कस्टमर्स के साथ-साथ पिक्सल प्ले के नए आवेदकों के लिए भी उपलब्ध होगा।

**एचडीएफसी बैंक के पेमेंट पोर्टफोलियो में फीफा की साझेदारी**

यह ऐतिहासिक साझेदारी अब एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों को, उनके सभी कार्ड पोर्टफोलियो, जिनमें क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और बिज़नेस कार्ड शामिल हैं, के ज़रिए फीफा वर्ल्ड कप 2026 का मैच लाइव देखने का मौका देती है।

फीफा के साथ वीज़ा की लंबे समय से चली आ रही वैश्विक साझेदारी और वीज़ा के सुरक्षित, हर जगह स्वीकार किए जाने वाले पेमेंट नेटवर्क द्वारा समर्थित, यह पहल रोज़मर्रा के पेमेंट्स को फुटबॉल के यादगार अनुभवों में बदल देती है।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट में रिकॉर्ड प्रदर्शन, 81 लाख का सर्वोच्च पैकेज



केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में पात्र पंजीकृत छात्रों के लिए शानदार प्लेसमेंट उपलब्धियां दर्ज की हैं, जिससे करियर-केंद्रित शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी स्थिति और भी मजबूत हुई है।इस वर्ष की प्लेसमेंट सफलता में ?81 लाख प्रति वर्ष का एक शानदार अंतरराष्ट्रीय ऑफर अग्रणी रहा, जिसे बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र वेलगापुडी सत्विक ने एक प्रतिष्ठित सऊदी कंपनी से हासिल किया।इस वैश्विक उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए, एमबीए की छात्रा सुश्री हरिनी और छात्र श्री सत्विक ने फिनलैंड की कंपनी में क्रमशः 35 लाख प्रति वर्ष और ?33 लाख प्रति वर्ष के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ऑफर प्राप्त किए केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जी परधा सारधी वर्मा के अनुसार, कई छात्रों को प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट के माध्यम से 52 लाख, 44 लाख, 40 लाख और 34 लाख प्रति वर्ष तक के उच्च वेतन पैकेज मिले हैं। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 150 छात्रों को 25 लाख प्रति वर्ष या उससे अधिक के पैकेज मिले, जबकि 630 से अधिक छात्रों को 15 लाख प्रति वर्ष या उससे अधिक के ऑफर प्राप्त हुए हैं।इस उपलब्धि पर बात करते हुए, केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के चांसलर एर. कोनेरु सत्यनारायण ने कहा कि लगातार अच्छे प्लेसमेंट का कारण इंडस्ट्री के अनुसार पढ़ाई, प्रोजेक्ट आधारित सीख और तकनीकी व प्रोफेशनल स्किल्स की नियमित ट्रेनिंग है।हैदराबाद के केएलएच और केएलएच ग्लोबल बिजनेस स्कूल, साथ ही विजयवाड़ा कैंपस में विश्वविद्यालय लगातार इंडस्ट्री से जुड़ाव बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय अवसर बढ़ाने और छात्रों को बदलती इंडस्ट्री की जरूरतों के लिए तैयार करने पर ध्यान दे रहा है।

# लखनऊ में सजेगा सिनेमा का महाकुंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी और कला-संस्कृति के केंद्र लखनऊ में पहली बार भव्य स्तर पर लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। यह दो दिवसीय महोत्सव 15 और 16 अप्रैल को सहारागंज मॉल स्थित आईनॉक्स पी वी आर सिनेमा में आयोजित किया जाएगा।

फेस्टिवल के संस्थापक और आयोजक, प्रसिद्ध लेखक, निर्माता एवं निर्देशक अयूब खान (जो मुंबई में प्रतिष्ठित सिनेड्रीम्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भी संचालन करते हैं) ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं और सिनेमाई विरासत को एक वैश्विक मंच प्रदान करना है।पहले दिन 15 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ज्यूरी द्वारा चयनित देश-विदेश की बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जबकि 16 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक फिल्म स्क्रीनिंग जारी रहेगी। इसके पश्चात, शाम 7:00 बजे



से रात 10:00 बजे तक एक भव्य अवार्ड शो का आयोजन होगा, जिसमें सिनेमा जगत की चुनिंदा हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड की उन महान विभूतियों को याद करना है जिनका संबंध उत्तर प्रदेश से रहा है। इन दिवंगत हस्तियों के नाम पर विशेष सम्मान उनके परिवारजनों की उपस्थिति में प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष सम्मानित होने वाले अधिकांश कलाकार भी उत्तर प्रदेश की मिट्टी से जुड़े हैं।उन्होंने बताया कि महोत्सव के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में जरीना वहाब, पहलाज निहलानी, अनूप जलोटा और सतलुज धीर जैसे नाम शामिल हैं। वहीं, फिल्मों का चयन मेहुल कुमार, एन. चंद्रा, सोहम शाह, मनोज जोशी, राकेश बेदी और कमलेश पांडे जैसे अनुभवी ज्यूरी सदस्यों द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि जो फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी के द्वारा सेलेक्ट की गई 210 फिल्में को बेस्ट स्टोरी, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट एडिटिंग, आदि अवॉर्ड दिए जाएंगे ।

**सम्मानित होने वाली हस्तियां**

समारोह में राहुल रवैल, विशाल भारद्वाज, पूनम ढिल्लों, रवि किशन, राजपाल यादव, जूही चतुर्वेदी और मनोज मुंतशिर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

श्री अयूब खान ने कहा, ÷यह लखनऊ के लिए गौरव का क्षण है। हम इस फिल्म फेस्टिवल को अब हर वर्ष आयोजित करेंगे ताकि स्थानीय कलाकारों और फिल्म प्रेमियों को एक सशक्त मंच मिल सके।

# विद्युत व्यवस्था सुधारने पर जोर, सांसद ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

- विकास भवन सभागार में जिला विद्युत समिति की बैठक संपन्न


बैठक में विद्युत विभाग के जिम्मेदारों को निर्देश देते सांसद विजय दुबे

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़, सुचारु और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद विजय कुमार दुबे ने की, जिसमें विद्युत आपूर्ति, लाइन लॉस, ट्रांसफार्मरों की स्थिति, बिलिंग व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने, मरम्मत कार्यों में तेजी लाने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बिलिंग व्यवस्था को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। उन्होंने विद्युत चोरी और अवैध कनेक्शनों के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने, लाइन लॉस कम करने तथा विद्युत उपकेंद्रों और लाइनों के नियमित रखरखाव को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने स्पष्ट कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद के समग्र विकास पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि कुशीनगर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। यहां मेडिकल कॉलेज और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण हो रहा है तथा बौद्ध सर्किट के अंतर्गत पर्यटन को वैश्विक स्तर पर विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि विद्युत व्यवस्था और मजबूत हो जाए तो कुशीनगर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अग्रणी स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है और ग्रामीण सड़कों का चौड़ीकरण भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे बिहार, नेपाल और आसपास के क्षेत्रों से बेहतर संपर्क स्थापित हो रहा है। बैठक हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विनय प्रकाश, तमकुहीराज डॉ असीम कुमार, डीएम महेंद्र सिंह तंवर सहित तमाम अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अप्राकृतिक दुष्कर्म व पॉक्सो के दोषी को 20 साल की सजा

**कुशीनगर।** सात वर्ष पूर्व रामकोला थाना क्षेत्र में हुए अप्राकृतिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से जुड़े गंभीर मामले में सोमवार को न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी पर दो लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में रामकोला थाना क्षेत्र में मुकदमा अपराध संख्या 178/2019 के तहत धारा 377 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो अधिनियम में मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पुलिस व मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही थी, जिसके चलते साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट संख्या-01 पडरौना ने अभियुक्त रमजान पुत्र सेराजुद्दीन, निवासी बिहुली निस्फी थाना रामकोला, जनपद कुशीनगर को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

# मुसहर समाज के विकास को लेकर प्रशासन गंभीर

- भूमि पट्टा दिलाने, आवास, शिक्षा व रोजगार से जोड़ने के लिए तैयार होगा विशेष रोडमैप
- एक माह में पट्टा धारकों को दिलाया जाएगा कब्जा, 15 परिवारों के क्लस्टर में तैयारी


मुशहर समाज के लोगों की विकास को लेकर बैठक करते डीएम

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** मुसहर समाज के सर्वांगीण विकास तथा उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुसहर समाज के प्रतिनिधि राजू एवं श्रीमती दुर्गा देवी ने समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अवगत कराया कि बिहार राज्य की भांति उत्तर प्रदेश में भी मुसहर समाज को विशेष श्रेणी में रखते हुए शिक्षा, रोजगार एवं अन्य सरकारी योजनाओं में विशेष लाभ प्रदान किया जाए। प्रतिनिधियों ने उच्च शिक्षा के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने, सरकारी नौकरियों में आरक्षण, युवा उद्यमी योजनाओं में प्राथमिकता, भूमिहीन परिवारों को भूमि पट्टा एवं कब्जा दिलाने, जर्जर आवासों के स्थान पर नए आवास उपलब्ध कराने, आधार कार्ड बनवाने तथा परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने की मांग रखी। साथ ही कुड़वा दिलीप नगर, दोघरा आदि ग्राम सभाओं में चकबंदी न होने की समस्या भी बैठक में उठाई गई। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन मुसहर समाज के प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन परिवारों को पूर्व में भूमि पट्टा आवंटित किया गया है, उन्हें एक माह के भीतर कब्जा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में न्यायालय में वाद विचाराधीन हैं, उनमें शासन का प्रभावी पक्ष रखते हुए शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही जिन परिवारों को नए पट्टे की आवश्यकता है, उनके लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत लगभग 15 परिवारों के समूह में कर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# निपुण विद्यालय बनाने में एआरपी की भूमिका महत्वपूर्ण : सीडीओ



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में किया गया। समीक्षा बैठक में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने बैठक को संबोधित किया। सीडीओ ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से परिषदीय विद्यालयों में व्यापक सुधार हुआ है। गत दिनों निपुण असेसमेंट के घोषित परिणाम में बड़ी संख्या में विद्यालय निपुण घोषित हुए हैं, जिसमें जनपद के सभी एआरपी का महत्वपूर्ण योगदान है। परिषदीय विद्यालयों को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी एआरपी पर है। सभी एआरपी पूरे मनोयोग से कार्य करें ताकि जो विद्यालय इस सत्र में निपुण होने से रह गए हैं वह विद्यालय आगामी सत्र में अनिवार्य रूप से निपुण हो जाएं।

डायट प्राचार्य ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लगातार मिल रहे सहयोग से बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है। कहा कि इनका निरन्तर सहयोग बेसिक शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।इस दौरान रूम टू रीड कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस संस्था की सदस्य नेहा और धीरेंद्र द्वारा बच्चों की पुस्तकों तक पहुंच, गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य, भाषा समृद्ध वातावरण, निर्धारित पठन गतिविधियां, परिवार एवं सामुदायिक सहभागिता तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला गया। एसआरजी आशीष श्रीवास्तव और अंगद पाण्डेय ने स्पीक अलाउड गतिविधि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे बच्चों के भाषा कौशल, उच्चारण, आत्मविश्वास तथा सुनने-समझने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। बैठक में डायट प्रवक्ता इमरान और दिव्यांश त्रिपाठी ने सहयोग प्रदान किया।

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत निकली रैली, नामांकन के लिए किया प्रेरित




**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही के अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय से सोमवार को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के अभिभावकों को बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया त्रिभुवन जायसवाल ने माता सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संदेशों से लिखी तख्तियां लेकर पूरे वार्ड में भ्रमण करते हुए 'सब पढ़ें, सब बढ़ें' और 'शिक्षा है सबका अधिकार' जैसे नारे लगा रहे थे, जिससे क्षेत्र का माहौल शिक्षामय हो गया। इस अवसर पर सभासद पप्पू जायसवाल, प्रधानाचार्य उमा राय, सुधा जायसवाल, ममता तिवारी, शिल्पी मद्धेशिया, सीमा सिंह, रंजित जायसवाल, रेखा जायसवाल, मिंटू सिंह, नरेंद्र, समाजसेवी मक्खन जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 15 जून तक हर हाल में तैयार हो पडरौना बस स्टेशन

- राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह के औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसियों में मची हलचल
- निर्माण कार्य की रोजाना मॉनिटरिंग का दिया निर्देश


निर्माणाधीन बस स्टैंड पडरौना का निरीक्षण करते आरपीएन सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पडरौना नगर में वर्षों से प्रतीक्षित रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण कार्य को अब तेज रफ्तार देने की कवायद शुरू हो गई है। सोमवार को पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य आरपीएन सिंह ने निर्माणाधीन बस स्टेशन का औचक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि 15 जून तक हर हाल में बस स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने बस स्टेशन के मुख्य भवन, यात्री प्रतीक्षालय, अधिकारियों के कक्ष सहित विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया और शौचालय, स्वच्छ पेयजल तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता एलबी सिंह ने सांसद को बताया कि बस स्टेशन में महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल, कैंटीन तथा आधुनिक डॉरमेट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहली मंजिल पर तैयार हो रही डॉरमेट्री में यात्रियों को मामूली शुल्क पर रात में ठहरने की व्यवस्था भी मिलेगी, जिससे दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। सांसद ने एआरएम जयप्रकाश प्रधान को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी और प्रगति की रोजाना समीक्षा की जाए, ताकि तय समय सीमा के भीतर काम पूरा हो सके।

# तरयासुजान पुलिस ने हरियाणा निर्मित अवैध शराब की खेप बरामद की



**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को तरयासुजान पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए कार में छिपाकर ले जाई जा रही हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

तरयासुजान पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध टाटा इटियोस कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में छिपाकर ले जाई जा रही 120 बोतल (750 एमएल प्रत्येक) रॉयल ग्रीन व्हिस्की बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 90 लीटर है। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब ?1 लाख तथा कार की कीमत लगभग ?5 लाख है। इस प्रकार कुल बरामदगी की कीमत लगभग 6 लाख आंकी गई है। इस संबंध में थाना तरयासुजान पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान, उपनिरीक्षक शिवम द्विवेदी सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वाहनों पर आवश्यक रूप से लगाए एचएसआरपी प्लेट : फरीदुद्दीन

**बस्ती।** संभागीय परिवहन अधिकारी फरीदुद्दीन ने मण्डल के समस्त वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट का लगाया जाना अनिवार्य है। इस क्रम में परिवहन विभाग द्वारा पोर्टल में आवश्यक तकनीकी व्यवस्था विकसित की गई है, जिसके अन्तर्गत दिनांक 15 अप्रैल, 2026 से बिना एचएसआरपी युक्त वाहनों का प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों से अपेक्षा की है कि वे अपने वाहनों पर यथाशीघ्र स्थापित करा लें, जिससे भविष्य में उन्हे किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही यह भी अवगत कराया है कि उपरोक्त आदेश ऐसे वाहन निर्माता/मॉडल पर लागू नहीं होगा, जिनके लिए वर्तमान में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट उपलब्ध नहीं है, ऐसे वाहनों को इस व्यवस्था से अस्थायी रूप से मुक्त रखा गया है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर, पोखरी, सड़क व पंचायत भवन की जमीन से अतिक्रमण साफ



- बेदूपार गांव में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी से तोड़े गए अवैध निर्माण
- शौचालय, पक्की दीवार व सीमेंट सीट बनाकर किया गया था कब्जा, सड़क पर हुआ निर्माण भी ध्वस्त

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सोमवार को हाटा तहसील प्रशासन ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेदूपार में बड़ी कार्रवाई करते हुए पोखरी, सड़क और पंचायत भवन की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

गौरतलब है कि उक्त गांव निवासी विजय बहादुर सिंह पुत्र राम अशीष ने 4 मार्च 2024 को उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किए किशोर सिंह, अबरार, रफीक, सलीम, गुलाब, अनवर, जगत, राजू, दिग्विजय व आद्या समेत कई लोगों द्वारा पोखरी, सड़क और पंचायत भवन की जमीन पर शौचालय, पक्की दीवार और सीमेंट सीट डालकर अवैध कब्जा कर लिया गया था। प्रशासन ने जेसीबी व बुल्डोजर चलाकर सभी अतिक्रमणों को हटवा दिया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान तहसीलदार जया सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अहिरौली संजय गुप्ता, लेखपाल संजय सिंह, राकेश लाल श्रीवास्तव व राजीव भारती मौके पर मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपनिरीक्षक अमरनाथ सोनकर, विनय कुमार यादव, अभिषेक कुमार व रामकृपाल यादव पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का जनपद भ्रमण कल

**अमेठी।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 15 अप्रैल को प्रस्तावित हुआ है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 11:45 बजे जनपद के सर्किट हाउस अमेठी पहुंचेगी तथा 12:30 बजे प्रशासन द्वारा चयनित स्थल पर राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार नारी शक्ति बंदन एक्ट को लागू किये जाने के उपलक्ष्य में महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को सशक्त बनाये जाने विषयक आधरित आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।उक्त कार्यक्रम समाप्ति के उपरान्त वे अमेठी से जनपद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**अमेठी।** जिला किसान कांग्रेस ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने गेहूं खरीद में आ रही दिक्कतों और हालिया खराब मौसम से फसलों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूर्य भान तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि गेहूं खरीद केंद्रों पर फैली अव्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त किया जाए ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सके। साथ ही बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की भी मांग की गई। सूर्य भान तिवारी ने कहा कि मौजूदा समय में किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर पारदर्शी तरीके से राहत राशि वितरित करने की मांग की। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर संगठन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस दौरान किसान कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास भवन में देखा गया नारी शक्ति वंदन सम्मेलन




**बस्ती।** नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार मा. प्रधानमंत्री द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उक्त सम्मेलन का सीधा प्रसारण विकास भवन सभागार में उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, आगनबाड़ी कार्यकत्रियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने देखा। उपस्थित लोगों ने पूरे उत्साह एवं रूचि के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मा. प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। उन्होने कहा कि नारी शक्ति के आर्शीवाद से भारत दुनिया कि तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होने दोहराया कि उनकी सरकार नारी शक्ति के मार्ग में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सीडीपीओ देवेन्द्र सिंह, कृषनेन्द्र यादव, बाल संरक्षण अधिकारी बीना सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहें।

# जनसुनवाई में डीआईजी ने सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती ।** डीआईजी संजीव त्यागी ने परिक्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनवाई करते हुए ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में क्षेत्र के परिक्षेत्र के जनपदों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं डीआईजी के समक्ष रखीं। इनमें भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, पुलिस कार्यवाही में विलंब तथा अन्य कानून - व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। डीआईजी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और पीड़ितों को संतुष्ट किया जाए। डीआईजी ने यह भी कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

## गायब महिला को किया गया सखी वन स्टॉप सेंटर के सुपुर्द

**बस्ती।** महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत सखी वन स्टाप सेन्टर बस्ती द्वारा बीते कई महीनो के प्रयास से मानसिक अस्वस्थ महिला को जो जनपद से 2014 मे गर्भावस्था में गायब हुई थी। परिजनों का कहना था कि खोज बीन के लिए प्रयास किया गया परन्तु महिला नही मिली। उक्त महिला द्वारा काउन्सलिंग प्रक्रिया मे जानकारी दी गई थी की महिला ट्रेन में बैठी और कर्नाटक पहुंच गई जहां वह राजकीय महिला शरणालय सथवाना में संवासित हुई। उक्त महिला को परिजनों को सखी वन स्टांप सेन्टर बस्ती द्वारा सुपुर्द किया गया।

## मन्दिर पर कब्जे को लेकर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**गौरीगंज (अमेठी)।** नगर अमेठी के गौरीगंज रोड स्थित प्राचीन काली मंदिर पर अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों और व्यापारियों में भारी आक्रोश है जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी और क्षेत्रीय नागरिक सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर मंदिर को कब्जामुक्त कराने की मांग की। बताया जा रहा है कि सगरा तिराहा के पास स्थित यह काली मंदिर लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। खासकर नवरात्रि के दौरान यहां मेले का आयोजन होता था जिसमें दूर-दराज से लोग दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते थे।मंदिर का संचालन काली माता मंदिर समिति द्वारा किया जाता है जिसका पंजीयन भी है।

आरोप है कि कुछ लोगों ने जबरन मंदिर परिसर पर कब्जा कर लिया है।जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में परेशानी हो रही है।मंदिर समिति और व्यापारियों का कहना है कि इस मामले की शिकायत कई बार प्रशासन से की गई लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं के नि:शुल्क कोचिंग को करें आवेदन

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु मानक संचालन प्रकिया निर्गत की गयी है। जिसके अनुसार जनपद अमेठी में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय केन्द्रों पर जेईई नीट हेतु कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र पात्र होगें एवं सिविल सेवा एवं पीसीएस की परीक्षा के परीक्षण हेतु स्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होगें तथा एनडीए सीडीएस क्लैट बैंकिंग उ0प्र0 अधीनस्थ चयन आयोग टीजीटी एवं पीजीटी आदि परीक्षाओं के शैक्षिक अर्हताएं भी सम्बन्धित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप होंगी। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित तिथि के अनुसार सम्बन्धित कोर्स हेतु अभ्यर्थियों की आवश्यकतानुसार एक पात्रता परीक्षा अथवा चयन प्रक्रिया निर्धारित की जायेगी एवं प्रवेश परीक्षा तथा प्रक्रिया जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्धारित की जायेगी तथा छात्रों का चयन प्रवेश परीक्षा अथवा मेरिट अथवा साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री अन्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र जनपद स्तर एवं संचालित अभ्युदय कोचिंग केन्द्रों पर कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी अमेठी समस्त विकास खण्ड पर सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी से प्राप्त एवं जमा कर सकते है अथवा अभ्युदय पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजना से सम्बन्धित हेतु कोर्स-को-आर्डिनेटर के मो0नं0-8737937948 पटल सहायक मुख्यमंत्री अभ्युदय के मो0नं0-9838439484 व कम्प्यूटर आपरेटर के मो0नं0-8528688054 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

## उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** कपूरथला परिसर स्थित उत्थान मल्टीपर्पज आडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, निर्वाचित सभासदगण की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद, बहराइच अन्तर्गत शासन द्वारा नामित सभासदों फीगंज निवासी नितिन रूपानी, चिक्कीपुरा नि. सुनील श्रीवास्तव, घसियारीपुरा नि. रीति निगम, गुदड़ी नि. बैजनाथ रस्तोगी व विपिन यज्ञसैनी को नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष सुधा देवी द्वारा विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण समारोह में नामित सदस्यगणों द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी-अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## श्रेत्रीय स्री गांधी आश्रम के संस्थापक ने किया खादी भवन का उदघाटन

**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम मैनपुरी रोड पर गांधी आश्रम के मंत्री के नेतृत्व में गांधी आश्रम पर गांधी भवन का निर्माण किया गया है। निर्माण पूर्ण होने पर खादी भवन का रविवार को क्षेत्रीय गांधी आश्रम के संस्थापक दीनानाथ तिवारी ने फीता काट कर और पट्टिका का अनावरण कर उदघाटन किया। यह खादी भवन रविवार से आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगा। इसमें खादी के वस्त्रों के अलावा ग्रामोद्योग से निमिर्त उत्पादों की भी उचित मूल्य पर बिक्री होगी। उद्घाटन के बाद संस्थापक दीनानाथ तिवारी ने कहा कि क्षेत्रीय गांधी आश्रम ने बहुत सी कठिनाइयों का सामना करते हुए लोगों को खादी उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। कंपटीशन और ब्रांड के मामले में खादी आज भी लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। उन्होंने संस्थापक के मंत्री और अन्य कर्मचारियों तथा व्यवस्थापकों से कहा कि वे खादी की प्रांसगिता को आम जनता तक पहुंचाएं और संस्था को भी आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शिकोहाबाद में खादी भवन का शुभारंभ होना यहां की जनता के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। खादी वस्त्र उचित दर पर यहां मिल सकेंगे। इसके साथ ही अन्य खादी ग्रामोद्योग के उत्पाद भी रखे जायेंगे, जिससे लोगों को ग्रामीणों के द्वारा निर्मित शुद्ध उत्पादों को मुहैया कराया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सतीश सिरोमणी ने की। इस अवसर पर प्रथ्वी सिंह रावत मंत्री गांधी आश्रम मेरठ, इटावा के मंत्री वीरेश सिंह, हापुड के मंत्री मोहन यादव, गांधी आश्रम के प्रबंध समिति और शिकोहाबाद क्षेत्रीय गांधी आश्रम की प्रबंध समिति के अलावा नगर सभ्रांत नागरिक डा. रामकैलाश यादव, व्यवस्थापक हरेंद्र सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में शहर की जनता मौजूद रही।

## बाबा साहब की जयंती के पूर्व संध्या पर मोस्ट समर्थकों ने किया रक्तदान

**सुलतानपुर।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर मोस्ट कल्याण संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में कूरेभार ब्लॉक संयोजक राजबहादुर कोरी व डा. राहुल निषाद के संयुक्त नेतृत्व एवं पूर्व विधायक सफ्दर रजा खां के संरक्षण में मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फ़ायजा हॉस्पिटल के डा. सादिक अली के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर रविन्द्र निषाद ने फल एवं वीरेंद्र निषाद द्वारा पानी की व्यवस्था की गई थी। रक्तदान शिविर में मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷, शुभम निषाद, डा. ए.पी. रंजन, डा. राहुल निषाद, मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, राज बहादुर कोरी, एड. अशोक कुमार, मो. इमरान, एड. आशुतोष, विनय विंद, शिक्षक सत्यराम भारती, दिलीप निषाद, उर्मिला निषाद, विक्रम, लालजी बौद्ध, पिंटू निषाद, हरिश्चंद्र निषाद, दिनेश निषाद, राकेश निषाद, अरविंद निषाद, संतराज निषाद, एड. गौरव निषाद, अंकित निषाद, अजय कुमार हनुमान, डा. डी.वी. राव सहित 28 लोगों ने रक्तदान किया।

# एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला, परिजनों में मचा कोहराम

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** एक युवक सोमवार की सुबह पेड़ पर लटका मिला। उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ कुछ दिन पहले चली गई थी। अपने तीन बच्चों को भी पति के पास ही छोड़ गई थी। परिजनों ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। शव को काफी देर तक परिजनों ने पेड़ से नहीं उतरने दिया था। कार्रवाई का ठोस आश्वासन मिलने के बाद शव पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है।

रविन्द्र (35) पुत्र भीकम सिंह निवासी गढ़ी धर्मी की पत्नी गौरी इसी माह 7 अप्रैल को अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। महिला अपने तीन बच्चों गगन 15 साल, सुमित 10 साल और बेटी लता 7 साल को पति के पास ही छोड़कर चली गई थी। पत्नी के गायब होने के बाद से रविंद्र लगातार उसकी खोजवीन कर रहा था। गौरी का प्रेमी लांघी धीरपुरा का रहने वाला है। रविंद्र कुछ समय पहले से अपने



गांव गढ़ी धर्मी से निकालकर गढ़ी भाऊ में मकान बनाकर रह रहा था। सोमवार की सुबह उसका शव खेत में लगे पेड़ पर लटका मिला। शौच को गए लोगों ने शव को लटका देखा को हड़कंप मच गया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। थाना नगला सिंघी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने शव को नहीं उतारने दिया। परिवार के लोगों ने रविंद्र की पत्नी गौरी के प्रेमी पर ही हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया। कहा कि प्रेमी उसकी हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर रहा है। थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा ने लोगों को काफी देर तक समझाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को फंदे से उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम को भिजवाया। वहीं जांच के लिए फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। घटनास्थल पर आक्रोशित परिजन आरोपी प्रेमी की गिरफ्तारी कराने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतक चूड़ी के कारखाने में काम करता था और उसकी ससुराल फिरोजाबाद के ढोलपुरा में है। पुलिस परिजनों के आरोपों के साथ ही युवक की मौत के कारणों का पता लगा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों द्वारा जो तहरीर दी जाएगी उसके अनुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# कुपवाड़ा में शहीद जवान के घर पहुंचे अखिलेश यादव

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिले में उस समय भावुक माहौल हो गया जब जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए सेना के जवान अखिलेश शुक्ला के घर सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

बंधुआकला थाना क्षेत्र के अलीगंज मझना निवासी राधे कृष्ण शुक्ला के पुत्र अखिलेश शुक्ला, जिन्हें शुभम के नाम से भी जाना जाता था, भारतीय सेना की 33 वर्कशॉप एमी कोर में नायक पद पर तैनात थे। वर्ष 2023 में सेना में भर्ती हुए जवान की वर्तमान तैनाती कुपवाड़ा में थी। बताया गया कि 28 मार्च को सर्च ऑपरेशन के दौरान उन्हें गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें सेना के




अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

शहादत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इससे पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शहीद के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर चुके थे। इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान की सूचना पर अखिलेश यादव ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच समय निकालकर शहीद के घर पहुंचकर परिवार का दुख साझा किया। मुलाकात के दौरान शहीद के पिता ने परिवार के भरण-पोषण के लिए पेट्रोल पंप आवंटित कराने की मांग रखी। इस पर अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि इस दिशा में शासन स्तर पर प्रयास किया जाएगा।

# निर्माण लिपिक पर भ्रष्टाचार के गम्भीर

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** दलित सभासद कंचन लता ने नगर पालिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शासन में लिखित शिकायत की।

बताते चलें नगर पालिका के घोसियाना वार्ड की सभासद कंचन लता ने नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार पर मुखर हुई और नगर पालिका सुल्तानपुर में हो रहे भ्रष्टाचार पर निदेशक, स्थानीय निकाय, ए के शर्मा, मंत्री नगर विकास विभाग, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग आदि को पत्र लिखकर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की।

सभासद कंचन लता ने बताया है कि निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव लगभग 20 वर्षों से निर्माण पटल का कार्य देख रहे हैं जो सरकारी कार्मिक विभाग द्वारा निर्गत वार्षिक स्थानांतरण नीति 29.03.2018 का स्पष्ट उल्लंघन है। कर संग्रह के पद पर नियुक्त कपिल श्रीवास्तव पर गबन का आरोप सिद्ध होने के बाद कैश धनराशि जमा करने के लिए प्रतिबंधित हैं। इसके बाद भी निर्माण पत्रावली, निविदा, भुगतान हेतु बिल सत्यापन प्रपत्रों पर तो निर्माण लिपिक के हस्ताक्षर होते हैं। किंतु निविदा फॉर्म फीस जमा करने का कार्य दूसरे बाबू कराया जाता है। निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल के पूर्व कार्यकाल में सड़क निर्माण में घोटाला हुआ था, जिसमें अधिशासी अधिकारी और अभियंता को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया

■ **नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ की भूमिका भ्रष्टाचार को संरक्षण प्रदान करने वाली**

और कपिल श्रीवास्तव को स्पष्ट निर्देश के बाद भी तात्कालिक और वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल द्वारा पत्रावली को शिथिल रखते हुए अभयदान दिया जा रहा है। कपिल श्रीवास्तव द्वारा ही 40 लाख की निविदा को विस्तारित कर 67 लाख से अधिक का भुगतान करा कर शासकीय धन की क्षति पहुंचाई गई है। अध्यक्ष और ईओ नगर पालिका लालचंद सरोज द्वारा निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव संरक्षित/पालित हैं। जो नवीन बोर्ड में लगभग साढ़े तीन वर्ष से निर्माण पटल का ही कार्य देख रहे हैं। कपिल श्रीवास्तव के प्रोन्नत के संदर्भ में जिलाधिकारी, सुल्तानपुर के स्तर से अनियमितता की पुष्टि हुई थी, किंतु नगर पालिका के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई न कर निर्माण लिपिक को प्रदेश सरकार की मंशा की विपरीत संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

वर्ष 2024 25 में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत पर्यावरण पार्क में फूड स्ट्रीट हब प्लाजा के निर्माण की स्वीकृत प्राप्त हुई थी। किंतु लंबे अरसे से निर्माण लिपिक के पद पर अंगद के पांव की तरह स्थापित कपिल श्रीवास्तव द्वारा तथ्य का गोपन करते हुए पर्यावरण पार्क में पालिका निधि और राज्य वित्त से पत्रावली तैयार करा कर नियमों के विपरीत कैंटीन का निर्माण कराया गया और शासन की अति महात्वाकांक्षी योजना को डस्टबिन में डाल दिया गया। नगर पालिका की दुकानों का किराया लिपिक दिनेश सिंह/सुशील श्रीवास्तव द्वारा जमा किया जाता है। किंतु पर्यावरण पार्क में बनी कैंटीन का किराया किराया लिपिक द्वारा नहीं जमा किया जाता है। कपिल श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण पार्क में बनी कैंटीन के किराए की मोटी रकम का बंदर बांट करके पालिका की होने वाली आय को खुर्द बुर्द किया जाता है। सत्र 2026-27 में कैंटीन नीलामी हेतु कोई भी नियमावली /प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष नहीं रखी गई है। निर्माण निर्माण लिपिक कपिल श्रीवास्तव द्वारा फाइलों का रखरखाव, भुगतान संबंधी पत्रावली, कार्यों की स्वीकृत, निविदा संबंधी पत्रावली आदि को सुरक्षित रखना होता है। किंतु निर्माण लिपिक द्वारा इसमें अनुचित लाभ लेने और देने के उद्देश्य से वित्तीय अनियमितता की गई है। इनके लगभग 20 वर्ष से अधिक समयावधि के बोर्ड फंड व राज्य वित्त की फाइलों की जांच कर कर पुष्टि की जा सकती है। नगर पालिका में वर्षों से हो रहे भ्रष्टाचार पर जिला प्रशासन क्यों मौन है? जिला प्रशासन की यह चुप्पी पालिका में भ्रष्टाचार करने वालों को संबल प्रदान करती है। नगर पालिका ईओ लालचंद सरोज भ्रष्टाचार से उपकृत होकर अन्य जगह स्थानांतरित हो जाएंगे लेकिन नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को जनता की अदालत में खड़ा होकर किए हुए भ्रष्टाचार का जवाब देना पड़ेगा।

## बाबा साहब ने सामाजिक समानता,शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में किया बड़ा कार्य-अभिलाषा



■ **स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग में हुआ आयोजन**

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जन्म-जयंती के अवसर पर स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंत्री, समाज कल्याण द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में व्यापक स्तर पर संपन्न हुआ, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि बाबा साहब ने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। छात्र-छात्राओं को बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की विशेषताओं,उसकी एकता और अखंडता बनाए रखने में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सहायक प्रबंधक देव व्रत शर्मा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है।अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर साफ सफाई व सौन्द्रीयकरण ना करने पर अनुयायियों ने किया प्रदर्शन



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर साफ सफाई व सौन्द्रीयकरण ना करने पर विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने खंड विकास कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में जयप्रकाश उर्फ जेपी जाटव जिला अध्यक्ष युवामोर्चा निवासी लोकीगढ़ी थाना क्षेत्र नारखी की देखरेख में खंड विकास अधिकारी कार्यालय टूंडला पहुंचकर आगामी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर थाना क्षेत्र पचोखरा के गांव देवखेड़ा, पमारी, तारानगर, हिम्मतपुर, ग़ालिब नगर, बुर्ज नत्थू आदि गांवो के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर डा. अंबेडकर पार्को में साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण प्रशासन द्वारा नहीं किए जाने पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। वहीं थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। धरना प्रदर्शन करने वालो में रामकुमार निगम, सुमित निगम, शिवम निगम, रवि निगम, लक्की निगम, सुभाष निगम, शांति निगम, अजय निगम, सन्नी निगम, मोहित निगम, मनोज निगम, नरेश निगम, हीरालाल सिंह निगम, सोनू निगम, शंकर निगम, संदीप निगम, विनोद निगम, विजेंद्र निगम, सत्येन्द्र निगम, प्रमोद निगम, जीतेन्द्र निगम, अशोक निगम, महेश चंद निगम, जेपी, आकाश निगम आदि मौजूद रहे।

## आर्य गुरुकुल वृंदावन के कुलाधिपति ने दी श्रद्धांजलि



**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)** नगर के समाज सेवी एवं योगाचार्य के पिता को श्रद्धांजलि देने रविवार को वृंदावन आर्य गुरुकुल के कुलाधिपति एवं आर्य समाज के प्रधान आचार्य स्वदेश महाराज उनके पैत्रिक गांव पारोली पहुंचे। यहां उन्होंने डा. पीएस राना के पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिवार को शांत्वना दी। स्वदेश जी महाराज ने डा. पीएस राना के स्वजनों को इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी। दुखी परिवार को शोक संवेदना देकर महाराज ने सबको आत्मिक बल दिया है। इसके साथ ही श्रृद्धांजलि देने वालों में ठाकुर जयवीर सिंह तौमर, दिनेश वशिष्ठ, डा. रामकैलाश यादव, इं. रामब्रेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पारोली गांव में पहुंच कर श्रृद्धांजलि र्पित की।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत-बड़हरा लक्ष्मीपुर
### विकास खण्ड- मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/पंचायत/निविदा आपूर्ति/2026-27 दिनांक : 13.04.2026

**-:: अल्पकालिक निविदा/सामग्री आपूर्ति सूचना ::-**

ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, मनरेगा (VB-G-RAM G), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बैंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट व हाई मास्क, ओपेन जीम सामग्री, आर0ओ0, स्टेशनरी सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री, चेयर, ई रिक्सा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जी.एस.टी., कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जी.एस.टी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत एफ.डी.आर. एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **अखिलेश सिंह** | **ब्रजेश कुमार गौंड** |
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत- बड़हरा लक्ष्मीपुर** | **ग्राम पंचायत- बड़हरा लक्ष्मीपुर** |
| **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** | **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-पिपरा
### विकास खण्ड- मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/पंचायत/निविदा आपूर्ति/2026-27 दिनांक : 13.04.2026

**-:: अल्पकालिक निविदा/सामग्री आपूर्ति सूचना ::-**

ग्राम पंचायत पिपरा विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, मनरेगा (VB-G-RAM G), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बैंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट व हाई मास्क, ओपेन जीम सामग्री, आर0ओ0, स्टेशनरी सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री, चेयर, ई रिक्सा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत पिपरा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 01:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जी.एस.टी., कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जी.एस.टी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत एफ.डी.आर. एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत पिपरा के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत पिपरा कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पिपरा कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत पिपरा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती राधिका देवी** | **शिवेंद्र कुमार गुप्ता** |
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम पंचायत अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत- पिपरा** | **ग्राम पंचायत- पिपरा** |
| **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** | **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-सोनबरसा
### विकास खण्ड- मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/पंचायत/निविदा आपूर्ति/2026-27 दिनांक : 13.04.2026

**-:: अल्पकालिक निविदा/सामग्री आपूर्ति सूचना ::-**

ग्राम पंचायत सोनबरसा विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, मनरेगा (VB-G-RAM G), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बैंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट व हाई मास्क, ओपेन जीम सामग्री, आर0ओ0, स्टेशनरी सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री, चेयर, ई रिक्सा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 23.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जी.एस.टी., कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जी.एस.टी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत एफ.डी.आर. एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत सोनबरसा के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत सोनबरसा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती दुर्गावती देवी** | **अमित कुमार यादव** |
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत- सोनबरसा** | **ग्राम पंचायत- सोनबरसा** |
| **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** | **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-हरपुर बरवा
### विकास खण्ड- मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/पंचायत/निविदा आपूर्ति/2026-27 दिनांक : 13.04.2026

**-:: अल्पकालिक निविदा/सामग्री आपूर्ति सूचना ::-**

ग्राम पंचायत हरपुर बरवा विकास खण्ड मोतीचक जनपद कुशीनगर द्वारा राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त, मनरेगा (VB-G-RAM G), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एस0एल0डब्लू0एम0, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आर0जी0एस0ए0 इत्यादि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत परियोजनाओं पर सामग्री (प्रथम श्रेणी ईट, ईंट की गिट्टी, सीमेन्ट, मोरंग बालू, लोकल बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, पेंट, प्राईमर, समोसन, हयूम पाईप, टायल्स, इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर मैटेरियल, प्लास्टीक बैंक, डस्टवीन, प्रोफाईल शीट, ई-रिक्सा (गारवेज), आर.सी.सी. बैंच, डेस्क, सोलर/स्ट्रीट लाईट व हाई मास्क, ओपेन जीम सामग्री, आर0ओ0, स्टेशनरी सामग्री, इलेक्ट्रानिक सामग्री, चेयर, ई रिक्सा, फॉगिंग मशीन आदि की आवश्यकता है, जिस पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 24.04.2026 को अपरान्ह 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत हरपुर बरवा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु0 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र) होगी।

**नियम व शर्तें : –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता है कि प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जी.एस.टी., कार्टेज व अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 02 प्रतिशत आयकर एवं जी.एस.टी कर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, क्षे.पं.स., जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता/ कन्सल्टिंग इंजीनियर द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद,/राष्ट्रीयकृत एफ.डी.आर. एवं डाकघर बचतपत्र के रूप में ग्राम पंचायत हरपुर बरवा के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत हरपुर बरवा कार्यालय द्वारा आपूर्ती आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हरपुर बरवा कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य रू0 100/- है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत हरपुर बरवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **श्री वीरेंद्र सिंह** | **प्रभात सिंह** |
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम पंचायत अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत- हरपुर बरवा** | **ग्राम पंचायत- हरपुर बरवा** |
| **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** | **विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर** |

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से इतिहास रचने को तैयार है भारत

**वहाज अली निहाल**

- यह निर्णय 21 वीं सदी का महत्वपूर्ण निर्णय
- जागरूक महिलाओं ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुये धन्यवाद कहा

**इटावा।** सितंबर 2023 संसद द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया जाना देश में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम है। इस अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अब महिला आरक्षण के प्रभावी कार्यान्वयन को ध्यान में रखते हुए 16 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है।

इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बधाई के पात्र हैं। देश की आजादी को 78 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद महिलाओं को वास्तविक भागीदारी और अधिकार अब सशक्त रूप में मिल रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है।

यह विचार समाजसेवी प्रोफेसर पदमा त्रिपाठी, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी रावत, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष कामना सिंह, व्यापारी नेत्री शोभा गुप्ता एवं एडवोकेट नेहा सिंह ने एक होटल में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त किए। सभी



वार्ता के दौरान सदर विधायक सरिता भदौरिया का बुके देकर अभिनंदन करती प्रो.पदमा त्रिपाठी, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रजनी रावत, कामना सिंह, शोभा गुप्ता एवं नेहा सिंह।

महिलाओं ने वार्ता के दौरान सदर विधायक सरिता भदौरिया को बुके देकर उनका अभिनंदन भी किया। आगे सभी महिलाओं ने एक सुर में कहा कि भारत की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है एक ऐसा इतिहास जो अतीत के संकल्पों को साकार करेगा और भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करेगा। यह अधिनियम एक समतामूलक भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जहां सामाजिक न्याय केवल नारा न होकर कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा।

उन्होंने आगे कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पंचायत से लेकर संसद तक सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करेगा और शासन एवं नेतृत्व में उनकी भूमिका को और मजबूत बनाएगा। यह अधिनियम 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में महिला नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आजादी की लड़ाई से लेकर संविधान सभा तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है, लेकिन पिछली सरकारों की अनदेखी के कारण यह बिल लगभग 40 वर्षों से लंबित था, जिसे वर्तमान सरकार ने पारित कर इतिहास रच दिया है। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक महिलाओं को उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व दिलाने का कार्य किया है। आज देश में 14 लाख से अधिक महिलाएं स्थानीय निकायों में कार्यरत हैं, जिसका श्रेय वर्तमान सरकार को जाता है। इसके अतिरिक्त 'लखपति दीदी' और 'नमो ड्रोन दीदी' जैसी योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर'के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें महिला नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अंत में उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं इस ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री के साथ खड़ी हैं और उनका समर्थन करती हैं।

# 'विदा होती बेटियाँ' काव्य-संग्रह जिलाधिकारी को भेंट

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** 'विदा होती बेटियाँ' काव्य-संग्रह के रचनाकार डॉ. ओम प्रकाश द्वारा माननीय जिलाधिकारी, सोनभद्र श्री बद्री नाथ सिंह को उनके कार्यालय में यह कृति सादर भेंट की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने काव्य-संग्रह की विषयवस्तु, उसकी व्यापकता तथा उसमें निहित संवेदनशील अभिव्यक्तियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे समकालीन समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक कृति बताया। 'विदा होती बेटियाँ' एक ऐसा काव्य-संग्रह है, जिसमें बेटियों के जीवन की मार्मिकता के साथ-साथ मानवीय रिश्तों की गहराई, परिवार की आत्मीयता और समाज की जटिलताओं का अत्यंत संवेदनशील चित्रण मिलता है। इस कृति में बेटियों की विदाई को केवल एक सामाजिक घटना के रूप में नहीं, बल्कि घर-आँगन की धूप के विदा होने, सन्नाटे के उतर आने और भावनाओं के गहरे स्पंदन के रूप में देखा गया है। वहीं, बेटियों के पुनः आगमन को घर में खुशियों, प्रेम और जीवन की नई ऊर्जा के संचार के रूप में प्रस्तुत किया गया है। काव्य-संग्रह की रचनाएँ यह भी बताती हैं कि जीवन की कठिनतम परिस्थितियों में भी प्रेम, विश्वास और आशा को बनाए रखना ही मनुष्यता की सबसे बड़ी पहचान है। संवेदनाओं, स्मृतियों और आत्मबल के सहारे जीवन को अर्थपूर्ण बनाने का यह संदेश इस कृति को विशेष रूप से सार्थक बनाता है। इससे पूर्व इस चर्चित काव्य-संग्रह के तृतीय संस्करण का लोकार्पण डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अपर निजी सचिव, भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जा चुका है। साथ ही हरियाणा के एक विश्वविद्यालय में इस काव्य-संग्रह पर शोध कार्य प्रारंभ होना इसकी साहित्यिक और अकादमिक महत्ता को प्रमाणित करता है।

## मोहसिना किदवई जी व आशा भोंसले जी के निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिला कांग्रेस कार्यालय पर सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा मोहसिना किदवई जी एवं प्रसिद्ध गायिका श्रीमती आशा भोंसले जी के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए जिलाअध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि आज देश ने दो महान विभूतियों को खो दिया है। शहर अध्यक्ष मो राशिद ने कहा कि आज इन दो महान महिला विभूतियों ने जिसमें एक ने राजनीति में तो दूसरे ने गानों के सुरों से देश में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम को पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाह, करण सिंह राजपूत, पल्लव दुबे आदि ने संबोधित किया। इसके साथ ही जलियांवाला कांड में शहीदों को भी दो मिनट का मौन धारण कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर आशाराम कठेरिया, रणवीर यादव, शौजफ रिजवी, प्रदीप द्विवेदी, सरवर अली, अमन तिवारी, जितेंद्र यादव आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सनशाइन स्कूल में विकास की नई पहल, आधुनिक कार्यालय का उद्घाटन

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सनशाइन स्कूल नियर पचराहा कुंज में नवनिर्मित आधुनिक कार्यालय का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी तथा उनके बड़े भाई राकेश चतुर्वेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी तथा निदेशक प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि नए कार्यालय के शुरू होने से प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर सभी ने विद्यालय की निरंतर प्रगति एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प, जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ श्रमदान

**सोनभद्र।** सदर विकास खंड के जैत गांव स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसान मोर्चा के महामंत्री नारसिंह पटेल के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान कर अंबेडकर प्रतिमा और पूरे परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद सभी ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहब को नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत आधार देने वाला संविधान तैयार किया, जिसने देश के हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय का भरोसा दिया। सामाजिक भेदभाव के खिलाफ उनकी लड़ाई ने दलितों, वंचितों और महिलाओं को नई पहचान और अधिकार दिलाए।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व मे रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान भवन, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सुनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों, अध्यापिकाओं, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को गंभीरता एवं उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री द्वारा अपने संबोधन में नारी शक्ति के सम्मान, उनकी निर्णय प्रक्रिया में सहभागिता एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताया गया। उन्होंने महिलाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/जसवन्तनगर आयुषी सिंह द्वारा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, हेल्पलाइन नंबरों (112/1090/181) की जानकारी एवं सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याण योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक निर्मला, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बजरिया स्थित एम.बी.जी.एस. विद्यालय में मिशन शक्ति टीम द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को एकत्रित कर चौपाल लगाई गई और उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया तथा 'टू यंग मैरी' जैसी जागरूकता वीडियो के माध्यम से उन्हें संवेदनशील मुद्दों के प्रति सचेत किया गया। साथ ही पंपलेट वितरित कर भी बालिकाओं को जागरूक किया गया। टीम द्वारा बालिकाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 1930, 181, 108, 102 की जानकारी दी गई और उनके उपयोग के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की विशेष जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा आत्मरक्षा के उपाय भी सिखाए गए। इस अवसर पर का0 अंशुल चौधरी, म0आ0 शक्ति चौहान एवं कांस्टेबल मोनू चौधरी (थाना बिलग्राम, जनपद हरदोई) उपस्थित रहे।

## तीन छात्रों की सफलता से गांव में खुशी की लहर



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** परिषदीय विद्यालय के तीन छात्रों के चयन से गांव में खुशी का माहौल है। छिरका प्राथमिक विद्यालय के अनिकेत, सत्यम और माही ने नवोदय व आश्रम पद्धति विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## सांप के डसने से वृद्ध अचेत, हालत स्थिर

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** सिजवाही गांव में एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया, जिससे वह अचेत हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत सीएचसी पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## आबकारी विभाग की लापरवाही, थोक में बिक रही शराब



**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** देसी शराब ठेका संख्या दो पर नियमों की अनदेखी कर थोक में शराब बिक्री का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद विभाग हरकत में आया है और जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## ब्लॉक कार्यालय से बीडीओ समेत अधिकारी नदारत



**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** जनसुनवाई के दौरान ब्लॉक कार्यालय में अधिकारियों की अनुपस्थिति से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि वे सुबह से इंतजार कर रहे थे, लेकिन कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला।

## पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

## भाकियू प्रदेश अध्यक्ष का किसानों ने किया स्वागत



**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह वर्मा का किसानों ने बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से बात की।

## हार्वेस्टर की चिंगारी से 30 बीघा गेहूं जला



**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से लगी आग ने 30 बीघा गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि फायर ब्रिगेड देर से पहुंची।

## आंगनबाड़ी में पुष्टाहार वितरण में गड़बड़ी



**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण में अनियमितता का मामला सामने आया है। लाभार्थियों ने आरोप लगाया कि जरूरी सामग्री न देकर केवल आटा-बेसन वितरित किया जा रहा है।

## अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर निकली भव्य बाइक रैली



- नीले झंडों से सजी बाइकों ने खींचा ध्यान, अंबेडकर पार्क में हुआ समापन

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** अंबेडकर जयंती के एक दिन पूर्व कस्बे में सोमवार को एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल बाइकों पर लगे नीले झंडे आकर्षण का केंद्र बने रहे और पूरे कस्बे में उत्साह का माहौल देखने को मिला। रैली का नेतृत्व मौदहा चेयरमैन रज़ा मुहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने किया। बाइक रैली अंबेडकर तिराहा स्टेशन से शुरू होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों—अरतरा चौराहा, देवी चौराहा, थाना चौराहा, मलीकुंआ और तहसील रोड होते हुए मीरा तालाब स्थित अंबेडकर पार्क तक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय एवं कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर भीम आर्मी के संदीप बाल्मीकि ने रैली में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# माफियाओं के इशारे पर जिले में चल रहा बालू का अवैध कारोबार: सांसद

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** ओबरा तहसील अंतर्गत सोन नदी ग्राम भगवा 15 च खण्ड 2 में मे. रूद्रा माइनिंग एण्ड कम्पनी के घोरावल क्षेत्र निवासी भूपेन्द्र प्रताप सिंह के नाम से स्वीकृत लीज से हटकर प्रतिबंधित मशीनों के जरिए बालू की खोदायी कराए जाने से संबंधित फोटो व वीडियो बनाने पर सपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव के साथ ही उनके सहयोगियों के साथ की गई मारपीट की घटना से आक्रोशित समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसद छोटेलाल खरवार ने पूर्व जिपं अध्यक्ष समेत तीन नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ जुगैल थाना में दर्ज मुकदमा पर कड़ी



नाराजगी जाहिर किया। सांसद ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि मामले की जांच कराकर कथित बालू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि सोनभद्र में माफियाओं के इशारे पर खनन कार्य किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष राम निहार यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत घटिहटा के राजस्व ग्राम भगवां में अवैध खनन चरम पर है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। सपाईयों ने रूद्रा माइनिंग एण्ड कम्पनी के नाम से स्वीकृत लीज की जांच कराने की मांग किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव, जिला महासचिव सईद कुरैशी, विजय यादव, जयप्रकाश पांडेय, सुनील गोड़, डा लोकपति पटेल, परमेश्वर यादव, वेद मनी शुक्ला, हिदायत उल्ला खान, गीता गौर, सुरेश यादव, सत्यम पांडेय, विवेक सिंह पटेल, सूरज कुमार, अशोक कुमार पटेल, रोशन लाल आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूरे उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई जायेगी

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2026 को पूरे उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई जाएगी। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है कि जनपद की सभी तहसीलों, कलेक्ट्रेट परिसर एवं अन्य शासकीय कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया है कि जयंती के अवसर पर सभी परिसरों को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित रखा जाए, ताकि आमजन को स्वच्छता का सकारात्मक संदेश प्राप्त हो सके। साथ ही, परिसर में साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि जयंती के दिन कलेक्ट्रेट मुख्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे मनाया जाएगा एवं तहसील परिसरों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा साहेब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि कार्यक्रम को गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने हेतु समन्वय के साथ कार्य करें।

# बिलग्राम नगर पालिका में गूंजा विकास का संकल्प, नव-निर्दिष्ट सभासदों ने ली शपथ

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम नगर पालिका परिषद में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर आयोजित शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में विकास और जनसेवा का मजबूत संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम में नव-निर्दिष्ट सभासदों को विधिवत शपथ दिलाई गई और उनका जोरदार स्वागत किया गया।



- विधायक आशीष सिंह आशु की मौजूदगी में भव्य अभिनंदन, महिलाओं व युवाओं को मिला प्रतिनिधित्व

समारोह में बिलग्राम-मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशु मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने नव-निर्दिष्ट सभासदों को संबोधित करते हुए कहा कि 'जनता ने जो भरोसा आप पर जताया है, उस पर खरा उतरना ही आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पारदर्शिता, ईमानदारी और विकास आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।'

शपथ ग्रहण की प्रक्रिया उपजिलाधिकारी एन. राम द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शपथ लेने वालों में भाजपा नेत्री आरती गुप्ता, अनुराग मिश्रा, विजय बाल्मीकि और आलोक मौर्य जैसे सक्रिय और युवा चेहरे शामिल रहे, जिनके चयन से नगर में उत्साह का माहौल है।

आरती गुप्ता को एक जुझारू महिला नेता के रूप में पहचान मिली है। वे लगातार महिलाओं में जागरूकता फैलाने और संगठन को मजबूत करने में जुटी रही हैं। उनके सभासद बनने से महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

अनुराग मिश्रा, पेशे से शिक्षक और स्वभाव से जनसेवक, हमेशा जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। युवाओं में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है।

विजय बाल्मीकि एक उभरते हुए युवा नेता हैं, जो लगातार सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। आलोक मौर्य भी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और क्षेत्रीय राजनीति में उनकी सक्रियता उन्हें खास बनाती है।

नव-निर्दिष्ट सभासदों के शपथ ग्रहण के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इस बार नगर पालिका में ऐसे प्रतिनिधि आए हैं जो जमीन से जुड़े हैं और जनता की समस्याओं को बेहतर तरीके से समझते हैं।

समारोह के अंत में सभी नव-निर्दिष्ट सभासदों ने नगर के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

# मीतापुर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव से बालू साईट के कर्मियों ने की हाथापाई, थाने में दी तहरीर

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** रविवार को थाना क्षेत्र के मीतापुर इलाके में उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव के साथ जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवा खनन क्षेत्र के रूद्रा माइनिंग बालू साइट के कर्मियों की कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई बताया गया कि अनिल यादव अपने दो तीन साथियों के साथ मितापूर सोननदी के किनारे खड़े थे तभी रूद्रा माइनिंग बालू साईट के लगभग एक दर्जन लोग पहुंच कर उनसे तू- तू मैं मैं करने लगे देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गई वहीं अनिल यादव के एक साथी को बालू साईट के कर्मी अपने साथ ले गए जिसके बाद सुचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ने उक्त बालू साईट पर पहुंच कर बैठाये गये राजेंद्र यादव को अपने साथ लेकर चोपन थाने पहुंचे उधर जैसे ही इस बात की जानकारी समाजवादी पार्टी के लोगों को हुई तो तत्काल जिला अध्यक्ष रामनिहोर यादव, जयप्रकाश पाण्डेय उर्फ चेखुर पाण्डेय,सुनील सिंह गोंड़, पूर्व जिला



- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की स्कार्पियो की निकाली गई हवा
- स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन एलर्ट

अध्यक्ष विजय यादव, परमेश्वर यादव सहित दर्जनों की संख्या में सपा कार्यकर्ता पहुंच गये वहीं घटना के बाद अनिल यादव ने स्थानीय थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव अपने दो-तीन साथियों के साथ मीतापुर की ओर गए थे, जहां वे सड़क किनारे रुककर किसी से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान भगवा खनन क्षेत्र के रूद्रा माइनिंग बालू साइट के लगभग आधा दर्जन कर्मी पोकलेन मशीन के माध्यम से नदी पार कर मीतापुर की तरफ पहुंचे। मौके पर पहुंचते ही बालू खनन कर्मियों ने अनिल यादव से वहां खड़े होने को लेकर सवाल किया, जिस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बात हाथापाई तक पहुंच गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद अनिल यादव ने तत्काल स्थानीय थाना पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी और लिखित प्रार्थना पत्र देकर संबंधित बालू कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## मुजफ्फरनगर में 951 करोड़ की 423 परियोजनाओं का लोकार्पण

# मुजफ्फरनगर की पौराणिक धरा प्रेरणा की धरती : योगी

- अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का भव्य अनावरण
- रोजगार मेले में युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र
- शुकतीर्थ की पावन धरा पर सीएम का संबोधन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुजफ्फरनगर की पौराणिक धरा प्रेरणा की धरती है। महर्षि शुकदेव जी ने इसी धरा पर राजा परीक्षित को जीवन के सत्य से अवगत कराकर मुक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी थी। शुकतीर्थ भागवत तीर्थ के रूप में हमेशा से वन्दनीय और वरण्य रहा है। यहां की माताएं-बहनें, अन्नदाता किसान और युवा आवश्यकता पड़ने पर देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने में कभी पीछे नहीं हटे। मेरा सौभाग्य है कि शुकतीर्थ की पावन धरा तथा चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजीत सिंह की कर्मभूमि पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की दिव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री जनपद मुजफ्फरनगर में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा का अनावरण तथा 951 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 423 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने वृहद रोजगार मेले के अन्तर्गत चयनित 10 अभ्यर्थियों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की पुस्तक 'कौशल दर्शन' का विमोचन किया तथा देश में विश्वविद्यालयों की रूपरेखा पर आधारित 'ए.आई. सेंटीमेण्ट एण्ड रेडीनेस' रिपोर्ट लॉन्च की। मुख्यमंत्री के समक्ष महिला उद्यमिता कार्यक्रम हेतु एन.एस.डी.सी. के सी.ई.ओ. अरुणकुमार पिल्लई तथा नीति आयोग की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर व डब्लू.ई.पी. की मिशन डायरेक्टर सुअन्ना रॉय के बीच स्टेटमेण्ट ऑफ इण्टेण्ट का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ए.आई. से सम्बन्धित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की गुलामी के कालखण्ड में विदेशी आक्रान्ताओं से जकड़ी व्यवस्था में भी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने जगन्नाथपुरी से लेकर सोमनाथपुरी तक, काशी विश्वनाथ से लेकर रामेश्वरम् तक भारत की विरासत के संरक्षण के लिए पूरी तन्मयता से कार्य किया। उन्होंने उस समय देश की तत्कालीन व्यवस्था को न्याय और सुशासन का मॉडल दिया था। वह मालवा की शासिका थीं, लेकिन पूरे देश में भारत की विरासत के संरक्षण में लगी हुई थीं। आज के काशी विश्वनाथ मन्दिर का निर्माण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने ही कराया था, जिसे पूर्व में औरंगज़ेब ने तोड़ा था। प्रत्येक सच्चा भारतीय उनको नमन करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से विगत वर्ष लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का 350वां जन्म जयन्ती समारोह देश के प्रत्येक गांव, क्षेत्र पंचायत, जनपद और प्रत्येक संस्था में धूमधाम से मनाया गया। केन्द्र और राज्य सरकार ने तय किया था कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की स्मृतियों को जीवन्त बनाये रखने के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में 14 श्रमजीवी महिला छात्रावास निर्माणाधीन हैं, जो लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की स्मृतियों की ओर हम सभी का ध्यान आकर्षित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी तथा चौधरी चरण सिंह जी का योगदान किसी जाति या व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए है। उनके योगदान के कारण हम सब यहां है।

## पसमांदा आंदोलन को दबाने की साजिशः मंसूरी

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली पर पसमांदा समाज के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मौलाना का हालिया बयान पसमांदा समाज के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात है, जिसमें उन्होंने मुसलमानों को जाति बताने से रोका है। विदित हो कि मौलाना ने रविवार को मुसलमानों से जनगणना के फार्म में धर्म के कॉलम में इस्लाम भरने की अपील की थी, जिसमें जाति का कोई जिक्र नहीं किया था। अनीस मंसूरी ने कहा कि हमें प्रदेश से लेकर देश के कोने-कोने तक जिस जातिगत जनगणना के लिए सड़कों पर खून बहाया और आंदोलन किया उसे मौलाना जैसे लोग बंद कमरे में बैठ कर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजहब और उर्दू के नाम पर पसमांदाओं को भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करने का दौर अब खत्म हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौलाना का बयान न केवल भ्रमित करने वाला है बल्कि पसमांदा आंदोलन को कुचलने की गहरी साजिश है।

# रमजान क्लासेज में 1800 छात्रों ने लिया हिस्सा

- 18 केन्द्रों पर आयोजित हुई विशेष क्लासेज
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मान
- हर केन्द्र से तीन छात्रों को मिला पुरस्कार
- ईरान जियारत के लिए निकला ड्रॉ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मरकज-ए-तालीम-ओ-तरबियत ट्रस्ट की ओर से माहे मुबारक रमजान में महदवी समाज के नाम से आयोजित की गयी विशेष क्लासेज के पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

शहर के 18 केन्द्रों पर आयोजित क्लासेज में 1800 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और हर केन्द्र से तीन सर्वोत्तम छात्रों को पुरस्कृत किया गया। क्लासेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों में वरअ फातिमा, तनवीर फातिमा, सना फातिमा और ततहीर फातिमा को पुरस्कृत किया गया। समारोह में ईरान के पवित्र शहर कुम स्थित आठवें इमाम के रौजे की जियारत का ड्रॉ निकाला गया, जिसमें तीन लोगों को ईरान जियारत के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का कार्यक्रम में शामिल होना कार्यक्रम की सफलता है। मौलाना अली अब्बास रिजवी ने क्लासेज का आयोजन वैश्विक स्तर पर करने का सुझाव दिया। मौलाना हैदर अब्बास ने टीम के सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए आयतुल्लाह वहीद खुरासानी के वकील मौलाना मोहम्मद मियां की सराहना की। संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि क्लासेज के आयोजन का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना नहीं बल्कि एक ऐसे समाज की स्थापना करना है जो हमारे इमाम के आने की तैयारी कर सके।

## हज यात्रियों के लिए फ्लाइट कन्फर्मेशन जरूरी

**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा के यात्री अपनी आवंटित उड़ान कंफर्म करने के लिए ऑनलाइन फ्लाइट बुकिंग कंफर्मेशन का विकल्प हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in और हज सुविधा ऐप से चुन सकते हैं। राज्य हज समिति के सचिव एस.पी. तिवारी ने बताया कि हज यात्री 15 अप्रैल तक विकल्प का चयन कर सकते हैं। फ्लाइट कंफर्म होने के बाद फ्लाइट बदलने का किसी तरह का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हज किट, बोर्डिंग पास सहित हज यात्रा से संबंधित अन्य जरूरी प्रपत्र जारी होने के लिए कोई धनराशि शेष नहीं होना चाहिए। फ्लाइट बुकिंग कंफर्म करने के लिए पूरी धनराशि जमा होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन फ्लाइट बुकिंग कंफर्मेशन करने पर एक रसीद जनरेट होगी।

# काकोरी में शॉर्ट सर्किट का कहर, तीन बीघा गेहूं राख

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र के चिलौली हार में बिजली के शॉर्ट सर्किट ने किसानों पर भारी कहर बरपाया। खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारियों ने कुछ ही मिनटों में आग का विकराल रूप ले लिया, जिसमें तीन किसानों की करीब तीन बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और पीड़ित परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों के मुताबिक, खेतों के ऊपर से गुजर रही करीब ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन के खंभे से अचानक चिंगारियां गिरने लगीं। उस समय खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और सूखी होने के कारण आग ने तेजी से फैलते हुए आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने महिपाल गौतम, नरेंद्र और संतराम के खेतों को घेर लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। बाल्टियों, पाइप और अन्य साधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक किसानों की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। घटना के दौरान खेतों में उठती लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देता रहा।

पीड़ित किसान महिपाल गौतम पुत्र मंगलू, नरेंद्र पुत्र नन्हक्के और संतराम ने बताया कि उन्होंने पूरे साल मेहनत कर इस फसल को तैयार किया था। कटाई से ठीक पहले हुई इस घटना ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि उनकी आंखों के सामने उनकी मेहनत जलती रही और वे कुछ नहीं कर सके। इस नुकसान से उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि चौधरी खेड़ा स्थित एफसीआई पावर हाउस से जुड़ी बिजली लाइन की लंबे समय से सही देखरेख नहीं की जा रही थी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। घटना के बाद से पीड़ित किसान गहरे सदमें में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का सही आकलन कर किसानों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि वे अपने नुकसान की भरपाई कर सकें।



सोमवार को लखनऊ में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने सीएम योगी से मुलाक़ात की।

# कैफी आज़मी अकादमी में छात्राओं का शैक्षिक संवाद

- मातृभाषा के महत्व पर शिक्षाविदों का जोर
- लड़कियों की शिक्षा और रोजगार पर दिया गया विशेष बल
- करियर और समानता पर छात्राओं ने पूछे सवाल
- हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी ज्ञान को बताया जरूरी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रोफेसर रेशमा परवीन के मार्गदर्शन में खुन-खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग की छात्राओं ने कैफी आज़मी अकादमी, लखनऊ में दिल्ली विश्वविद्यालय से पधारे प्रोफेसर खालिद अशरफ और पटना से आए अली इमाम खान से मुलाकात की।

इस अवसर पर दोनों शिक्षाविदों ने छात्राओं द्वारा शिक्षा संबंधी समस्याओं और उर्दू साहित्य पर पूछे गए प्रश्नों के विस्तार से उत्तर दिए। उन्होंने वर्तमान समय में मातृभाषा के महत्व और उसकी आवश्यकता पर विशेष बल देते हुए छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। साथ ही मातृभाषा के साथ हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी को भी अनिवार्य बताया।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में लड़कियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ रोजगार भी अत्यंत आवश्यक है, तभी उनकी व्यक्तित्व में निखार आएगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। केवल विवाह ही समस्याओं का समाधान नहीं है।

विवाह महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे पहले लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने और अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिलना चाहिए। तभी वे एक बेहतर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

इस दौरान छात्राओं ने अपने करियर और समाज में समानता से जुड़े कई सवाल भी किए। अंत में प्रोफेसर रेशमा परवीन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पीएनबी ने मनाया 132 वां स्थापना दिवस, लॉच किए 22 नए उत्पाद



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के सबसे भरोसेमंद वित्तीय संस्थानों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने अपना 132 वां स्थापना दिवस मनाया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम लचीलेपन, भरोसे और राष्ट्र निर्माण की एक सदी से अधिक की अवधि का प्रतीक है, जो भारत की आर्थिक प्रगति को गति देने में पीएनबी की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करता है। पंजाब नैशनल बैंक के एमडी एवं सीईओ, अशोक चंद्र ने पीएनबी परिवार को उनके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक बधाई दी, जिसने बैंक की इस उल्लेखनीय यात्रा को आकार दिया है। इस उत्सव में पीएनबी की समृद्ध विरासत और भविष्य के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ नेतृत्व, कर्मचारी और हितधारक एक साथ आए।

इस कार्यक्रम की गरिमा मुख्य अतिथि एम. नागराजू, सचिव, डीएफएस, हरि हर मिश्रा, अपर सचिव, डीएफएस व डीएफएस, आरबीआई और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने बढ़ाई।

1 लाख करोड़ की डिजिटल स्वीकृतिः अपनी बढ़ती डिजिटल ऋण क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए पीएनबी ने इस ऐतिहासिक आंकड़े को प्राप्त करने की घोषणा की। यह उपलब्धि तेज और तकनीक-सक्षम क्रेडिट समाधानों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

**22 नए उत्पादों और पहलों की शुरूआतः** इसके अंतर्गत रिटेल बैंकिंग, एमएसएमई और कृषि वित्तपोषण, डिजिटल सेवाएं, कर्मचारी क्षमता विकास, और सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित समाधान शामिल हैं। मुख्य अतिथि एम. नागराजू, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग, ने कहाः 'मैं लाला लाजपत राय की दूरदर्शी विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिनके आदर्श आज भी पंजाब नेशनल बैंक का मार्गदर्शन करते हैं। जैसे-जैसे बैंक अपने 132 वर्ष पूरे कर रहा है, इसकी यात्रा–20,000 की एक छोटी सी शुरुआत से लेकर लगभग 30 लाख करोड़ के वैश्विक कारोबार तक–आधुनिक भारत के विकास को ही दर्शाती है। बैंक का मज़बूत प्रदर्शन एक ऐसी संस्था को दिखाता है जो एक उद्देश्य और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है, और सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग में इसके सार्थक योगदान की सराहना की जानी चाहिए। जैसे-जैसे भारत अपने विकास लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ रहा है, पीएनबी जैसे बैंक इस यात्रा में केवल भागीदार ही नहीं हैं, बल्कि वे इसे संभव बनाने वाले भी हैं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन, उपकेंद्र का किया घेराव



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में सोमवार को महिलाओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। करीब सौ से अधिक महिलाओं ने काकोरी बिजली उपकेंद्र का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक उपकेंद्र परिसर में हंगामे जैसी स्थिति बनी रही।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे घर का बजट बिगड़ गया है। उनका कहना है कि पहले जहां सामान्य बिल आता था, अब कई गुना ज्यादा राशि आ रही है, जिसे भर पाना मुश्किल हो रहा है। महिलाओं ने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर दोबारा लगाए जाने की मांग उठाई।

मौके पर मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन महिलाएं अपनी मांगों पर अड़ी रहीं। स्थिति को देखते हुए आसपास के लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई।

सूचना मिलने पर काकोरी नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू उपकेंद्र पहुंचे और नाराज महिलाओं से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का समाधान सात दिनों के भीतर कराया जाएगा।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती की दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश व प्रदेशवासियों को भारत रत्न, बाबा साहब, डा0 भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देश व प्रदेश वासियों को अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी हैं।

# राजाजीपुरम में भव्य फ्री मेडिकल कैंप, मीडिया कर्मियों को समर्पित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित सिद्धार्थ नगर हरिजन बस्ती में आज एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष कैंप मीडिया कर्मियों को समर्पित रहा, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाइयों का लाभ उठाया।

इस जनहितकारी पहल का आयोजन MSG Foundation की ओर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवपाल सांवरिया उपस्थित रहे, जिन्होंने कैंप का निरीक्षण किया और इस तरह के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना बेहद जरूरी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता आनंद राय भी मौजूद रहे। फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम और फाउंडर मोहम्मद सादिक की देखरेख में आयोजित इस कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श और निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। डॉक्टर टीम में शामिल रहे। डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. अकमल खान, डॉ. शादाब खान, डॉ. साद, डॉ. मोहम्मद जमशेद, डॉ. मोहम्मद अबूजर, डॉ. जुबिया, आइशा, डॉ. तमजीद आरिफ मौजूद रहे। वहीं, फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख रूप से सैयद ज़ामीन रज़ा, कुलसूम रिज़वी, फलक ज़हरा, शाजिया सलीम, बतूल रिज़वी मौजूद रही। कैंप के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, साफ-सफाई, पोषण और नियमित जांच की अहमियत के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, गंभीर मरीजों को आगे के इलाज के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया गया।

इस कार्यक्रम में पत्रकार विभांशु मणि त्रिपाठी (आईएनएस) मोहम्मद कलीम (एएनआई) फरीदुल हसन (दैनिक भास्कर) को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी डॉक्टरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य लगातार जारी रखने का संकल्प लिया।

# शांति, समता व भाईचारा-भगवान बुद्ध का संदेश : केशव प्रसाद मौर्य

- बौद्ध भिक्षुओं के शान्ति मार्च का केशव प्रसाद मौर्य ने किया अभिनंदन
- बुद्ध का मार्ग ही विश्व का समाधान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व शांति के पावन संदेश के साथ बौद्ध भिक्षुओं एवं पूज्य भन्तेगणों द्वारा राजधानी लखनऊ में एक भव्य शांति मार्च का आयोजन किया गया। यह शांति मार्च डॉ. अम्बेडकर महासभा कार्यालय, विधानसभा मार्ग से प्रारंभ होकर हजरतगंज चौराहा होते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कैम्प कार्यालय, 7- कालिदास मार्ग तक निकाला गया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर पधारे पूज्य भन्तेगणों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी भिक्षुओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के इस पुनीत प्रयास की सराहना की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शाश्वत सत्य है कि शांति का एकमात्र मार्ग 'बुद्धम् शरणम् गच्छामि' है। उन्होंने कहा कि भारत की महान परंपरा सदैव शांति, समता और मानवता की रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कही गई यह बात कि 'भारत ने दुनिया को बुद्ध दिया है, युद्ध नहीं' आज के वैश्विक परिदृश्य में और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के अनेक देश युद्ध और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मानवता के लिए आशा और मार्गदर्शन का आधार बन रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विश्व एक परिवार है और शांति हमारा सबसे बड़ा अस्त्र है।' उप मुख्यमंत्री ने सम्राट अशोक महान के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विश्वभर में फैलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर उन्हें प्रतिनिधिमंडल के साथ भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों को रूस के काल्मिकिया ले जाने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अपनी गहरी आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा 'विरासत और विकास' को साथ लेकर कार्य किया जा रहा है।

## जन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। कई प्रकरणों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान ऐसा होना चाहिए जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि 'जन समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में जवाबदेही तय की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराया जा सके। जनता दर्शन में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, सड़क एवं विद्युत समस्याएं, दुर्घटनाओं से संबंधित मामले, आवास आवंटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए। उप मुख्यमंत्री ने इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता देते हुए उनके प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।